मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम



#savegajraj#saveelephant

वर्ष : 3 अंक: 190 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

रविवार, 6 मार्च 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## भारतीय अब अमेरिका के गंभीर दबाव में हैं, यह एक गलत और बेकार तरीका है: रूसी राजदूत

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा कि मॉस्को ने भारत की स्वतंत्र विदेश नीति और अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में इसके प्रभाव का स्वागत किया है।

भारत के साथ संबंधों पर बात करते हुए, अलीपोव ने कहा, 'प्रधानमंत्री और भारतीय नेतृत्व अंतरराष्ट्रीय मामलों में राज्य की लगातार स्वतंत्र नीति को पूरा करते हैं। हमने बार-बार कहा है कि हमने भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का स्वागत किया है और इसकी भूमिका को मजबूत किया है। हमने भारत पर कभी कोई दबाव नहीं डाला और कोई शर्त नहीं रखी। भारतीय अब संयुक्त राज्य अमेरिका के गंभीर दबाव में हैं। मुझे लगता है कि यह एक गलत और बेकार तरीका है।'

रूसी दूत ने रूस-यूक्रेन संघर्ष पर चल रहे भारतीय विदेश नीति के रुख की सराहना की। भारत-रूस संबंधों पर टिप्पणी करते हुए, अलीपोव कहते हैं, 'भारत के हित पहले स्थान पर हैं। दोनों देशों के हित रणनीतिक प्रकृति के हैं। हमारे संबंध दो देशों के हित में विकसित हो रहे हैं।'



यूक्रेन में फंसे भारतीयों की वहां से निकासी के मुद्दे पर भारत में रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा कि रूस ने सैंकड़ों बसें उपलब्ध कराई हैं और भारतीयों को बाहर निकलने का इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा है कि जिन क्षेत्रों में भारतीय है उनमें लड़ाई के कारण रूसी समूह पहुंच नहीं पा रहे हैं।

डेनिस अलीपोव ने कहा, 'सवाल नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का है क्योंकि रूसी पक्ष की इन क्षेत्रों तक पहुंच नहीं है। हमारी बसें इन जगहों के करीब हैं लेकिन वहां नहीं हैं। हमें भारतीयों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करनी होगी।'

रूस के राजदूत ने मीडिया से कहा, 'पूर्वोत्तर यूक्रेन में भारतीयों पर फोकस है। हमारे विशेष समूह जो भारतीयों को रूसी इलाके में ले जाएंगे, उन क्षेत्रों में लड़ाई के कारण भारतीयों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं; उन्हें वहां से लाने का कोई उपाय नहीं है। उन जगहों पर मिलना होगा जिन पर हमला नहीं हुआ है।' उन्होंने कहा कि इस मुद्दे से निपटने और रूसी पक्ष के साथ कार्रवाई का समन्वय करने के लिए भारतीय दूतावास से राजनयिकों के एक समूह को बेलगॉरॉड भेजा गया है। डेनिस अलीपोव ने कहा कि यूक्रेन-रूस संकट का रूस-भारत संबंधों सहित पूरी दुनिया पर प्रभाव पड़ेगा, यह किस हद तक परिलक्षित होगा, यह अभी नहीं कहा जा सकता।

इससे पहले रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने आरोप लगाया कि यूक्रेन की सेना ने रूस को विदेशी छात्रों को खार्कोव/खारकीव से निकालने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि रूसी सेना खार्कोव से विदेशी छात्रों को निकालने में मदद करने के लिए तैयार थी, लेकिन यूक्रेनी पक्ष ने ऐसा करने से रोक दिया था।

## उत्तरप्रदेश में प्रचंड बहुमत आ रहा है: शाह



नई दिल्ली, एजेंसी। भाजपा के स्टार प्रचारक और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि उत्तरप्रदेश में भाजपा का प्रचंड बहुमत आ रहा है। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन पार्टियों के दिमाग में नहीं है, बस पत्रकारों के ही दिमाग में ये बात है।

अमित शाह ने कहा कि बूथ स्तर से लेकर प्रधानमंत्री और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष तक सभी कार्यकर्ता एक ही लय और गति के साथ एक ही दिशा में अलग अलग माध्यम से जनसंपर्क करते हैं। कोरोना की तीसरी लहर का असर कम होने पर 5 राज्यों में प्रचार में तेजी आई। गरीब कल्याण की कई योजनाओं का लाभ लोगों को मिला है। 4 राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाया है।

चुनाव नतीजों पर शाह ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता चरम पर है। हम 4 राज्यों में दोबारा सरकार में आएंगे। यूपी में कानून व्यवस्था में सुधार आया है। इसका सकारात्मक असर चुनाव में दिखा है। यूपी में दोबारा बीजेपी सरकार बनाएगी। उत्तराखंड में वन रैंक वन पेंशन का फायदा मिलेगा। बीजेपी ने जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टिकरण से अलग पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस के आधार पर चुनाव लड़ा है।

उन्होंने कहा कि पंजाब में पंचकोणीय मुकाबला है। मैं 2014, 2017 और 2019 चुनाव में उत्तर प्रदेश में रहा हूं। इस बार भी रहा हूं।

वहीं बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को दावा किया कि जिन 4 चुनावी राज्यों में बीजेपी सत्ता में थी, वहां वो दोबारा सरकार बनाएगी। पांच राज्यों- उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर, गोवा और पंजाब- में हुए विधानसभा चुनावों के परिणाम 10 मार्च को घोषित होंगे। पंजाब को छोड़कर बाकी 4 राज्यों में फिलहाल बीजेपी की सरकार है।

नड्डा ने कहा कि पार्टी ने कोरोना के सारे नियमों को मानते हुए अच्छा और सक्षम प्रचार किया। बीजेपी 4 राज्यों में जहां सत्ता में थी, वहां दोबारा बीजेपी आएगी। प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं का फायदा गरीब, वंचित लोगों को मिला है। उसका फायदा वोट के तौर पर मिलेगा।

पंजाब को लेकर भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पंजाब में कैप्टन अमरिंदर सिंह और ढ़िंढसा साहब के साथ चुनाव में गए हैं। अपेक्षा से अधिक परिणाम पंजाब में आएंगे। पंजाब में पहली बार 65 सीटों पर बीजेपी ने चुनाव लड़ा है। शिरोमणि अकाली दल हमें छोड़कर गए थे, हमने उन्हें नहीं छोड़ा था। आज हम शहर के अलावा गांवों में भी है

यूपी चुनाव को लेकर नड्डा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कांटे की कोई टक्कर नहीं है। बीजेपी से अन्य पार्टियां ज्वाइन करने वाले नेताओं पर उन्होंने कहा कि अब जो उनके (विपक्षी पार्टियों के) साथ आए हैं वो सीमित इलाके के नेता हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दंगों से संबंधित मनी लांड्रिंग के मामले में आप के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन की जमानत अर्जी खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की एक अदालत ने फरवरी 2020 में उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों से संबंधित मनी लांड्रिंग के मामले में आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन की जमानत अर्जी शनिवार को खारिज कर दी। अतिरिक्त सेशन जज ने जमानत अर्जी खारिज करते हुए कहा कि आरोपी को राहत देने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है। अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के विशेष लोक अभियोजक की दलीलों को स्वीकार किया कि आरोपी के खिलाफ रिकॉर्ड पर पर्याप्त सामग्री है और उनके खिलाफ धनशोधन का मामला बनता है। अभियोजक ने यह भी दलील दी कि आरोपी के दंगों के लिए फंडिंग में शामिल होने के संबंध में पर्याप्त सबूत और गवाह हैं। आरोपी ने अन्य आरोपियों को दंगा करने और हथियार खरीदने के लिए पैसे दिए। बचाव पक्ष के वकील ने जमानत अर्जी में दावा किया था कि उनके मुवक्किल के खिलाफ धनशोधन का कोई मामला नहीं बनता है। उन्होंने दलील दी कि ईडी के मामले का आधार फर्जी चालान पर 1.5 करोड़ रुपये का कथित लेनदेन था। उन्होंने दलील दी थी कि उनके मुवक्किल के खिलाफ फर्जी चालान के जरिए लेनदेन के लिए केवल जीएसटी का मामला बनता है। ईडी ने दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज एक मामले के आधार पर हुसैन और अन्य के खिलाफ धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज की थी। ताहिर हुसैन फरवरी 2020 में हुए दंगों से जुड़े मामले में मुख्य आरोपियों में से एक है।

### अपनी गाड़ी का टैंक फुल करवा लेना क्योंकि मोदी सरकार का 'चुनावी ऑफर' खत्म होने जा रहा है - राहुल



नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि जनता को अपनी गाड़ी का टैंक फुल करवा लेना चाहिए, क्योंकि मोदी सरकार का 'चुनावी ऑफर' खत्म होने जा रहा है। राहुल ने एक ट्वीट के माध्यम से सरकार पर यह कटाक्ष किया। कांग्रेस का दावा है कि उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की वजह से पिछले कुछ सप्ताह से पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़े हैं और चुनाव पूरे होने के बाद इसमें बढ़ोतरी होगी।

## घोर परिवारवादियों की कोरी घोषणाएं, जो कभी पूरी नहीं होगी: मोदी




वाराणसी, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए वाराणसी में विशाल जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में विपक्ष पर जबरदस्त तरीके से हमलाकर लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस चुनाव में मेरी ये आखिरी सभा है। उत्तरप्रदेश ने दशकों से शायद ऐसा चुनाव नहीं देखा होगा। ऐसा चुनाव जब सरकार अपने काम पर, अपनी ईमानदार छवि पर, भेदभाव और पक्षपात रहित विकास पर और सुधरी हुई कानून व्यवस्था के दम पर जनता-जनार्दन का आशीर्वाद मांग रही हो। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोग, यूपी को गुंडागर्दी, मनचले, माफिया, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, अवैध कब्जे देने वाली घोर परिवारवादियों को पूरी तरह नकार चुके हैं।

मोदी ने कहा कि आज एक तरफ डबल इंजन का डबल बेनिफिट है, जिसका लाभ यूपीवासी उठा रहा है। दूसरी तरफ घोर परिवारवादियों की कोरी घोषणाएं हैं, जो कभी पूरी हो ही नहीं सकती हैं। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का ये तीसरा दशक पूरी दुनिया के लिए नई चुनौतियां, अभूतपूर्व संकट लेकर आया है। लेकिन भारत ने तय किया है कि इस अभूतपूर्व संकट और चुनौतियों को हम अवसर में बदलने वाले हैं। ये संकल्प सिर्फ मेरा नहीं है, ये हिंदुस्तान के 130 करोड़ नागरिकों का है, आप सभी का है। हमारे गांवों की एक शक्ति ये भी है, कि जब संकट आता है, तब हर काई गिले शिकवे भुलाकर एकजुट हो जाता है। लेकिन देश के सामने कोई चुनौती आती है, तब ये घोर परिवारवादी इसमें भी राजनीतिक हित ढूंढते रहते हैं।

सांसद मोदी ने कहा कि ये हमने कोरोना के दौरान भी देखा और आज यूक्रेन संकट के दौरान भी हम ये ही अनुभव कर रहे हैं। अंधविरोध, निरंतर विरोध, घोर निराशा, नकारात्मकता यहीं इनकी राजनीतिक विचारधारा बन चुकी है। उन्होंने कहा कि भारत दो साल से 80 करोड़ से अधिक गरीब, दलित, पिछड़े, आदिवासी परिवारजनों को मुफ्त राशन उपलब्ध करा रहा है। इस काम को देखकर पूरी दुनिया हैरान है। मुझे खुशी है कि मेरा गरीब खुश है, मेरी गरीब मां मुझे आशीर्वाद दे रही है। हमने स्वच्छ भारत मिशन शुरू किया, 10 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाए। इससे गांव के गरीब, दलित, पिछड़े परिवार की बहनों को सबसे अधिक हुआ। ये महलों में रहने वालों को पता नहीं है, अगर घर में शौचालय नहीं है, तब एक गरीब मां कितनी तकलीफ उठाती है उन्हें पता नहीं है।

## यूक्रेन पर रुसी हमला, पूरे यूरोप और वैश्विक शांति पर हमला : बाइडन



वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि यूक्रेन पर रुसी हमला महज एक देश पर हमला नहीं है, बल्कि यह यूरोप और वैश्विक शांति पर हमला है। बाइडन ने पूर्वी यूरोपीय देश के खिलाफ रूस की आक्रामकता बढ़ने के बीच उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगी देशों की सुरक्षा के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता रेखांकित की। फिनलैंड के राष्ट्रपति साउली निनिस्तो के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान बाइडन ने कहा कि दोनों देश कुछ वक्त से लगातार संपर्क में हैं। राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि नाटो में साथ मिलकर रूसियों के खिलाफ प्रतिक्रिया दी है और यूक्रेन के खिलाफ अकारण तथा गैर उकसावे वाले आक्रमण के लिए रूस की जवाबदेही तय कर रहे हैं।

बाइडन ने कहा, और हम सहमत हैं कि यह सिर्फ यूक्रेन पर हमला नहीं है, बल्कि यूरोप की सुरक्षा और वैश्विक शांति तथा स्थिरता पर भी हमला है। बाइडन और निनिस्तो ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और उत्तरी यूरोप में रक्षा सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों देशों के राष्ट्रपतियों ने नाटो की ह्यओपन डोर नीतिह्न के महत्व पर भी चर्चा की। इसके अलावा, उन्होंने ऊर्जा सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयासों पर भी चर्चा की। इसके पहले दिन में बाइडन ने पोलैंड के राष्ट्रपति एंद्रेज डुडा से बातचीत कर रूस के हमले के खिलाफ देशों की कार्रवाई पर भी बातचीत की। व्हाइट हाउस ने कहा, 'बाइडन ने पोलैंड की सुरक्षा और सभी नाटो सहयोगियों की रक्षा की अमेरिका की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।'

बयान में कहा गया कि उन्होंने नाटो के खिलाफ रूस के किसी भी हमले को रोकने और गठबंधन की मजबूती के लिए 9,000 अमेरिकी सैनिकों की तैनाती के लिए पोलैंड की साझेदारी का आभार जताया, जिसमें हाल के हफ्तों में वहां तैनात किए गए 4,700 अतिरिक्त जवान शामिल हैं।

## अलकायदा से जुड़े जेहादी समूह से संबंध रखने के आरोप में पांच गिरफ्तार



गुवाहाटी, एजेंसी। बांग्लादेश स्थित जेहादी समूह से संबंध रखने के आरोप में पांच बांग्लादेशी नागरिकों को बारपेटा जिले से गिरफ्तार किया गया है। बताया जाता हैं कि जेहादी समूह भारतीय उपमहाद्वीप में अलकायदा (एक्यूआईएस) से जुड़ा हुआ है। पुलिस महानिदेशक भास्कर ज्योति महंत ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। महंत ने कहा कि राज्य पुलिस की विशेष शाखा द्वारा साझा की गई खुफिया रिपोर्ट के आधार पर, बारपेटा पुलिस ने हाउली और कलगछिया पुलिस थाना क्षेत्रों से पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद सुमान उर्फ सैफुल इस्लामने बारपेटा को एक्यूआईएस की जेहादी गतिविधियों का अड्डा बनाने के लिए चार अन्य लोगों को प्रेरित किया था। डीजीपी ने कहा कि उनके कब्जे से दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए हैं।

## मणिपुर में दूसरे और अंतिम चरण में शाम पांच बजे तक 78.03 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया

इम्फाल, एजेंसी। चुनाव आयोग के मुताबिक मणिपुर में दूसरे और अंतिम चरण में शाम पांच बजे तक 78.03 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है।

पुलिस ने बताया कि सेनापति जिले के करोंग विधानसभा क्षेत्र के नगामजू मतदान केंद्र पर तैनात सुरक्षा बलों ने कथित तौर पर दो लोगों पर गोलियां चलाईं, जिससे कुछ स्थानों पर हिंसा के कारण मतदान प्रभावित हुआ। बीजेपी उम्मीदवार के चुनाव एजेंट ने मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी के पास दर्ज शिकायत दर्ज कराकर घटना की मजिस्ट्रेट जांच की मांग की।

निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगामजू मतदान केंद्र पर मतदान रोक दिया गया। पुलिस ने कहा कि दूसरे चरण का मतदान शुरू होने से कुछ घंटे पहले मणिपुर के कुछ स्थानों पर हिंसा भी भड़क उठी, क्योंकि कांग्रेस के एक कार्यकर्ता ने कथित तौर पर बीजेपी समर्थक को गोली मार दी, जबकि बीजेपी के एक निष्कासित नेता के आवास के बाहर देसी बम फटने की घटना भी सामने आई।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि 25 वर्षीय एल। अमुबा सिंह ने शनिवार तड़के गोली लगने के बाद एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने कहा कि इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल इलाके में शुक्रवार रात अज्ञात बदमाशों ने बीजेपी से निष्कासित नेता सीएच बिजॉय के आवास पर एक देसी बम फेंका। उन्होंने बताया कि दोपहिया वाहन पर आए दो नकाबपोश व्यक्तियों द्वारा किए गए विस्फोट में कोई घायल नहीं हुआ।

शुरूआती मतदाताओं में कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री ओ। इबोबी सिंह ने थौबल जिले में अपना वोट डाला। मतदान करने के बाद इबोबी सिंह ने कहा, ह्लकांग्रेस निश्चित रूप से पूर्ण बहुमत के साथ जीत हासिल करेगी, लेकिन अगर हमें बहुमत के लिए आवश्यक सीटों से एक या दो सीटें कम मिलती हैं, तो पार्टी गठबंधन के लिए तैयार है।ह्व

अंतिम चरण में 22 सीटों पर कुल 92 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें भारतीय जनता पार्टी के 12, कांग्रेस के 18, नेशनल पीपुल्स पार्टी के 11, जनता दल यूनाइटेड और नगा पीपुल्स फ्रंट के दस-दस उम्मीदवार शामिल हैं।

## जून में कोरोना की चौथी लहर के पूवार्नुमान को विशेषज्ञों ने बताया कोरा कयास



नई दिल्ली, एजेंसी। महामारी कोरोना के प्रकोप से बेहाल दुनिया के कई वैज्ञानिकों का कहना है कि पूवार्नुमान मॉडल अल्पकालीन पूवार्नुमान के लिए ही अच्छा है और आईआईटी कानपुर के अध्ययन में जून में कोविड-19 महामारी की चौथी लहर आने का पूवार्नुमान ह्यआंकड़ा ज्योतिषह्ल और कयास हो सकता है। कोविड-19 के मामलों में अगले तीन महीने में एक बार फिर तेजी अने की आशंका को दूर करते हुए उन्होंने रेखांकित किया कि भारत में अधिकतर लोगों को टीके की दो खुराक लग चुकी है और एक बार वे प्राकृतिक रूप से संक्रमित हो चुके हैं। इसलिए अगर लहर आती भी है तो अस्पताल में भर्ती होने और मौतों के संदर्भ में नतीजे प्रबंध करने योग्य होंगे, बशर्ते वायरस का कोई नया स्वरूप न आ जाए। चेन्नई स्थित गणितीय विज्ञान संस्थान (आईएमएससी) के प्रोफेसर सिताभरा सिन्हा ने कहा, ह्यउपचाराधीन मरीजों की संख्या तेजी से कम हो रही है और मौजूदा परिपाटी को देखकर हम निश्चित तौर पर भविष्य में नई लहर आने के बारे में नहीं कह सकते हैं।ह्ल

उल्लेखनीय है कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के नवीनतम मॉडल अध्ययन में कहा गया था कि संभव है कि कोविड-19 महामारी की चौथी लहर 22 जून से शुरू होकर अगस्त के मध्य तक रह सकती है। आईआईटी कानपुर के शोधकर्ता एस। प्रसाद राजेश भाई, शुभ्र शंकर धर और शलभ द्वारा किए अध्ययन में रेखांकित किया गया है कि संभव है कि वायरस के नये स्वरूप का व्यापक असर होगा। भारत में कोविड-19 के मामलों पर महामारी शुरू होने के बाद से ही नजर रख रहे गौतम मेनन ने कहा, ह्यबताया गया समय ही अपने आप में संदिग्ध है।ह्ल

हरियाणास्थित अशोकाविश्वविद्यालय में भौतिक शास्त्र और जीवविज्ञान विभाग के प्रोफेसर मेनन ने कहा, ह्यमैं ऐसे किसी पूवार्नुमान पर भरोसा नहीं करता, खासतौर पर जब तारीख और समय बताया गया हो।ह्ल उन्होंने कहा, ह्यहम भविष्य के बारे में कोई पूवार्नुमान नहीं लगा सकते हैं, क्योंकि संभावित रूप से आने वाला नया स्वरूप अज्ञात है। हम हालांकि, सतर्क रह सकते हैं और आंकड़ों को तेजी से एकत्र कर सकते हैं ताकि प्रभावी और तेजी से कार्रवाई की जा सके।ह्ल स्वास्थ्य विशेषज्ञ भ्रमर मुखर्जी ने भी इस पर सहमति जताते हुए कहा कि आईआईटी कानपुर द्वारा लगाया गया पूवार्नुमान आंकड़ा ज्योतिष है न कि आंकड़ा विज्ञान।

अमेरिका के मिशिगन विश्वविद्यालय में वैश्विक स्वास्थ्य के प्रोफेसर मुखर्जी ने कहा, ह्यमैं पूवार्नुमान पर विश्वास नहीं करता। मेरे अनुभव के मुताबिक पूवार्नुमान मॉडल अल्पकालिक यानी अगले दो-चार हफ्ते के पूवार्नुमान के लिए अच्छा है। लंबे समय के लिए यह भरोसेमंद नहीं है। क्या कोई दिवाली के समय ओमिक्रोन का पूवार्नुमान लगा सकता था? हमें अतीत के आधार पर ज्ञान के प्रति कुछ विनम्रता रखनी चाहिए।ह्ल महामारी विशेषज्ञ और वाशिंगटन और नयी दिल्ली स्थित सेंटर फॉर डीसीज डायनेमिक्स, इकोनॉमिक्स एंड पॉलिसी के निदेशक रमणन लक्ष्मीनारायण का रुख है कि संभव है कि नई छोटी लहरें आ सकती हैं कि लेकिन आईआईटी कानपुर का पूवार्नुमान स्पष्ट नहीं है।

## नवाब मलिक की गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित है - शरद पवार

पुणे, एजेंसी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक की गिरफ्तारी को राजनीति से प्रेरित बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुसलमान होने के कारण नवाब मलिक का नाम अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जोड़ा जा रहा है। पवार ने मलिक के इस्तीफे की विपक्ष की मांग भी खारिज कर दी।

राकांपा नेता मलिक को दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 23 फरवरी को गिरफ्तार किया था। राकांपा प्रमुख ने कहा, ह्यह्यमलिक की गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित है। उनका नाम दाऊद इब्राहिम से इसलिए जोड़ा जा रहा है क्योंकि वह मुसलमान हैं। मलिक और उनके परिवार के सदस्यों को जानबूझ कर परेशान किया जा रहा है, लेकिन हम इसके खिलाफ लड़ेंगे।ह्लह्ल

राज्य में विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी द्वारा मलिक का इस्तीफा मांगे जाने के प्रश्न पर पवार ने कहा कि मलिक और केन्द्रीय मंत्री नारायण राणे पर अलग-अलग मानदंड अपनाए जा रहे हैं। गौरतलब है कि राणे भारतीय जनता पार्टी के नेता हैं। पवार ने कहा, ह्यह्यमुझे याद नहीं आता कि हमारे (कांग्रेस) पूर्व पार्टी कार्यकर्ता नारायण राणे को हाल में गिरफ्तारी के बाद इस्तीफा देना पड़ा हो। प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) कल पुणे आ रहे हैं। वह इस पर ज्यादा जानकारी दे सकते हैं। राणे के लिए अलग मानदंड और मलिक के लिए अलग मानदंड दिखाता है कि यह राजनीति से प्रेरित है।ह्लह्ल

पवार ने महाराष्ट्र के राज्यपाल बी। एस। कोश्यारी पर भी निशाना साधा। राज्यपाल ने महाराष्ट्र मंत्रिमंडल द्वारा एक वर्ष पहले उन्हें भेजे गए विधान परिषद के 12 सदस्यों के नामों को मंजूरी नहीं दी। उन्होंने कहा, ह्यह्यमहाराष्ट्र के पास पी.सी. एलेक्जेंडर जैसे राज्यपाल की विरासत है। मुझे इस पर बात नहीं करनी चाहिए कि वर्तमान राज्यपाल क्या कर रहे हैं।

# भाजपा के भ्रष्टाचार और केजरीवाल के झूठे व खोखले वायदों ने दिल्ली को निचले पायदान पर लाकर खड़ा कर दिया है : चौ. अनिल कुमार

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस डिजीटल सदस्यता अभियान को लेकर और दिल्ली में निगम चुनावों की तैयारी के लिए जिला कांग्रेस कमेटियों में कार्यकर्ता सम्मेलनों की शुरूआत दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार के नेतृत्व आज करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी में ओम वाटिका, 100 फुटा रोड़, बुराड़ी से हुई। आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी में भी एक अन्य कार्यकर्ता सम्मेलन रिंग रोड़, ब्रिटानिया चौक, दादा देवता मंदिर पर आयोजित किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलनों में हजारों कांग्रेस एन्रोलरों सहित कार्यकताओं, क्षेत्रीय निवासियों सहित महिलाऐं भी बड़ी संख्या में शामिल हुईं। कार्यकर्ता सम्मेलनों का आयोजन जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज और मनोज यादव ने किया। कार्यकर्ता सम्मेलनों में जबरदस्त उत्साह था। प्रदेश अध्यक्ष ने मौजूद कार्यकताओं से डिजिटल सदस्य अधिक से अधिक बनाने की अपील की।

करावल नगर और आदर्श नगर जिला कार्यकर्ता सम्मेलनों में प्रदेश अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार, पीआरओ एवं पूर्व सांसद पूनम प्रभाकर, पूर्व सांसद जे.पी. अग्रवाल, जगदीश टाईटलर, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री मंगतराम सिंघल, कम्युनिकेशन विभाग के चैयरमेन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष अमृता धवन, पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता, जय किशन, शीशपाल प्रदेश उपाध्यक्ष मुदित अग्रवाल, अली मेंहदी, कमलकांत शर्मा, जिला कॉर्डिनेटर हर्ष चौधरी, शांति स्वरुप, ब्लाक अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल और एनएसयूआई के कार्यकर्ता भी भारी संख्या में मौजूद थे।

कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए चौ. अनिल कुमार ने कहा कि 7 वर्षों के केजरीवाल के विफल शासन और 15 वर्षो से निगम में शासित भाजपा के भ्रष्टाचार से दिल्ली के लोग अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे है तथा निगम चुनावों में कांग्रेस को विकल्प मानकर बदलाव चाहते है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस डिजिटल सदस्यों की बढ़ती संख्या दिल्ली में बदलाव के लिए कांग्रेस की जमीन तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने अपने निहित स्वार्थ के लिए हर गली मौहल्ले, चौराहे और कौने-कौने पर शराब की दुकाने खोलकर दिल्ली को नशे की राजधानी बना दिया। लगातार झूठ बोलने वाले केजरीवाल ने दिल्ली में रोजगार देने की जगह सिर्फ खोखली घोषणाएं की है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल और निगम शासित भाजपा को सत्ता छोड़ने का आभास हो गया है क्योंकि केजरीवाल बिना विचार किए प्रतिदिन नई-नई घोषणाऐं कर रहे है जबकि दिल्ली भाजपा ने दिल्ली के विकास को छोड़ अपनी राजनीति धर्म पर केन्द्रित कर दी है।

चौ. अनिल कुमार ने कहा कि लोगों को रोजगार देने का वादा करके सत्ता में आऐ केजरीवाल ने 7 वर्षों के शासन में दिल्ली के लोगों को बेरोजगारी दर में सबसे निचले स्तर पर लाकर खड़ा कर दिया है और इनके गैर जिम्मेदाराना रवैये के कारण कोविड से प्रभावित दिल्लीवासियों की अनियंत्रित मंहगाई ने कमर तोड़ कर रख दी है। आज सत्ता परिवर्तन और अपने नियमन व समय पर वेतन की मांग को लेकर लगभग 60-70 हजार कर्मचारी दिल्ली की सड़कों पर हड़ताल करके अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी और भाजपा दोनो एक ही सिक्के के दो पहलू है। जहां एक ओर आगनबाड़ी कर्मचारी, गेस्ट टीचर, वोकेशनल टीचर समान काम समान वेतन की मांग को लेकर आंदोलन करने को मजबूर है वहीं भाजपा शासित निगम के शिक्षकों, डाक्टरों नर्सों, पेरा मेडिकल स्टॉफ सहित सफाई कर्मचारियों को नियमित करने और समय पर वेतन, भत्ता और पेन्शन भुगतान तुरंत जारी करने के लिए उच्च न्यायालय ने तीनों निगमों को चेतावनी देते हुए नियमित भुगतान का स्थाई समाधान निकालने के लिए कारगर कदम उठाने को कहा है। उन्होंने कहा कि 15 वर्षों से निगमों में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण सफाई कर्मचारी समय पर वेतन नही मिलने के कारण लगातार हड़ताल करते रहे है।

चौ. अनिल कुमार ने कहा कि आम आदमी पार्टी और भाजपा की दिल्लीवासियों के प्रति नकारात्मक सोच के कारण राजधानी का विकास पूरी तरह ठप्प पड़ा है और दिल्ली बदहाल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान का नारा देने वाली भाजपा के भ्रष्ट तीनों निगमों के कारण राजधानी में गंदगी का अड्डा बन चुकी है। प्रत्येक वर्ष देश के शहरों में स्वच्छता सर्वेक्षण -2021 में इस वर्ष 48 शहरों में हुए स्वच्छता सर्वेक्षण में भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम सबसे निचले पायदान पर रही, जो प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छता अभियान की पोल खोलता है। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली के लोग भाजपा के भ्रष्टाचार और आम आदमी पार्टी स्वार्थ व झूठे वायदों की सरकार को नकार कर कांग्रेस की ओर देख रहे है, क्योंकि कांग्रेस की 15 वर्षों की दिल्ली सरकार ने राजधानी में अभूतपूर्व विकास किया था, दिल्लीवासी कांग्रेस शासन को दोहराना चाहते है।

# सीमित संसाधनों के बाद भी निगम दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रहे है-आदेश गुप्ता



नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि निगम ने सीमित संसाधनों के बावजूद जिस जागरुकता और तत्परता के साथ काम किया है, वह अपने आप में निगम का दिल्लीवासियों के लिए सेवा भाव को दर्शाता है। आज बवाना वार्ड में 10 करोड़ की लागत से उत्तरी दिल्ली नगर निगम द्वारा बनाए गए पांच प्राथमिक विद्यालयों का उद्घाटन एवं एक विद्यालय का शिलान्यास के मौके पर श्री गुप्ता ने कहा कि निगम ने दिल्ली के नागरिकों के जीवन को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, स्वच्छ ऊर्जा, पार्किंग व्यवस्था, कचरा प्रबंधन, कोविड रोकथाम जैसे मुद्दों पर कार्य किया गया।

श्री आदेश गुप्ता ने आज के दिन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि कलस्टर कॉलोनियों में प्रतिभा की कमी नहीं है बस उन्हें निखारकर सामने लाने की जरुरत है और निगम उनकी जरुरतों को बखूबी समझकर उन्हें निखारने और तरासने का काम कर रहा है। आज जे जे कॉलोनियों को विद्यालय की सबसे ज्यादा जरुरत है क्योंकि उनके पास पैसों की कमी के कारण वे निजी विद्यालयों में अपने बच्चों को नहीं भेज सकते हैं और निगम इनकी समस्याओं को ध्यान में रखकर लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि निगम के विद्यालयों में मुफ्त शिक्षा, मिड डे मील, स्कूल बैग एवं ड्रेस सहित अन्य सामग्रियां मिलती है जिससे बच्चों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

आज इस मौके पर सांसद श्री हंसराज हंस, जिला अध्यक्ष श्री देवेन्द्र सोलंकी, जिला महामंत्री श्री सुनिल मित्तल, सांसद श्री हंसराज हंस, निगम पार्षद श्री ब्रम्हप्रकाश सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### रॉबर्ट वाड्रा की 2024 में यूपी की मुरादाबाद सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने की मंशा



नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेसनेत्री और यूपी की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी इस बार के चुनाव में पूरे सियासी आंदाज में धिखी और अब उनके पति और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा की भी मंशा राजनीत में आने की है। रॉबर्ट वाड्रा ने लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। वाड्रा ने कहा है कि वह उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ना चाहते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वाड्रा ने कहा, 'हर कोई मुझसे संसद में एंट्री के लिए मुरादाबाद या यूपी के किसी अन्य शहर को चुनने की उम्मीद कर रहा है।' वाड्रा ने कहा कि जैसा कि लोगों को मुझसे बहुत उम्मीदें हैं, मैं देखूंगा कि मैं 2024 के आम चुनाव में भाग ले सकता हूं या नहीं। मैं हर दिन लोगों की सेवा में लगा हूं। उन्होंने कहा कि उन्हें राजनीति में बदलाव लाने को लेकर भरोसा है और वह लोगों के जीवन को बेहतर बनाना चाहते हैं। वाड्रा ने कहा, 'चुनाव हो या न हो... मैं देश भर के मंदिरों, मस्जिदों, चर्चों या यहां तक कि गुरुद्वारों में जाता हूं। जब मैं इतने लंबे समय तक कड़ी मेहनत कर रहा हूं, तो मुझे लगता है कि मैं राजनीति में फर्क ला पाऊंगा। जब प्रियंका घर आती हैं, तो हम राजनीति की बात करते हैं। हम चर्चा करते हैं कि गांवों में लोगों की पीड़ा को कैसे कम किया जाए।' रॉबर्ट वाड्रा पहले भी राजनीतिक कदम उठाने के संकेत दे चुके हैं। वाड्रा ने बार-बार कहा है कि वह लोगों की सेवा करने में एक बड़ी भूमिका चाहते हैं। मालूम हो कि मनी लॉन्ड्रिंग और जमीन हड़पने के मामलों में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाल के दिनों में उनसे कई बार पूछताछ की है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह प्रियंका गांधी को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं, वाड्रा ने कहा, 'राहुल गांधी और प्रियंका गांधी कभी भी किसी पद के बारे में नहीं सोचते हैं। राजनीति उनके खून में है। वे हर जगह लोगों के लिए कड़ी मेहनत करते रहेंगे। लोग उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं, लेकिन यह उनका निर्णय होगा कि वह केवल यूपी तक ही सीमित रहना चाहेंगी, या राष्ट्रीय स्तर पर जाएंगी, क्योंकि वह एक राष्ट्रीय नेता हैं।' कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद ने कहा कि प्रियंका उन किसानों के लिए खड़ी रहीं, जो लखीमपुर खीरी हिंसा में मारे गए थे। उन्होंने कहा, 'प्रियंका बहुत लंबे समय से उत्तर प्रदेश में लोगों के बीच में हैं। वह किसानों के लिए भी खड़ी थीं, जो लखीमपुर खीरी हिंसा में मारे गए थे। जब वह पीड़ितों के परिवार के सदस्यों से मिलने पहुंची, तो उन्हें रोक दिया गया। यूपी महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं है। उन्होंने 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' अभियान शुरू किया, जिसे काफी समर्थन मिला है।'

# आम आदमी पार्टी किसान विंग किसानों की समस्याओं के लिए संघर्ष करती रहेगी: गोपाल राय

» स्वतंत्र सिंह भुल्लर मदरलैंड संवाददाता



आम आदमी पार्टी हमेशा किसानों की लड़ाई लड़ती रही है। अभी किसानों को क्षतिपूर्ति के रूप में केजरीवाल सरकार ने मुआवजा भी दिया है जिसकी काफी चर्चा है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दिशा निर्देश एवं अनुशंसा पर दिल्ली प्रदेश आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष गोपाल राय ने किसान विंग का गठन कर उसके पदाधिकारियों की घोषणा कर दी है। श्री राय ने कहा कि किसान विंग के पदाधिकारी किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लें तथा उनके साथ किसी भी तरह का भेदभाव या अन्याय होता है तो उनकी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार रहें। इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश फ्रंटल्स कोर्डिनेटर रमेश कुमार( झंकार) के अलावा देश के अन्य पदाधिकारी एवं एम्पलाई उपस्थित रहे। किसान विंग के पदाधिकारियों में गजेंद्र सिंह नरेश डबास को प्रभारी, अजय कुमार गोदरा को किसान विंग का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। वही जसवीर शौकीन को उपाध्यक्ष मनोज भारद्वाज संगठन मंत्री ओमप्रकाश डबास उपाध्यक्ष जयपाल लाकड़ा उपाध्यक्ष मो. हरपाल सिंह उपाध्यक्ष कमल सिंह उपाध्यक्ष दयानंद गुर्जर उपाध्यक्ष रमेश तेहलान उपाध्यक्ष अश्विनी यादव मीडिया प्रभारी इंद्रजीत सिंह वाइस प्रेसिडेंट बिल्लू मान को उपाध्यक्ष मुकेश सागर को संयुक्त सचिव, सीमा अग्रवाल कोषाध्यक्ष साक्षी बंसल को सचिव रोहित भारद्वाज संयुक्त सचिव मनजीत कॉल आईटी सेल प्रभारी इमरान सैफी ज्वाइंट सेक्रेट्री रोहित राना सेक्रेटरी संजय परिवाल को संयुक्त सचिव बनाया गया है।

# आज पुणे मैट्रो रेल परियोजना का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पुणे का दौरा कर वहां मैट्रो रेल परियोजना का उद्घाटन करने के साथ अन्य कुछ विकास परियोजनाओं का उद्याटन करने और कुछ परियोजनाओं की आधारशीला रखने वाले है। पीएमओ के अनुसार पीएम मोदी पुणे महानगर निगम के परिषद में सुबह 11 बजे आयोजित कार्यक्रम में श्री छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण करने वाले हैं, यह प्रतिमा 9.5 फुट ऊंची है, और इस 1,850 किलोग्राम गन मेटल से बनाया गया है। मोदी 11:30 बजे पुणे मैट्रो रेल का उद्घाटन करने वाले है। उस शहर में आवगमन की विश्व स्तरीय सुविधा के निर्माण के लिए पीएम मोदी ने 24 दिसंबर 2016 को इसकी आधारशीला रखी थी। परियोजना कुल 32.2 किलोमीटर की है, जिसमें से 12 किलोमीटर लंबे मेट्रो मार्ग का उद्घाटन किया जा रहा है। पुणे मैट्रो रेल पर कुल 11 हजार 400 करोड़ रुपए की लागत का अनुमान है। मोदी इस मौके पर पुणे के गरवारे मैट्रो स्टेशन पर एक प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकर करने वाले है। पीएम मोदी वहां से आनंदनगर स्टेशन तक मैट्रो का सफर भी करने वाले है।पीएम करीब दोपहर 12:00 बजे विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशीला रखने और कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने वाले है। प्रधानमंत्री द्वारा कार्यक्रम में मुला-मुथा नदी को प्रदुषण मुक्त कर उस पुनर्जीवित करने की परियोजना का शिलायान्स किया जाएगा।

नदी के नौ किलोमीटर लंबी धारा में सफाई और पुर्नजीवित करने के काम पर 1,080 करोड़ रुपए खर्च होगा। इसके तहत नदी के किनारों के संरक्षण और शहर के नालों के गंदे पानी को नदी में गिरने से रोकने के प्रबंध, नागरिक सुविधाओं के विस्तार और नौका विहार आदि जैसी सुविधाओं का विस्तार होगा। इस परियोजना को एक शहर एक परिचालक की अवधारणा के आधार पर किया जाएगा और इस 1470 करोड़ रुपए खर्च होगा।

इसके तहत 11 सीवेज ट्रीटमेंट संयंत्र बनाए जाएंगे। जिनकी कुल दैनिक क्षमता 40 करोड़ लीटर होगी। प्रधानमंत्री वहां बानेर इलाके में नवनिर्मित विद्युत बस डीपो ई-बस और 100 विद्युत बसों का उद्घाटन करने वाले है।

# दिल्ली सरकार ने नई नीति के तहत शराब लाइसेंस अवधि दो महीने के लिए बढ़ाई



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग ने कोविड-19 महामारी से प्रभावित शराब के थोक विक्रेताओं और रेस्तरां जैसे प्रतिष्ठानों के लिए लाइसेंस अवधि दो महीने के लिए बढ़ा दी है। आबकारी विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि लाइसेंस में विस्तार से लाइसेंसधारियों को कोविड द्वारा अपने व्यवसाय पर प्रभाव और इसके कारण लगाए गए प्रतिबंधों के कारण अपने नुकसान की भरपाई करने में मदद मिलेगी। आबकारी विभाग ने दो आदेशों में कहा कि अलग-अलग श्रेणियों में आने वाले लाइसेंसधारी विस्तारित अवधि के लिए आनुपातिक आधार पर भुगतान कर सकते हैं। नई आबकारी नीति के तहत वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए थोक और खुदरा शराब बिक्री की विभिन्न श्रेणियों में लाइसेंस जारी किए गए थे। इन लाइसेंस की अवधि 31 मार्च को समाप्त होती है, जिसके बाद इनका नवीनीकरण कराना होता है। विभाग ने अपने आदेश में कहा कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा आबकारी नीति 2021-22 के तहत सभी मौजूदा एल-15, एल-16, एल-17, एल-19, एल-20, एल-21, एल-28 और एल-38 लाइसेंसों को आनुपातिक आधार या 15 मार्च से पहले भुगतान करने की स्थिति में दो महीने तक बढ़ाने का फैसला किया गया है।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद भी जरूरी-उपमुख्यमंत्री



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के स्कूलों के इंफ्रास्ट्रक्चर को वर्ल्ड क्लास बनाने के साथ-साथ केजरीवाल सरकार अपने स्कूलों में बच्चों को बेहतरीन खेल सुविधाएं देने के लिए शानदार स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार कर रही है। इस दिशा में शनिवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने एसकेवी पॉकेट-4 फेज-1 मयूर विहार व एसकेवी चंदर विहार, मंडावली में सेमी ओलंपिक साइज स्विमिंग पूल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इन स्विमिंग पूल के माध्यम से हमारे स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों को शानदार ट्रेनिंग मिलेगी और इनमे से बहुत से बच्चे राष्ट्रीय-अंतराष्ट्रीय स्तर पर मेडल लाकर देश का गौरव बढ़ाने का काम करेंगे।

श्री सिसोदिया ने कहा कि 4-5 साल पहले तक दिल्ली के सरकारी स्कूलों की बिल्डिंग टूटी-फूटी होती थी लेकिन अब न केवल दिल्ली के सरकारी स्कूलों का इंफ्रास्ट्रक्चर वर्ल्ड की सबसे शानदार यूनिवर्सिटीज जैसा हो चुका है बल्कि यहां बच्चों को स्पोर्ट्स संबंधी शानदार सुविधाएं भी मिल रही है। उन्होंने कहा कि कि बच्चों के 360 डिग्री विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी बेहद जरूरी है। दिल्ली सरकार दिल्ली के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के साथ-साथ बेहतर खेल सुविधाएं देने के लिए भी प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में दिल्ली सरकार अपने स्कूलों के मूलभूत ढांचे को विश्वस्तरीय बनाने के साथ-साथ उसमें वर्ल्ड-क्लास खेल सुविधाओं को भी विकसित कर रही है ताकि हमारे बच्चों को बेहतर खेल-सुविधाएं और प्रशिक्षण मिल सके और वो देश के लिए मेडल लाकर देश का नाम रौशन करे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के सपने को पूरा करते हुए दिल्ली सरकार अपने स्कूलों में ऐसी सुविधाएं विकसित कर रही है ताकि गरीब से गरीब तबके के बच्चे उसका फायदा उठा सकें।

**-भविष्य के ओलिंपियनस के लिए स्कूल में तैयार होगा वर्ल्ड-क्लास स्विमिंग पूल**

दिल्ली को स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित करने के लिए लगातार दिल्ली सरकार द्वारा खेलों को न सिर्फ बढ़ावा दिया जा रहा है बल्कि खिलाड़ियों के लिए वर्ल्ड-क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार किया जा रहा है। इस दिशा में इन दोनों स्कूलों में सेमी ओलंपिक साइज के स्विमिंग पूल तैयार किए गए है, जिसकी लम्बाई 25 मीटर व चौड़ाई 12.5 मीटर है। साथ ही यहां बच्चों को स्विमिंग सिखाने के एक्सपर्ट कोच भी मौजूद होंगे जो बच्चों को स्विमिंग सीखने के साथ-साथ उन्हें खेलों के लिए भी तैयार करेंगे।

# इस वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के शुरू होने से उत्तरी दिल्ली और उसके आसपास रहने वाले करीब 23 लाख लोग लाभांवित होंगे- सत्येंद्र जैन

नई दिल्ली, एजेंसी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कुशल नेतृत्व में दिल्ली सरकार यमुना की सफाई की दिशा में निरंतर अथक प्रयास कर रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में दिल्ली के जल मंत्री सत्येंद्र जैन ने आज कोरोनेशन पिलर के पास स्थित एक विशाल अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र का उद्घाटन किया। इस संयंत्र की प्रतिदिन 31.80 करोड़ लीटर अपशिष्ट जल का उपचार करने की क्षमता है। जल मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि इस संयंत्र का उद्घाटन, यमुना नदी की सफाई की दिशा में एक बड़ा प्रभावशाली कदम है। इसके अलावा मंत्री सत्येन्द्र जैन ने संगम विहार और देवली विधानसभा क्षेत्र के सभी घरों को सीवर नेटवर्क से जोड़ने के लिए 71.51 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन बिछाने के कार्य की आधारशिला भी रखी।

नवनिर्मित कोरोनेशन पिलर वेस्ट-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, कोरोनेशन पिलर ड्रेनेज जोन के लिए सीवेज ट्रीटमेंट की जरूरतों को पूरा करेगा। शक्ति नगर, कमला नगर, रूप नगर, दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर, नेहरू विहार और विश्वविद्यालय के क्षेत्रों से उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट जल का उपचार इस संयंत्र में किया जाएगा। इसके अलावा, स्वरूप नगर, भलस्वा, संत नगर और वजीराबाद ग्रुप ऑफ कॉलोनियों जैसी अनधिकृत कॉलोनियों से उत्पन्न सीवेज का भी अब यहां उपचार किया जा सकेगा। जल मंत्री श्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि इन कॉलोनियों से निकलने वाले सीवर को कोरोनेशन पिलर वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में उपचारित किया जाएगा, जिससे अंततः यमुना नदी की सफाई होगी और इस क्षेत्र के लाखों लोगों को लाभ होगा। वर्तमान में, सीवेज जो सीधे नाले में गिरता है, अब बुराड़ी में उपलब्ध पंपिंग स्टेशन के माध्यम से कोरोनेशन पिलर वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में जाएगा और यहां उपचारित किया जाएगा। उपचारित अपशिष्ट जल पूरक नाले के माध्यम से यमुना नदी में जाएगा।

**-कोरोनेशन अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र की मुख्य विशेषताएं*:**

1) संयंत्र का निर्माण जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग और टी.एस.एस &ह्ल३;10 मिलीग्राम प्रति लीटर के अपशिष्ट प्रवाह मानकों के साथ नवीनतम तकनीक के साथ किया गया है, जिसमें नाइट्रोजन और फास्फोरस को हटाने के साथ-साथ कीटनाशन भी करता है, जो केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सी.पी.सी.बी.) के नए मानकों के अनुरूप निर्धारित किया गया है। बिजली उत्पादन के प्रावधान के साथ, इस संयंत्र को काफी चिरस्थायी बनाया गया है।

2) संयंत्र स्काडा प्रणाली के आधार पर पूरी तरह से स्वचालित है। जिसमें अपशिष्ट प्रवाह की मापदंडों के अनुरूप ऑनलाइन चरणवार निगरानी होती है। स्काडा प्रणाली पर्यवेक्षी नियंत्रण और डेटा को एकत्रित करता है, जो सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर तत्वों की एक प्रणाली है। यह उद्योगों को वास्तविक समय के डेटा की निगरानी, इसे इकट्ठा करने और संसाधित करने में मदद करता है। साथ ही डाउनटाइम को कम करने और सिस्टम को आत्म-निर्भर बनाता है।

3) इसमे गाद एवं सिवेज के डी-वाटरिंग का प्रावधान है, जिससे इसे सुखाने वाले क्यारियों की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। इसलिए, यह नया संयंत्र दूसरों से अधिक बेहतर काम करता है।

# यूक्रेन में फंसे हुए स्टूडेंट्स के दिल्ली पहुंचने पर राजस्थान के 3 मंत्रियों ने किया एयरपोर्ट पर रिसीव

## वतन पहुंचने पर स्टूडेंट्स के खिले चेहरे

नई दिल्ली, एजेंसी। यूक्रेन से वापस आ रहे स्टूडेंट्स को दिल्ली में रिसीव करने एवं गंतव्य तक पहुँचाने, ठहराने,चिकित्सा व्यवस्था के साथ भोजन आदि की व्यवस्थाओं के लिये मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देश पर राजस्थान के केबिनेट मंत्री श्रीमती ममता भूपेश, टीकाराम जूली एवं मंत्री सुभाष गर्ग दिन -रात व्यवस्थाएं संभाल रहे है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दिशा निर्देशन में राज्य सरकार के प्रतिनिधि यूक्रेन से दिल्ली एयरपोर्ट एवं गाजियाबाद के हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पर आ रहे स्टूडेंट्स को राज्य सरकार द्वारा उनके खाने-पीने से लेकर ठहरने और घर लौटने के सभी इंतजाम किये जा रहे हैं, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। साथ ही मंत्रीगण और अधिकारी लगातार यूक्रेन के हालात का भी जायजा ले रहे हैं।

एयरपोर्ट पर स्टूडेंट्स का स्वागत करने पहुंची कैबिनेट मंत्री श्रीमती भूपेश ने कहा कि राज्य सरकार संवेदनशील सरकार है और संकट की घड़ी में हमेशा नागरिकों के साथ खड़ी रहती है।अपने नागरिकों और विद्यार्थियों की सुरक्षित वापसी से हमें जो सुकून मिल रहा है, उसे शब्दों में बयान करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इन विद्यार्थियों को सकुशल घर पहुंचाने के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। श्री टीकाराम जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के संवेदनशील नेतृत्व और दिशा निर्देशन में दिल्ली में इंदिरा गांधी एयरपोर्ट और गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट पर सभी इंतजाम किये गए हैं, ताकि किसी भी राजस्थानी को अपने घर तक पहुंचने में कोई भी असुविधा नहीं हो। मंत्री सुभाष गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत वहां यूक्रेन में फंसे हुए राजस्थानियों खासकर विद्यार्थियों के लिए चिंतित हैं, और लगातार उनकी सुरक्षित वापसी के लिए प्रयासरत हैं।

प्रमुख आवासीय आयुक्त श्रीमती शुभ्रा सिंह ने बताया कि यूक्रेन से भारत वापस लौटे राजस्थानियों की मदद के लिए दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 24 घंटे हेल्पलाइन डेस्क भी स्थापित की गई है। जिसके माध्यम से इन बच्चों को इनकी सुविधा अनुसार राजकीय खर्चे से उनके गंतव्य तक पहुंचाया जा रहा है। राजस्थान फाउण्डेशन अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि आज देर रात से सुबह तक आई गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट पर इंडियन एयर फोर्स की दो उड़ानों में राजस्थान के 22 बच्चे दिल्ली पहुंचे साथ ही दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंची 10 उड़ानों में 64 स्टूडेंट राजस्थान के पहुंचे, इनमें जो बच्चे सीधे ही अपने घर जाना चाहते थे उन्हें टैक्सियों से भिजवाया गया शेष बच्चों को राजस्थान हाउस लाकर सरकार के मंत्रियों द्वारा स्वागत सत्कार किया गया जिसकी बच्चों ने खूब प्रशंसा की।

**-श्रद्धा ने कहा मुख्यमंत्री ने हिम्मत बढ़ाई**

यूक्रेन में गंभीर बीमार हुई राजस्थान की स्टूडेंट श्रद्धा ने बताया मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने फोन पर बात कर हौसला बढ़ाया।जिससे हिम्मत आई।श्रद्धा ने राजस्थान सरकार की व्यवस्थाओं पर हर्ष जाहिर किया।उसने कहा यहाँ मंत्रीगण जिस तरह व्यवस्थाओं में लगे हुए है वह सराहनीय है।

**-यूक्रेन से आये स्टूडेंट नक्षत्र का एयरपोर्ट पर मनाया जन्मदिन**

सुबह नई दिल्ली एयरपोर्ट पहुंची इंडिगो एयरलाइंस की हंगरी से आई फ्लाइट से पहुंचे राजस्थान के स्टूडेंट्स में शामिल उदयपुर के नक्षत्र का एयरपोर्ट स्थित राजस्थान हेल्पडेस्क पर जन्मदिन मनाया।

कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली, मंत्री सुभाष गर्ग, प्रमुख आवासीय आयुक्त श्रीमती शुभ्रा सिंह ने छात्र नक्षत्र के साथ जन्मदिन का केक काट कर दी बधाई। सहायक आवासीय आयुक्त श्रीमती रिंकू मीना और मनोज कुमार सिंह ने बच्चे को केक खिलाकर शुभकामनाएं दी। यूक्रेन से लौट रहे राजस्थान निवासियों को सुरक्षित घर तक पहुंचाने की सारी व्यवस्थाएं देखने के लिए राज्य सरकार की तरफ से बनाए गए नोडल अधिकारी एवं फाउंडेशन के आयुक्त धीरज श्रीवास्तव ने नक्षत्र को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के संवेदनशील शासन में राजस्थान के सभी वर्गों की भावनाओं का ध्यान रखा जाता है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



## संक्षिप्त समाचार

### ट्रैक्टर चालक ने साइकिल सवार को मारी टक्करः घायल

फैजान भारती, मदरलैंड संवाददाता, सिकंद्राराऊ करबा के जीटी रोड स्थित रामबाग मंदिर के सामने तेज गति से आ रहे एक ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। कंचन सिंह पुत्र चंद्रपाल निवासी गांव गढ़िया कचौरा बाइक पर सवार होकर बाजार से खरीदारी करने के लिए सिकद्राराऊ आ रहा था। जैसे ही वह जीटी रोड स्थित रामबाग मंदिर के सामने भूतेश्वर कॉलोनी मोड़ के पास पहुंचा। उसी दौरान अनियंत्रित गति से आ रहे एक ट्रैक्टर चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी। जिससे कंचन सिंह गम्भीररूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। चालक ट्रैक्टर को छोड़ कर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, परिजनों में हाहाकार

मदरलैंड संवाददाता, सिकन्दराराऊ एटा रोड पर रेलवे फाटक के पास अज्ञात वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सिकंदराराऊ क्षेत्र के गांव सखी आबू तालिब पुर निवासी मेघ सिंह 50 वर्ष पुत्र वेद सिंह शुक्रवार को अपनी रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह रेलवे फाटक के पास एटा रोड पर पहुंचे तभी पीछे से जा रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार मेघ सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। चालक टक्कर मारने के बाद वाहन को भगा ले गया। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मेघ सिंह की मौत से उनके परिवार में कोहराम मच गया है।

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

मदरलैंड संवाददाता, सिकंदराराऊ– कोतवाली क्षेत्र के गांव गढ़िया इकबालपुर में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने आनन–फानन में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। गांव गढ़िया इकबालपुर निवासी सुमन पत्नी वीरेश की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। विवाहिता महिला की मौत की सूचना पर उसका भाई अवनीश पुत्र अब्बल सिंह निवासी गांव लहरा जनपद एटा मौके पर पहुँच गया। अवनीश ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। कोतवाली पुलिस ने महिला की मौत की घटना को लेकर जांच में जुट गई है।

### दो देशों के युद्ध से जलेसर के घुंघरू-घंटी कारोबार को लगा बड़ा झटका

मदरलैंड संवाददाता, एटा। जलेसर में घुंघरू घंटी के हो रहे उत्पादन को हो रहे दो देशों के युद्धा से ग्रहण लग गया है रूस और यूक्रेन युद्ध से बने हालातों के चलते जलेसर के घुंघरू–घंटी कारोबार को बहुत बड़ा झटका लगा है। कई देशों में भेजे जाने वाले उत्पादों के निर्यात में काफी कमी हो गई है। वहीं नए ऑर्डर नहीं मिल रहे हैं। लाखों रुपयों का माल कारखानों में ज्यों का त्यों पड़ा है। जलेसर के पीतल उत्पाद देश में ही नहीं, विदेशों तक मशहूर हैं। खासतौर से विंड चाइम, घुंघरू और छोटी घंटियों के सामान की विदेशों में अच्छी मांग रहती है। बड़े बड़े निर्यातक जलेसर से माल मंगाकर विदेशों में भेजते हैं। जिसमें सबसे ज्यादा ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय देशों में ये उत्पाद भेजे जाते हैं, लेकिन रूस और यूक्रेन में हो रहे युद्ध से घुंघुरु घंटी का निर्यात काफी प्रभावित हुआ है। यहां के निर्यातक कारोबारियों के मुताबिक जो पुराने ऑर्डर मिले थे, उनका माल बनकर तैयार है, लेकिन परिवहन व्यवस्था प्रभावित होने के कारण माल नहीं भेज पा रहे हैं। वहीं नए ऑर्डर मिलना बंद हो गए हैं। इसके चलते केवल स्थानीय ऑर्डर का ही काम किया जा रहा है।

### जमीनी विवाद पर हुई मारपीट, दोनों पक्षों की ओर से दी गई तहरीरें

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी/किशनी। नगरपंचायत के गांव जिजई निवासी मीनूदेवी पत्नी बिजेन्द्र यादव ने तहरीर दी कि उनके गांव के बृजेश व योगेश पुत्रगण रामकिशन, बृजेश की पत्नी अनीता तथा रामकिशन पुत्र जगन्नाथ उनकी जमीन पर कब्जा कर रहे थे। जब उन्होंने रोका तो उक्त सभी ने उनके साथ गालीगलौज करते हुये मारपीट की। जब उनके जेठ सरवेन्द्र पुत्र बालकिशन ने बचाने का प्रयास किया। तो सभी ने उनको भी मारापीटा। दूसरे पक्ष से अनीता पत्नी बृजेश यादव ने तहरीर दी कि गांव में उनका एक मकान बना हुआ है। उस पर कोर्ट में मुकद्दमा चल रहा है। आरोप है कि उक्त मकान पर उनके विपक्षी सर्वेन्द्र पुत्र वालकिशन, प्रदीप पुत्र रविन्द्र, अमरवती पुत्र रविन्द्र, मीनू पत्नी बृजेन्द्र यादव जबरन कब्जा कर रहे थे। जब उन्होंने रोका तो सभी ने उनके साथ मारपीट की। पुलिस जांच कर रही है।

### खेत से हरियाली लेने पर की मारपीट

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी/किशनी। गांव मनपुरा निवासी मलिखान सिंह पुत्र ज्वालाप्रसाद ने तहरीर दी कि वह खेत में हरियाली लेने गये थे तभी गांव के छुटकन यादव पुत्र मौर्य सिंह, ओमबीर पुत्र साधौसिंह, मौहरसिंह पुत्र गोबिन्द यादव ने उन्हें गालियां दी और लात घूंसों से मारापीटा। जब उनकी पत्नी बिमला ने बचाया तो उसे भी पीटा।

### पुरानी रंजिश पर की मारपीट, तमंचे से फायर कर धमकाया

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी/किशनी। चितायन निवासी गजराज सिंह ने तहरीर दी कि वह अपने खेत पर काम कर रहा था। तभी विपक्ष के विपनकुमार पुत्र धनपाल, मोनू पुत्र अनिल, मलिखान व केशपाल पुत्रगण बालकराम, कुलदीप पुत्र गोदनलाल, जसबीर पुत्र नन्दकिशोर, सतेन्द्र पुत्र रामकिशोर, अवनीस पुत्र सुरेश, लालू उर्फ अजीत व अभयराम पुत्रगण साहूकार ने उनको अकेला पाकर लाठी डण्डों से जमकर मारपीट की और तमंचे फायर कर उन्हें धमकाते हुए चले गए।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहरलाल की विकास की नीतियों पर सर्व वर्ग के लोग मुहर लगा रहे- मूलचंद शर्मा, अंबाला स्थित राजकीय महिला आइटीआई के प्रिंसिपल को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड करने के आदेश दिए

» मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। परिवहन ,खनन मंत्री मूलचंद शर्मा ने शनिवार को दावा कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहरलाल की विकास की नीतियों पर सर्व वर्ग के लोग मुहर लगा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नूंह(मेवात) जैसे पिछडे क्षेत्र में पार्टी का कोई विधायक न होने के बावजूद भी सरकार सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास जीतने के मकसद से काम कर रही है और एक सर्वे में देश के पिछडों जिलों में 115वें स्थान पर होने के बाद अब यह सरकार की विकास की नीतियों के चलते चौथे स्थान पर आ गया है।उन्होंने कहा कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, केएमपी के अलावा आइटीआई, डेंटल कालेज , सडक इत्यादि इस इलाके में बनी है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार हुआ है, जब मेवात जिले की सैकड़ों एकड़ भूमि पर धान की फसल उगाई गई है। मंत्री ने कहा कि दक्षिणी हरियाणा के किसानों को सरकार में पर्याप्त मात्रा में पानी मिला। जिसकी वजह से सूखी धरती में भी धान की फसल हो पाई। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि निकाय चुनाव में पार्टी जिस भी कार्यकर्ता को टिकट देकर मैदान में उतारे सभी जुटकर उसको भारी मतों से चुनकर नगरपरिषद व नगरपालिका का अध्यक्ष चुने और साथ ही कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पूर्व विधायक व वक्फ बोर्ड के प्रशासक जाकिर हुसैन की नैया पारकर मेवात की प्यासी धरती पर कमल खिलाए। जाकिर हुसैन, पूर्व विधायक नसीम अहमद, एजाज खान काटपुरी जैसे नेता उनकी पार्टी व संगठन के नेता हैं। इन दिग्गजों के आने से मेवात की धरती पर कमल जरूर खिलेगा। इस मौके पर उनका अडबर चौक, पुरानी अनाज मंडी, गोंदाराम चौक, वाल्मीकि मोहल्ला, कश्यप चौक, वार्ड नं-13 व राम मंदिर आदि सहित दर्जनों जगह स्वागत किया गया। उन्होंने इस मौके पर फिर दोहराया कि बगावती नेताओं, कार्यकताओं को भाजपा में जगह नहीं है। भाजपा जिसको टिकट दें उसका पूरा साथ दें। उन्होंने पत्रकारवार्ता में यह भी जानकारी दी कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ नारे को सार्थक करते हुए उन्होंने अंबाला स्थित राजकीय महिला आइटीआई के प्रिंसिपल को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि छात्राओं व महिला स्टाफ से बदसलूकी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पिछले दिनों से राजकीय महिला आइटीआई अंबाला शहर के प्रिंसिपल भूपेंद्र पाल सिंह विवादों के घेरे में थे। आईटीआई में पढ़ाने वाली महिला स्टाफ और छात्राओं से डबल मीनिंग में बात करने के आरोप लग रहे थे, इन्हीं आरोपों को लेकर शिकायत संज्ञान में आई तो उन्होंने तुरंत इस मामले की जांच कराने के लिए उच्च अधिकारियों को इस दिशा-निर्देश जारी किए। इस मामले में सरकार द्वारा कड़ा संज्ञान लेने के उपरांत प्रिंसिपल को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। जांच भी कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि आइटीआई में स्टाफ की पूर्ति करने के लिए 3409 टीचर की भर्ती की जा रही है जो जल्द ही आइटीआई में ज्वाइन करेंगे।

वहीं, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा को नूंह पहुंचने पर भारतीय प्रजापति हीरोज आर्गेनाईजेशन द्वारा एक मांग पत्र सौंपा जिसमें मांग की गई कि नूंह के दिल्ली-अलवर मार्ग पर दोनों ओर बने सर्विस रोड को पक्का बनाया जाये, वार्ड नं-7 नूह की नएबस अडडे के सामने जलभराव होने पर पानी निकलवाया जाये, प्रजापति समाज की वार्ड नं-7 में चौपाल बनाई जाए, सचिवालय से शहीद पार्क तक लाईटे सही कराई जाये, नूंह से पलवल को सांय 6 बजे, पलवल से नूंह सांय 7 बजे तक बस सेवा बहाल, नूंह से सीधी बल्लभगढ व नूंह से खाटू श्याम के लिए सीधी बस सेवा बहाल की जाये, मेडिकल कालेज नल्ड में अल्ट्रासाउंड मशीन, दिल की बीमारी के विशेषज्ञ की व्यवस्था कराई जाये।

इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं प्रशासक हरियाणा वक्फ बोर्ड जाकिर हुसैन, नरेंद्र पटेल जिलाध्यक्ष, एजाज खान काटपुरी ,नरेन्द्र शर्मा, आदि भी मौजूद रहे।

## जूता व्यवसाई अबरार हुसैन हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

» मदरलैंड संवाददाता



एटा। थाना कोतवाली नगर पुलिस, जनपदीय इंटेलिजेंस विंग तथा स्वॉट टीम द्वारा नगर क्षेत्र में हुए जूता व्यवसायी अबरार हुसैन हत्याकांड का पदार्फाश करते हुये बताया कि मृतक की बहन का प्रेमी ही घटना का सूत्रधार है। थाना पुलिस ने आरोपी को तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार किया।

थाना कोतवाली नगर के पोता नगला निवासी जियाउल हुसैन ने तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि अवरार हुसैन पुत्र इन्तजार हुसैन बहन की शादी के कार्ड बांटकर अपने घर लौट रहा था, रास्ते में नगला पोता दरगाह के पास अपनी मोटरसाइकिल के साथ घायल एवं बेहोशी की हालत में मिला। परिजन उसे जिला चिकित्सालय ले गये जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस कार्यवाही करते हुये मृतक अबरार हुसैन को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से यह स्पष्ट हुआ कि मृतक की मृत्यु गोली लगने से हुई हैं। थाना कोतवाली नगर पुलिस, जनपदीय इंटेलिजेंस विंग तथा स्वॉट टीम ने थाना कोतवाली नगर के नगला पोता निवासी परवेज आलम पुत्र बख्शुउद्दीन सैफी को रोडवेज बस स्टैंड एटा के पास से गिरफ्तार किया। वहीं आरोपी की निशानदेही पर रेलवे स्टेशन के पास झाड़ियों से घटना में प्रयुक्त एक तमंचा, एक खाली कारतूस व दो भरे कारतूस को बरामद किया।

**पुलिस द्वारा सख्ती से पूछे जाने पर आरोपी ने उगला सच**

पुलिस द्वारा आरोपी से सख्ती से पूछे जाने पर आरोपी ने बताया कि पिछले 5-6 वर्ष से मोहल्ले की ही एक मुस्लिम युवती से प्रेम सम्बन्ध चल रहे थे जिससे वह शादी का दवाब बना रहा था, परन्तु युवती अपने भाईयों के कहने से अपनी शादी 7 मार्च को जनपद बदायूँ के किसी लड़के से करने जा रही थी। मृतक ने अपनी बहिन को परवेज से फोन पर बात करते पकड़ लिया था और उसके साथ मारपीट तथा उसके ऊपर तमंचे से फायर भी किया था, बीच में मृतक की मौसी की लड़की आ गई थी जिसने तमंचे की नाल को ऊपर कर दिया था जिससे गोली छत में जाकर लगी थी। प्रेमिका पर फायर करने की बात परवेज को पता लग गई थी कि मृतक अबरार ने अपनी बहिन के ऊपर फायर किया है जिस पर परवेज ने अबरार की बहिन से कहा था कि अब किसी कीमत पर अबरार को जिंदा नहीं छोडूंगा उसे गोली मार दूंगा अबरार की बहिन ने परवेज को काफी समझाया था कि वह घर के मामले में दखलअंदाजी न करें। 7 मार्च को उसकी शादी है उसको न बिगाड़े परंतु परवेज ने कहा था किसी भी कीमत पर किसी दूसरे आदमी से शादी नहीं होने देगा चाहे कितने भी लोगों को मारना पड़े।

## जिलाधिकारी ने वृहद गौसंरक्षण केन्द्र जलेसर का निरीक्षण कर लिया जायजा



» मदरलैंड संवाददाता

एटा। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने शनिवार को विकासखण्ड जलेसर में संचालित वृहद गौसंरक्षण केन्द्र का निरीक्षण कर जायजा लिया। जिसमें डीएम ने देखा कि गौसंरक्षण केन्द्र जलेसर का निर्माण आरईएस द्वारा 120 लाख की लागत से कराया गया है। गौसंरक्षण केन्द्र में 135 नर 260 मादा सहित कुल 395 गौवंश संरक्षित मिले हैं। कुछ गौवंशों की टैगिंग नहीं थी जिस पर सभी गौवंशों की टैगिंग कराने के निर्देश दिए।

**गौसंरक्षण केन्द्र में गौवंशों की देखभाल अच्छी तरह की जाए - जिलाधिकारी**

डीएम ने कहा कि गौवंशों के संरक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए संरक्षण केन्द्र में बेहतर इंतजाम सुनिश्चित कराएं। मौजूद पंचायत सचिव एवं खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि गौशाला के समीप लगभग 30 एकड़ चरागाह की भूमि है जिसकी पैमाईश कराकर आवश्यक कार्यवाही की जाए। गौवंशों की देखभाल के लिए शेखर श्यौराज महाराज सिंह तीन केयरटेकर है जिनके द्वारा नियमित रूप से गौवंशों की देखभाल होनी चाहिए। पशुपालन विभाग के चिकित्सकों द्वारा गौसंरक्षण केन्द्र का निरीक्षण कर समय से गौवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाए।

निरीक्षण के समय एसडीएम अलंकार अग्निहोत्री, डिप्टी सीवीओ आरके शर्मा, तहसीलदार राजेश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी महेश चन्द्र, पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

## कूड़े के ढेर से मिला युवक का वीभत्स शव, ईंट से हत्या कर फोड़ीं आंखें फिर जलाया चेहरा



» अंटू मिश्रा, मदरलैंड संवाददाता

एटा। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे रोड पर शनिवार सुबह कूड़े के ढेर में एक युवक का शव मिला है। उसकी बेहरमी से हत्या की गई है। हत्या आरोपियों ने युवक की दोनों आंखें फोड़ दी हैं। वहीं चेहरा भी किसी केमिकल से जला दिया है। अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है।

शनिवार सुबह रेलवे रोड तिराहा पर कुछ लोगों ने लकड़ी के एक खोखा के पीछे युवक का शव पड़ा देखा। इसके पास ही खून से सनी हुई ईंट भी पड़ी थी। लोगों ने मामले की जानकारी कोतवाली नगर पुलिस को दी। वहां पहुंच पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को भी बुला लिया और सैंपल कराए। आशंका जताई जा रही है कि रात को युवक की हत्या कर शव यहां फेंका गया है।

**वर्जन**

सीओ सिटी कालू सिंह ने बताया कि युवक का शव मिला है। मौके से सबूत जुटाए गए हैं। फॉरेंसिक टीम भी जांच कर रही है। मृतक की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है।

## वृद्ध लोगो को बदलते मौसम में अपना ख्याल रखने को कहा सुलह अधिकारी

» अजय सक्सेना, मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। शहर के जेल रोड पर स्थित माँ भगवती वृद्धा आश्रम का आज आकस्मिक निरीक्षण सुलह अधिकारी देवेन्द्र कटारिया कर वृद्ध लोगो का हालचाल पूछा उन्होंने वृद्ध लोगो को समस्याओं को सुना कहा कि इस समय मौसम बदल रहा हैं क्योंकि की सर्दी से गर्मी का मौसम बदलने की शुरूआत हो गई है ऐसे में बजुर्ग वृद्ध लोगो को अपने सेहत का खासकर ख्याल रखने की सलाह दी जरा भी तबियत खराब होने पर आश्रम संचलिका को बोलने की कहा जो आपको तुरंत दवाई की व्यवस्था करेंगी निरीक्षण के दौरान किसी भी वृद्ध ने कोई शिकायत नही की राममूर्ति जो कुछ दिन पूर्व फिसल गई थी उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा वृद्धा आश्रम में लोगो की संख्या कम थी लोगो के होली व वोट डालने के कह कर जाना बताया सुलह अधिकारी कटारिया ने कहा कि वृद्ध लोग घर से बाहर भी दुर्व्यवहार का शिकार होते हैं इस प्रकार बुजुर्गों के लिए लोगो का लगातार घटता सम्मान देश के लिए चिंताजनक बताया माँ बाप के प्यार व त्याग को आज की संतानें उन्हें दर दर की ठोकर खाने के लिए छोड़ देती हैं ऐसे लोगो के लिए कानून बना है ऐसे बेसहारा छोड़े गए माता पिता अपने वयस्क बेटा बेटी या पोता पोती से अपने लिए भरणपोषण की मांग कर सकते हैं निसन्तान वरिष्ठ नागरिक अपने रिश्तेदारों या जिन्होंने उनकी संम्पति पर हक लिया है उनसे भरणपोषण ले सकते है पूर्व में कुछ वृद्ध लोगो को उनके परिवार वालो को बुलाकर समझौता कराकर घर भिजवाया भी गया है निरीक्षण के समय संदीप ,प्रदीप , क्रान्तिवाला आदि उपस्थित थे।

## प्रेमी से महिला का हुआ समझौता, सामान लिया वापस, बाइक को लेकर हुआ विवाद

» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी/कुरावली। प्रेमी के साथ 7 साल रहने के बाद प्यार में धोखा मिलने पर महिला ने शुक्रवार को ग्राम राजेपुर पहुंचकर समझौता कर दिया। लेकिन बाइक को लेकर विवाद हो गया जिसके बाद महिला डीसीएम में सारा सामान भरकर घर वापस लौट गई।

दिल्ली के पश्चिम विहार के सोनिया कैंप में निवास कर रही गीता पुत्री डोरीलाल अपने पति के साथ निवास कर रही थी। तभी दिल्ली में ही ऑटो चला रहे क्षेत्र के ग्राम राजेपुरा निवासी अरविंद यादव पुत्र सुखराम की आंखें गीता से चार हो गई। जिसके बाद 2015 में अरविंद यादव प्रेमिका गीता को भगाकर ग्राम राजेपुरा ले आया। गीता ने अपनी मेहनत की कमाई से गृहस्थी का सामान बनाया और गांव में निवास करने लगी। और उसने 1 बच्चों को जन्म दिया। लगभग 8 माह पहले अरविंद यादव गीता के साथ मारपीट करने लगा तो गीता ने दिल्ली जाकर जांच की तो पता चला अरविंद दिल्ली में ही दूसरी महिला के साथ रहने लगा है जिस पर गीता का पारा चल गया और उसने शुक्रवार को ग्राम राजेपुरा पहुंच कर पंचायत डाल दी। पंचायत के दौरान अरविंद ने गीता द्वारा खरीदा गया सामान कूलर, फ्रिज, एलसीडी, अलमारी, बेड, सोफासेट सहित गृहस्थी का अन्य सामान वापस कर दिया तथा गीता द्वारा दिलाई गई बाइक को वापस करने में आनाकानी करने लगा। महिला गीता द्वारा थाना में तहरीर दी गई जिस पर दोनों के बीच समझौता हुआ की महिला अरविंद द्वारा दी गई सोने की चीज उसे वापस कर देगी जिसके बाद अरविंद बाइक वापस दे देगा। शुक्रवार की शाम महिला डीसीएम में गृहस्थी का सामान भरकर रोते हुए अपने घर वापस लौट गई।

## रूस और यूक्रेन के बीच महंगाई की बात सामने आने से लोग अपना बजट की सोचने लगे

» मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। रूस और यूक्रेन के बीच छिडी जंग से लोग काफी चिंतित नजर आ रहे हैं। नूंह(मेवात) जैसे पिछडे जिला की गली -मोहल्लों , पान-बीडी, सिगरेट व बाजार की दुकानों, चौपालों, हुक्कों की गुड गुडाहट व सार्वजनिक जगहों आदि पर छिडी जंग को लेकर इसके नफा नुकसान की बाते की जा रही हैं। जिला के जानकारों की माने तो यदि जंग जल्द खत्म नहीं हुई तो, इसका सीधा असर कारोबार पर पडेगा और महंगाई बढने की बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। दोनों देशों से भारत का कारोबार जुडा हुआ है। रूस व यूक्रेन में युद्व छिडे होने से यहां का कारोबार प्रभावित हो रहा है। इससे कीमतों में भारी उछाल होने की बात से इंकार नहीं किया जा सकता है।

संजय मनोचा, बॉबी, सूरज खुराना, अली मोहम्मद, हनीफ, सुमित अदलखा, डा0 साहिल खेडा आदि ने बताया कि रूस और यूक्रेन के बीच छिडी जंग से व्यापार बाधित होगा और महंगाई आमसन छू सकती है। खासकर पैट्रोलियम पदार्थों में महंगाई की बात सामने आने से लोग सहमे हुए हैं और अपना बजट अभी से बना रहे हैं खासकर मेवात में गाडी ट्रांसपोर्टस का काम करने वाले लोग अपना नफा नुकसान व अन्य व्यवस्था के बारे में पहले से ही जुगाड लगा रहे हैं। कई लोग तो पैट्रोल पम्पों पर जाकर अभी से ही अपना भण्डारन करने में लग गये हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पहले शिकायत, फिर पलटे पार्षद

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। नगर निगम के पार्षद मनोज कुमार, अंजू देवी, हेमा बिष्ट तथा प्रमोद पाल ने नगर आयुक्त विजयनाथ शुक्ल को पत्र देकर अवगत कराया कि कल उनके फर्जी हस्ताक्षर कर मेयर गौरव गोयल के खिलाफ एक शिकायती पत्र उन्हें दिया गया। सभी पार्षदों का आरोप है कि उन्होंने नगर आयुक्त को इस तरह की कोई शिकायत मेयर के खिलाफ नहीं दी,जिस पर उन्होंने कड़ी आपत्ति जताते हुए उनके फर्जी हस्ताक्षर युक्त दिए गए शिकायत पत्र देने वाले पार्षद धीरज पाल एवं पार्षद पति संजीव तोमर के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। पार्षदों ने कहा कि निगम के कुछ कर्मचारियों द्वारा द्वेष भावना एवं मेयर का मानसिक उत्पीड़न करने की दृष्टि से इस तरह की फर्जी शिकायत उनके नाम से नगर आयुक्त को दी,जिसका उनसे किसी प्रकार का लेना-देना नहीं है।उन्होंने कहा कि जब-जब मेयर द्वारा निगम में पारदर्शिता हेतु जांच की बात की जाती है तब-तब कार्यालय के भ्रष्ट कर्मचारियों द्वारा कभी यूनियन को तो कभी कुछ पार्षदों को अपने बचाव में खड़ा करने का प्रयास किया जाता है,इसको लेकर इन पार्षदों में रोष व्याप्त है तथा उन्होंने नगर आयुक्त से इसकी उचित जांच करा कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### गंगनहर में डूबे युवक का सात दिन बाद शव बरामद

देहरादून, एजेंसी। बीते दिनों एसडीआरएफ टीम को कोतवाली रुड़की द्वारा सूचना मिली थी कि एक युवक रुड़की क्षेत्र के गंगनहर में डूब गया है जिसका शव आज सात दिन बाद बरामद कर लिया गया है। यहां उपरोक्त सूचना प्राप्त होने पर एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंची, घटनास्थल पर पहुंचने के उपरांत ज्ञात हुआ कि उक्त युवक अपने दोस्तो के साथ दीन दयाल उपाध्याय पुल के पास गंगनहर में नहाने के लिए गया था। गंगनहर में नहाते समय उक्त युवक पानी के तेज बहाव के चपेट में आने से संभल नहीं पाया व बह गया। इस अवसर पर बताया गया कि एसडीआरएफ की डीप डाइविंग टीम द्वारा मय रेस्क्यू उपकरणों विगत सात दिनों से घटनास्थल पर उक्त युवक की गहन सर्चिंग की जा रही थी। एसडीआरएफ टीम द्वारा पुनः सर्चिंग के दौरान उक्त युवक अनोखा उम्र 17 वर्ष निवासी नागालैंड के शव को बरामद कर जिला पुलिस के सुपुर्द किया।

### उक्रांद कार्यकर्ताओं ने यूक्रेन से लौटी सिद्दि तोपवाल को बुके देकर किया स्वागत

देहरादून,, एजेंसी। यूक्रेन से वापस लौटी सिद्दि&ल्लु२स्र;तोपवाल का उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकताओं ने बुके देकर और माल्यार्पण करके स्वागत किया। इस अवसर पर सिद्धि तोपवाल के घर लौटने पर उत्तराखंड क्रांति दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता यूकेडी नेता शिव प्रसाद सेमवाल के नेतृत्व में सिद्दि&ल्लु२स्र;तोपवाल के घर गए और उनकी कुशलक्षेम पूछी। उन्होंने भविष्य की योजनाओं को लेकर भी विचार विमर्श किया। उन्होंने बताया कि सिद्धि तोपवाल एमबीबीएस की पढ़ाई करने के लिए यूक्रेन गई थी यह उनका प्रथम वर्ष था। युद्ध छिड़ने के बाद उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वापसी के दौरान कहीं 25 किलोमीटर पैदल चलना पड़ा तो कहीं 10-12 घंटे तक लगातार लाइन में लगे रहना पड़ा। इस अवसर पर उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिव प्रसाद सेमवाल ने इस बात पर अफसोस जाहिर किया कि उत्तराखंड में भी एमबीबीएस की पढ़ाई लगभग सवा करोड़ में होती है जबकि यूक्रेन जैसे देशों में 25 लाख रुपए में एमबीबीएस की पढ़ाई कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि खाने और रहने की व्यवस्था को इसी बजट मे हो जाती है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में ऐसा क्यों नहीं हो पा रहा है। इस अवसर पर सिद्धि तोपवाल ने बताया कि उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिव प्रसाद सेमवाल ने इस बात पर अफसोस जाहिर कर किया कि उत्तराखंड में भी एमबीबीएस की पढ़ाई लगभग सवा करोड़ में होती है जबकि यूक्रेन जैसे देशों में 25 लाख रुपए में एमबीबीएस की पढ़ाई कराई जा रही है। खाने और रहने की व्यवस्था को इसी बजट में हो जाती है। उन्होंने कहा कि पोलैंड तथा अन्य देशों ने यूक्रेन में पढ़ रहे छात्रों से उसी खर्चे पर अपने देश में पढ़ाने की पेशकश की है लेकिन वह अब भारत में रहकर ही पढने पर विचार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में एमबीबीएस की पढ़ाई का सस्ते में प्रावधान किया जाना चाहिए और आने वाली सरकार इस दिशा में पहल करेगी। इस अवसर पर अनेक पदाधिकारी शामिल थे।

### राजभवन में दो दिवसीय वसंतोत्सव का आयोजन आठ से

देहरादून, एजेंसी। राज्यपाल सेनि ले. जनरल गुरमीत सिंह ने कहा है कि राजभवन में आठ एवं नौ मार्च को वसंतोत्सव का आयोजन किया जायेगा। यहां राजभवन में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि आठ और नौ मार्च को वसंतोत्सव 2022 का आयोजन किया गया है इसके लिए सभी प्रकार की तैयारियां आरंभ कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि आठ मार्च को पूर्वाह्न11 बजे वसंतोत्सव का उदघाटन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस बार वसंतोत्सव के आयोजन में 12 प्रकार की अलग अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। राज्य को पुष्प प्रदेश बनाने की दिशा में काम होगा और आर्थिकी से जोड़ने को लेकर भी प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राजभवन में विभिन्न प्रकार के पुष्पों को रखा जायेगा, वहीं विभिन्न विभाग भी इसमें प्रतिभाग करेंगे।

### अवैध धन वसूली पर रोक लगाने को एसएसपी से लगाई गुहार, ज्ञापन

देहरादून, एजेंसी। नगर की कानून व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार व अवैध धन वसूली पर रोक लगाने के लिए नगर की हलवाई समिति व राजपुर रोड व्यापार मंडल ने एसएसपी को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। आज दून नगर की हलवाई समिति व राजपुर रोड व्यापार मंडल ने समिति व व्यापार मंडल के संरक्षक लालचंद शर्मा के नेतृत्व में देहरादून के डीआईजी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से भेंट कर नगर की कानून व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार व अवैध धन वसूली पर रोक लगाने के लिए एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर ज्ञापन में कहा गया है कि होली के त्योहार पर देहरादून नगर की कानून व्यवस्था तथा ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार व नियंत्रण के सम्बंध में उचित कार्यवाही करते हुए नगर की जनता व व्यापारियों की रक्षा करने का आग्रह किया गया है। इस अवसर पर ज्ञापन में कहा गया है कि होली के त्यौहार पर कुछ लोग नगर के व्यापारियों से दबंगता पूर्वक अवैध धन वसूली कर व्यापारियों का उत्पीड़न करते है जिससे व्यापारियों के मान सम्मान व धन की हानि होती है। ज्ञापन में कहा गया है कि देवभूमि की राजधानी में इन सब विषयों पर गंभीरता से कार्य करते हुए शासन प्रशासन जनता की रक्षा कर अपना कर्तव्य निभाये। इस अवसर पर एसएसपी ने उचित कार्यवाही करने का भरोसा दिया। इस अवसर पर अनेक व्यापारी सम्मिलित रहे।

# आनन्द स्वरूप आर्य में फेयरवेल कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा शमा

» मदरलैंड संवाददाता




रुड़की। आनन्द स्वरुप आर्य सरस्वती विद्या मन्दिर में कक्षा 12 के छात्रों के सम्मान में विदाई (फेयरवेल) शुभकामना कार्यक्रम का आयोजन माधव भवन के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के उपाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद कुलश्रेष्ठ, प्रबन्धक डॉ. रजत अग्रवाल, कर्नल रविन्द्र बंसल, जेपी शर्मा, प्रधानाचार्य अमरदीप सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। उप प्रधानाचार्य मोहन सिंह मटियानी ने छात्रों को विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ सम्मान विद्यालय रत्न की घोषणा की। सत्र 2021-22 का विद्यालय रत्न बालक वर्ग में माधव गोस्वामी एवं बालिका वर्ग में अनुप्रिया भट्ट को प्रदान किया गया। सीनियर छात्रों के सम्मान में कक्षा 11 के छात्रों ने मनोरजक खेल प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से शुभकामनाये एवं उपहार प्रदान कियें, वही 12वीं कक्षा के छात्रों द्वारा विद्यालय से जुडे अपने संस्मरणों को भी मंच से साझा किया गया। छात्रों ने गीत-संगीत एवं नृत्य की मधुर एवं मनमोंहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जन समूह को मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यालय उपाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद कुलश्रेष्ठ ने कहा कि छात्रों हेतु शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण एवं सर्वांगीण विकास हेतु विद्या मन्दिरों की स्थापना की गई। आनन्द स्वरुप आर्य सरस्वती विद्या मन्दिर रुड़की निरन्तर एवं सतत प्रयासों से छात्रों को चारित्रिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं खेलकूद आदि की सर्वश्रेष्ठ शिक्षा पद्धतियों के माध्यम से विद्या भारती के मूल सिद्धान्तों का पालन कर ऐसे छात्रों का निर्माण कर रहा है जो अपनी योग्यता, उपलब्धियों और कार्य व्यवहार से राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाने में समर्थ है। विद्यालय प्रबन्धक ड़ॉ. रजत अग्रवाल ने कहा कि सामाजिक दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करना चाहिए। अपनी रुचि और सही लक्ष्य को जानकर सही योजना और मार्गदर्शन के माध्यम से ईमानदारी पूर्वक कठिन से कठिन लक्ष्य को भी प्राप्त किया जा सकता है। प्रधानाचार्य अमरदीप सिंह ने कहा कि भारतीय महापुरुषों, विद्वानों के कार्यो और जीवन व्यवहार से प्रेरणा लेकर छात्रों को लाभान्वित कर सदकार्यो के लिये प्रेरित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु सदैव, संस्कारित, नैतिक, चारित्रिक, शैक्षिक, खेलकूद व बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन कर देश की संस्कृति व परम्पराओं के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वाह पूरी श्रृद्धा और लगन से करता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन जिया, रिया, लक्ष्य, अस्मित, पलक, भूमि, आदित्य, अर्णव ने संयुक्त रुप से किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में आंचल, अनिषा, सलोनी, अंशु, काजल, सृष्टि, तनु, श्रेया, दिव्यांशी, अलिषा, अंकिता, नव्या, सूरज, शशांक, सत्यम, वासु मुख्य रुप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य प्रशासन कलीराम भट्ट, आशुतोष शर्मा, शमा अग्रवाल, जसवीर सिंह पुण्डीर समेत सभी शिक्षक उपस्थित रहें।

# कमीशन के फेर में जिंदगी को खतरे में डाल रहा नगर निगम

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। नगर निगम रुड़की कमीशन के फेर में आम नागरिकों की जिंदगी को खतरे में डाल रहा है...यह हमारा नहीं शहर के लोगों का कहना है। इंदिरा विहार सुनेहरा क्षेत्र में पिछले 10 दिनों से टूटा पड़ा चेम्बर का ढक्कन हादसे और क्षेत्रवासियों के गुस्से की वजह बना है। लोगों का कहना है कि नगर निगम कमीशन के फेर में जानबुझकर घटिया सामग्री के ढक्कन प्रयोग कर रहा है, जो दस दिन बाद ही टूट जा रहे हैं। मंगल विहार को जाने वाली सड़क के मोड़ पर भी चेम्बर के ऊपर 10 दिन पहले रखा गया ढक्कन जवाब देने लगा है। इंदिरा विहार के रास्ते पर टूटा चेम्बर का ढक्कन तो सीधे आम जिंदगी और रास्ते से गुजरने वाले छोटे बच्चों की जिंदगी को खतरे में डाल रहा है। स्थानीय लोगों ने तो यहां तक कह दिया कि हालात दूसरे क्षेत्रों के भी ऐसे ही हैं जिससे साफ है कि नगर निगम अधिकारी और मेयर आपस में मिलकर कमीशन के खेल में लगे हैं। शहर के विकास और आम जन की समस्याओं से नगर निगम को कोई लेना देना नहीं है। यही कारण है कि नगर निगम की सड़कें भी छह माह से ज्यादा नहीं चल पा रही हैं। बार-बार निगम उन्हीं सड़कों को दोबारा से बनाने में लगा है, जिसमें आम जनता से हाऊस टैक्स के रूप में वसूली गई रकम को ठिकाने लगाया जा रहा है और जनता को केवल हादसे, समस्याएं और टैक्स की मार झेलने के लिए छोड़ दिया गया है। चेतावनी दी कि अगर जल्द ही क्षेत्र में चेम्बरों के ढक्कन नहीं बदले जाते तो फिर सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा।

# क्षेत्रीय खेल कूद प्रतियोगिता में बहाया छात्रों ने पसीना



» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। प्राविधिक शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड की ओर से शनिवार को आईडीएम हॉस्टल, सुनेहरा ग्राउंड में तीन दिवसीय क्षेत्रीय खेल-कूद प्रतियोगिता 2021-22 गढ़वाल जोन-2 का शुभारंभ किया गया। प्राविधिक शिक्षा उत्तराखण्ड के अपर निदेशक आरपी गुप्ता एवं सचिव देशराज द्वारा ध्वजारोहण एवं मशाल जलाकर किया गया। उन्होने प्रतियोगिता में भाग लेने आए खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाने के साथ ही उन्हे खेलों के प्रति जागरूक और प्रेरित किया। कहा कि खेल भी जीवन का अहम हिस्सा हैं। खेलों से हम शारिरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं और आज तो खेल अच्छे भविष्य का भी जरिया बन चुके हैं। सचिव देशराज ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेला जाना चाहिए। हार भी जीवन का हिस्सा है। इससे हमें निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि हार से सबक लेकर जीवन में आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। उन्होने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक राजीव सिंह, संयुक्त निदेशक राजेश उपाध्याय आदि भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, उत्तरकाशी के छात्रों ने प्रतिभाग किया। पहले दिन दौड़, कूद की प्रतियोगिताएं हुई। जिनमें छात्रों ने पूरा जोश दिखाया। 800 मीटर दौड़ में केएलपी, रुड़की के सिविल इंजी. द्वितीय वर्ष के छात्र फरहान पहले स्थान पर रहे। उत्तरकाशी के अनुराग कंडियाल दूसरे और केएलपी, रुड़की के इलेक्ट्रीकल्स इंजी. प्रथम वर्ष के छात्र गौरव तीसरे स्थान पर रहे। तीनों छात्रों को मेडल और प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जितेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

# निरंतर परिश्रम, अनुशासन की सीख के साथ सम्पन्न हुआ एनएसएस शिविर

» मदरलैंड संवाददाता



लक्सर। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के जिला समन्वयक डॉ. एसपी सिंह ने कहा कि बदलें की भावना न होकर बदलाव की भावना होनी चाहिये। समझदार वही व्यक्ति होता हैं जो ईंट का जवाब पत्थर से न देकर फेंकी हुई ईंटो से अपना अशियाना बना लेना हैं। डॉ. एसपी सिंह बालाजी एकेडमी जूनियर हाई स्कूल खानपुर में नेशनल कन्या इण्टर कालेज खानपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 7 दिवसीय आवासीय शिविर के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने कहा कि जिस प्रकार इस विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम गुप्ता ने जीवन में संघर्ष कर मुकाम हॉसिल किया है ठीक उसी प्रकार स्वयंसेवियों को भी अपने जीवन में आगे बढकर जीवन के मार्ग को प्रशस्त करना चाहिये। साधन सहकारी समिति के चेयरमैन ओमकार सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये कहा कि प्रधानाचार्य ने खादर क्षेत्र में इस संस्था की स्थापना कर बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित किया है जिसके फलस्वरूप आज खानपुर क्षेत्र की बालिकाओं ने जनपद, व प्रदेश स्तर पर परचम लहरा रखा है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि इस शिविर की प्रबंध व्यवस्था तथा छात्रों का शिक्षकों व प्रधानाचार्य के बीच भावनात्मक सम्बन्धों को देखकर वह हतप्रभ है। शिविर के अन्तिम दिन विदाई के समय स्वयंसेवियों, शिक्षकों एवं प्रधानाचार्य की भावुकता को देखकर वह सन्न रह गये। कालेज प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम गुप्ता ने कहा कि सभी स्वयंसेवी शिविर की अवधि और अधिक बढाने की मांग कर रहे हैं जिसे देखते हुये ग्रीष्म कालीन अवकाश में स्पेशल कैम्प आयोजित करने की घोषणा उनके द्वारा की गयी। अतिथियों ने शिविर में अच्छा कार्य करने के लिये 35 स्वयंसेवियों को मेडल तथा स्मृति चिहन भेंट कर पुरस्कृत किया। बालाजी एकेडमी जू0 हा0 स्कूल के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार, कार्यक्रम अधिकारी नूतन ने भी स्वयंसेवियों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. एसपी सिंह ने सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। टोली नायिका वन्दना सिंह ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। इस अवसर पर चै. घनश्याम सिंह, बृजमोहन, संजय यादव, यतेन्द्र, श्रीकान्त गुप्ता, सचिन त्यागी, शाीशपाल, विशाल भाटी, ओमपाल सिंह, राजेश, वंशिका, मुकुल कुमार, मोहित कुमार, शिवानी सैनी, तन्नू चैधरी, आर्यन, सलौनी, सलौनी सैनी, निशा, वंशिका, बलराम, रितिक, मोहन कुमार, विशाल, रितिक आदि उपास्थित रहे।

# किन्नर समाज ने किया भंडारे का आयोजन



लालकुआ, एजेंसी। लालकुआं गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी किन्नर समाज द्वारा क्षेत्र कि खुशहाली, तरक्की, आपसी सौहार्द एवं बेहतर स्वास्थ्य की कामना को लेकर आज गौलापार के बागजाला स्थित श्री शिव बागनाथ मंदिर में प. पूरन चंद्र की मौजूदगी में हवन व कन्या पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया। बताते चलें कि यहां लालकुआं के गौलापार क्षेत्र में मौसी नाम से मशहूर किन्नर समाज कि हेड कशिश मौसी की अगुवाई में क्षेत्र के साथ आसपास से आये कई किन्नरों द्वारा श्री शिव बागनाथ मंदिर में हवन यज्ञ में शामिल होकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर सभी के कल्याण की कामना की गई। जिसके पश्चात मंदिर में कन्या पूजन कर कन्याओं को चुनरी नारियल भेंट के साथ उपहार भी दिये गए। इसके पश्चात भण्डारे का भोग लगाकर मंदिर में मौजूद भक्तजनों को भंडारा प्रसाद वितरित किया गया जो कई घण्टों तक जारी रहा इस दौरान किन्नरों द्वारा मंदिर में भंडारा प्रसाद ग्रहण करने आये भक्तों को प्रसाद वितरण में सेवा की गई। इधर किन्नर समाज कि हेड किन्नर कशिश मौसी ने बताया कि उनके द्वारा पिछले कई वर्षों से जनकल्याण के उद्देश्य से श्री शिव मंदिर में हवन यज्ञ व भण्डारे के साथ-साथ जागरण का आयोजन किया जा रहा है जो आगे भी चलता रहेगा। उन्होंने अपने किन्नर समाज एवं लोगों से धार्मिक एंव समाजिक कार्यों बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के आलावा गरीबों और निर्धन लोगों कि मदद करने की अपील की है। इधर भाजपा नेता बंसत आर्य ने कहा कि किन्नर समाज कही पीछे नहीं है। किन्नर समाज की हेड कशिश मौसी द्वारा समय समय पर क्षेत्र के गरीबों और निर्धन लोगों की मदद की जाती हैं तथा गरीब बेटियों कि शादियों में सामान और आर्थिक मदद भी उनके द्वारा कि जाती है। उन्होंने कहा कि किन्नर समाज ने भी जिस तरह से हर वर्ष मंदिर में भंडारे का आयोजन कर तथा गरीबों को भोजन और कपड़े बांटकर एक मिसाल पेश की है उसे किन्नर समाज की चारों तरफ सराहना की जा रही है।

# दुकानों के आगे बसवार देख व्यापारियों को आया गुस्सा, नारेबाजी

देहरादून, एजेंसी। दून उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ पलटन बाजार के व्यापारी मेयर से मिले और बाजारों में बसवार के लगाए जाने के तरीके पर आपत्ति दर्ज कराई थी, लेकिन इन्हें हटाने के लिए कोई कार्यवाही न होने पर व्यापारियों ने जमकर हंगामा किया। आज दून उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ पलटन बाजार के व्यापारी मेयर से मिले और बाजारों में बसवार के लगाए जाने के तरीके पर आपत्ति दर्ज कराई थी। जिस पर मेयर ने तुरंत संज्ञान लेते हुए स्मार्ट सिटी और बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों को तुरंत फोन किया। उन्हें कहा कि व्यापारियों के साथ बैठकर पहले इस पर चर्चा की जाए और उसके बाद इन्हें लगाया जाए, साथ ही तब तक काम को रोक दिया जाए। इस दौरान मेयर के आश्वासन के बाद जब आज व्यापारी बाजार पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उनकी दुकानों के सामने छह-छह फीट ऊंचे और लगभग चार फीट चैड़े लगभग 20 बसवार रखे हुए हैं जिस पर सभी व्यापारी आक्रोशित हो गए और वहां पर हंगामा करते हुए नारेबाजी करने लगे। व्यापारियों ने आक्रोश में आकर बसवार उठाकर सड़क के बीचो बीच रख दी। इस अवसर पर व्यापारियों ने स्मार्ट सिटी व बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कहा कि तत्काल इन बसवारों को बाजारों से हटाया जाये अन्यथा इसके लिए आंदोलन करना पडेगा। इस अवसर पर अनेकों व्यापारी शामिल रहे।

# कूर्मांचल सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में सामूहिक होली मिलन कार्यक्रम आज

देहरादून, एजेंसी। कूर्मांचल सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में सामूहिक होली मिलन पर विशाल सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर पारंपरिक वेशभूषा में झांकियां भी निकाली जायेंगी। यहां जारी एक बयान में कार्यक्रम संयोजक बबीता साह लोहनी ने बताया कि इसके आयोजक हाथीबड़कला, गढ़ी, कांडली शाखा है। उन्होंने कहा कि दोपहर 12 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। उन्होंने बताया कि झांकी आरंभ स्थल ब्लूमिंग बर्ड स्कूल, निकट टपकेश्वर द्वार, गढ़ी कैंट से आरंभ होक कूर्मांचल सांस्कृतिक परिषद की विशाल सामूहिक सांस्कृतिक होली मिलन की झांकी विभिन्न रंग रूपों के साथ शहीद दुर्गामल्ल पार्क, कैंट बोर्ड ऑफिस के सामने, गढ़ी कैंट तक जायेगी। उन्होंने बताया कि झांकी में पारंपरिक परिधानों व आभूषणों में सजकर, विभिन्न स्वांग रूपों के साथ, विभिन्न वाद्ययंत्रों मशकबीन, ढोल,दमाउ, हुड़का, मजीरा, बाँसुरी, ढपली, ढोलक आदि के साथ कूर्मांचल सांस्कृतिक परिषद की सभी शाखाएं, हमारी पहचान रंगमंच संस्था के कलाकार, युवा पीढ़ी तथा बच्चे सामूहिक रूप से हर्षोल्लास के साथ प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल पर आयोजित होली मिलन समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ जलपान का आनंद सभी के साथ मिलकर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को इस बार भव्यता प्रदान की गई है।

# प्रमुख महिला राज्य आंदोलनकारियों को आज किया जाएगा सम्मानित

## उत्तराखण्ड राज्य आंदोलन में निभाई थी सक्रिय भूमिका

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी मंच द्वारा निर्णय लिया गया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी मंच रविवार को प्रातः साढे.11 बजे रेसकोर्स स्थित ट्रांजिट हास्टल के हाल में प्रमुख महिला राज्य आंदोलनकारियों को उत्तराखण्ड राज्य आंदोलन में उनके सक्रिय योगदान के लिए सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर कहा गया कि नरेन्द्र सिंह नेगी ने पृथक उत्तराखंड राज्य प्राप्ति आंदोलन में और महिलाओं की भूमिका व उनकी पीड़ा पर कई गीत गाये व लिखे गये हैं। उनके द्वारा ही यह गौरव सम्मान मातृशक्ति को प्रदान करने पर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच अपने को गौरवान्वित महसूस करेगा। इस अवसर पर गढ़रत्न व गीतकार नरेन्द्र सिंह नेगी मुख्य अतिथि होंगे। यहां जानकारी देते हुए मंच के प्रदेश अध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी ने बताया कि छात्रों द्वारा प्रारम्भ पृथक उत्तराखण्ड राज्य की मांग को लेकर जो आंदोलन हुआ उसमें महिलाओ ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। राज्य आंदोलनकारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी व कोषाध्यक्ष जयदीप सकलानी ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी मंच हमेशा से राज्य हितों से लेकर राज्य आंदोलनकारियों के सम्मान के लिए संघर्षरत रहा है। इस अवसर पर महासचिव रामलाल खंडूड़ी व जिलाध्यक्ष प्रदीप कुकरेती ने कहा कि एक ओर हम महिलाओं के योगदान पर सम्मानित कर रहे है तो वहीं एक छात्रा के साथ हुए घटनाक्रम से हम सभी स्तब्ध है। मंच ने पुलिस महानिदेशक से मांग करते हुए कहा कि शिक्षण संस्थानों में जिस प्रकार छात्रा को सरेआम गोली मार दी गई। शान्त वादियों में जिस प्रकार छात्र नशे के गिरफ्त में आ रहे हैं इससे हमारी कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं, जबकि पुलिस प्रशासन द्वारा नशे के खिलाफ मुहिम भी चलाई उसमें कुछ सफलता तो मिली, परन्तु अभी युद्ध स्तर पर कार्य करने की जरूरत है।

संक्षिप्त समाचार

## आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस ने लिया रिमांड पर



जयप्रकाश भारद्वाज, मदरलैंड संवाददाता, महेंद्रगढ़। थाना सदर महेंद्रगढ़ पुलिस ने हरियाणा पुलिस में एसआई के पद पर नौकरी लगवाने के मामले में 22,50,000 की धोखाधड़ी के मामले में दूसरे आरोपित को किया गिरफ्तार। पुलिस ने पूछताछ में आरोपित से 10 लाख रुपए किए बरामद। अश्वनी कुमार कुमार गांव बचीनी ने थाना सदर महेंद्रगढ़ पुलिस को नामजद व्यक्तियों के खिलाफ एक शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसका संपर्क कुछ व्यक्तियों से हुआ था जिन्होंने बताया कि उनकी पहुंच बहुत अच्छी है और किसी भी नौकरी में लगवा सकते हैं। उन्होंने शिकायतकर्ता से कहा कि नौकरी लगवाने के लिए पैसे लगेंगे और हरियाणा पुलिस में एसआई के पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर 25 लाख रुपए की मांग की थी। जिन्होंने शिकायतकर्ता को विश्वास में लेकर शिकायतकर्ता के दोहते को हरियाणा पुलिस में एसआई के पद पर नौकरी लगवाने के लिए 22,50,000 लिए थे। जो शिकायतकर्ता ने आरोपितों को मनी ट्रांस फर, इंटरनेट और फोन पे आदि के माध्यम से पैसे ट्रांसफर किए थे। लेकिन आरोपित समय-समय पर शिकायतकर्ता को झूठा आश्वासन देते रहे। लेकिन आरोपितों ने शिकायतकर्ता के दोहते को न ही नौकरी लगवाया और पैसे वापस लेने पर शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी दी। जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत थाना सदर में मामला दर्ज किया था। मामले में प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना सदर महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने नौकरी लगवाने के नाम पर 22,50,000 की धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपित परीक्षित को तुरंत गिरफ्तार कर लिया था। जिससे पुलिस ने ढाई लाख रुपए बरामद किए थे। मामले में कारवाई करते हुए उन्होंने कहा की दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित को राजस्थान के जयपुर क्षेत्र से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपित की पहचान रवि झांझड़िया वासी जयपुर के रूप में हुई है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर पर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपित से गहनता से पूछताछ जारी है।

## मजदूर कार्यालय नारनौल में खोलने पर उपमुख्यमंत्री का किया आभार



मदरलैंड संवाददाता, नारनौल। श्रम मजदूर कार्यालय खोले जाने को लेकर आज निजामपुर चौक पर न्यू राम ब्रिक्स कंपनी ईट भट्ठा पर जेजेपी के वरिष्ठ नेता विजय छिल्लरो, जिला ऑफिस इंचार्ज वीरेंद्र घाटाशेर, देशराम सरपंच निजामपुर ने मजदूरों के बीच जाकर देसी घी से बने चूरमें का प्रसाद बांटकर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व श्रम व रोजगार मंत्री अनूप धानक का धन्यवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि दुष्यंत चौटाला व मंत्री अनूप धानक के प्रयासों से श्रम कार्यालय नारनौल में शुरू हुआ। इसी खुशी के अवसर पर जेजेपी के कार्यकताओं ने ईट भट्टे पर पहुंचकर मजदूरों के बीच खुशी मनाई और उनको बधाई दी। छिलरो ने बताया कि मजदूरों की यह मांग काफी दिनों से थी तथा कुछ दिन पहले ही भट्टे यूनियन के प्रतिनिधियों ने हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के चंडीगढ़ निवास स्थान पर पहुंच कर मजदूरों की समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया था। तब उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने उन्हें आश्वासन दिया था कि जल्दी ही नारनौल में श्रम मजदूर कार्यालय खोला जाएगा। क्योंकि इससे पहले जो भी श्रम मजदूरों की समस्याएं होती थी उनके लिए रेवाड़ी या गुडगांव जाना पड़ता था। उन्होंने नारनौल में श्रम कार्यालय खोलने पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का आभार आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर आईटी सेल सुनील श्योराण, जोगिंदर निजामपुर, सत्यवीर नापला, कृष्ण कारोली, मनोज छिलरो सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# फ्यूजन फाइनेंस ने हरियाणा में ग्रामीण महिलाओं के बीच बांटे 50 वाटर व्हील

### इससे ग्रामीण महिलाओं की समस्या कम करने में मदद मिलेगी




एलेनाबाद। फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस ने राज्य के थलारका, एलेनाबाद में वाटर व्हील वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया और ग्रामीण महिलाओं के बीच 50 वाटर व्हील का वितरण किया ताकि परिवारों के लिए पानी इकट्ठा करने से संबंधित उनकी तकलीफों को कम किया जा सके। कार्यक्रमों में आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की भागीदारी देखी गई। इन कार्यक्रम के दौरान कोरोना से जुड़े विभिन्न मानदंडों जैसे सामाजिक दूरी, मास्क और सैनिटाइजर के उपयोग का सख्ती से पालन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान, कंपनी के अमित पंत, तीरथ कुमार, प्रशांत और विजय ठाकुर की उपस्थित थे।

इन कार्यक्रमों के बारे में बात करते हुए फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ₹एक जिम्मेदार संस्थान के रूप में कंपनी विभिन्न सामाजिक पहलों द्वारा समाज के विकास और सामान्य जीवनशैली में वृद्धि करने में विश्वास करती है। ये कार्यक्रम इन्हीं सामाजिक जिम्मेदारियों के अनुरूप है। भारत में महिलाओं को पानी से संबंधित विभिन्न कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिसमें पानी की कमी और इसे दूर से ढ़ोना शामिल है। हमारे द्वारा प्रदान किए गए वाटर व्हील उनकी समस्या को कम करेंगे और उनके बहुमूल्य समय का भी बचत करेंगे जिसका उपयोग वो किसी अन्य उत्पादक उद्देश्यों के लिए कर सकते हैं।₹

फ्यूजन ने अपनी जिम्मेदारियों को वित्तीय समावेशन तक ही सीमित नहीं रखा है, बल्कि यह अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के माध्यम से समाज कल्याण में भी योगदान दे रही है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले मेहमानों और ग्रामीणों ने ग्रामीण महिलाओं के बीच वाटर व्हील के वितरण के लिए कंपनी की प्रशंसा की। पानी की समुचित व्यवस्था न होने से ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है जैसे कि दूर से अपने सिर पर भारी पानी के कंटेनर ले जाने से थकान, आदि। वाटर व्हील के इस्तेमाल से वे कम समय में बिना किसी थकावट के आसानी से ढेर सारा पानी ला सकेंगी।

कंपनी ने पंजाब, गुजरात, ओडिशा, हरियाणा, झारखंड, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में 350 वाटर व्हील वितरित किए और इस पहल के माध्यम से लगभग 1500 लोगों को लाभान्वित किया गया। साथ ही इस पहल ने अप्रत्यक्ष रूप से स्वच्छता के मुद्दों को लक्षित किया।

## पंडित रत्नलाल शर्मा का पौत्रा बना हरियाणा युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव नितेश उर्फ नीशु शर्मा को बनाए पर हांसी में वर्करों ने बाटे मिटाई

» मनमोहन शर्मा, मदरलैंड संवाददाता

हांसी। भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा विधानसभा क्षेत्र हांसी लाल सड़क जिला हिसार निवासी कांग्रेस नेता नितेश शर्मा को हरियाणा युवा कांग्रेस का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। इसकी नियुक्ति पर लोगों ने उन्हे दी बधाई और मिष्टान से करवाया मीठा मुंह।

इस नियुक्ति पर नितेश शर्मा ने राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष बी श्रीनिवास , राष्ट्रीय मीडिया चेयरमैन राहुल राव , एनआईटी फरीदाबाद विधायक नीरज शर्मा जी, प्रदेश प्रभारी शिवी चौहान ,प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु बुधिराजा और पूर्व चेयरमैन सुमन शर्मा जी का आभार व्यक्त किया और कहा कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा जो उनकी जिम्मेवारी लगाई है इस पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करेंगे

उल्लेखनीय है कि नगर परिषद्



में नितेश शर्मा ने अपने दादा पंडित स्वः रत्न लाल शर्मा कई बार अलग सरकारों में पार्षद व नगर सुधार मण्डल के सदस्य रहे । वे उन्ही से राजनीति व सेवा भावना सीरव करके लोगों के सुख : दुःख में भागीदार रहे।

नितेश ने अपनी चाची पूर्व चेयरमैन रीता शर्मा के कार्यकाल में लोगों के खूब कार्य करवाए । हांसी शहर में एक ऐसा परिवार है जिनके दादा ,बेटे व पुत्रवधु चुनाव जिते है ।

नीतेश शर्मा ,प्राचीन श्री ब्रह्मज्ञशाला व धर्मशाला के अलावा समाज की अलग अलग सस्थाओं में भी बड़चढ़ कर हिस्सा ले रहे । कांग्रेस पार्टी ने उन्हे दिल्ली निगम चुनाव में उनकी डियूटी भी लगाई हैं

## विधायक ने सरकारी योजनाओं को अधिक कारगर बनाने के दिए सुझाव

» संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। गत शुक्रवार हरियाणा विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चल रही चर्चा के दौरान नांगल चौधरी के विधायक डॉ अभय सिंह यादव ने सरकार के समक्ष सरकार की विभिन्न योजनाओं को और अधिक कारगर ढंग से लागू करने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा प्रायः किसान की फसलों को नुकसान पहुंचाती रहती है। प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना बहुत अच्छी और महत्वपूर्ण योजना है परंतु इसकी तरफ किसान का रुझान अभी पूरा नहीं बना है। सरकार के स्तर पर इस योजना के बारे में किसानों की जागरूकता यदि अधिक बढ़ाई जाए तो यह योजना अधिक कारगर ढंग से लागू की जा सकती है। उन्होंने कहा कि इसके दो फायदे होंगे एक तो सरकार के बजट पर मुआवजा दिए जाने वाली राशि का बोझ कम होगा और दूसरा किसान में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। किसान यदि कृषि बीमा पॉलिसी को ठीक उसी तरह स्वीकार कर लेता है जैसे उसने पशु बीमा योजना को स्वीकार कर लिया तो वह किसान के हित में होगा। इसमें सरकार के स्तर पर अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है।

दूसरा उन्होंने सरकार द्वारा चलाए जा रहे मृदा स्वास्थ्य कार्ड का जिक्र करते हुए कहा कि केवल कार्ड बनाने से किसान का भला नहीं होगा। इस काम को अधिक गंभीरता से करने की जरूरत है। मिट्टी की जांच करते समय सैंपल की विश्वसनीयता और जमीनी स्तर पर हर गांव की मिट्टी की सही मैपिंग करके जितनी भी तरह की मिट्टी गांव में मिलती है उस सभी प्रकार की मिट्टी के सैंपल अलग-अलग लिए जाएं ताकि किसान के हर खेत की मिट्टी का टेस्ट संभव हो पाए। यह टेस्ट करने के उपरांत कृषि विशेषज्ञों अर्थात कृषि से संबंधित सभी संबंधित विभागों के विशेषज्ञों की एक टीम ऐसे प्रत्येक सैंपल का विश्लेषण करें। तदोपरांत किसान के हर खेत की एक रिपोर्ट तैयार की जाए। इसमें किसान को फसल और बीज एवं खाद सभी चीजों की सलाह उसकी मिट्टी के परीक्षण परिणाम के अनुसार दी जाए। डा. यादव ने प्रत्येक किसान को ऐसी रिपोर्ट एक पासबुक के रूप में देने का सुझाव दिया ताकि प्रत्येक किसान को अपने खेत के बारे में पता रहे कि उसे खेत में कौन सा खाद डालना है व कौनसी फसल उसमें ज्यादा लाभदायक ढंग से ली जा सकती है।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने 9M-F2022 के दौरान 982 करोड़ रु. मूल्य के कोविड-19 संबंधित दावों का निपटारा किया

पानीपत। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस का दावा निपटान अनुपात वित्त वर्ष 2021 के दौरान 97.9% था और कंपनी को गैर-जांच किए गए मृत्यु दावों को निपटाने में औसतन 1.4 दिन लगे। वित्त वर्ष 2022 को समाप्त 9 महीने के लिए, कंपनी ने रु। 982 करोड़ मूल्य के कोविड -19 संबंधित दावों का निपटारा किया । दावों के निपटान की प्रक्रिया सहित ग्राहक सेवा को तेज, सुरक्षित और ग्राहकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए, विशेष रूप से महामारी के दौरान, कंपनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग जैसी डिजिटल तकनीकों का उपयोग कर रही है। , रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (RPA) और ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन (OCR)। RPA और OCR जैसी तकनीकों का उपयोग हामीदारी, दावों के मूल्यांकन, नीतियों को बेचने या नवीनीकृत करने और अनुकूलित ऑफर की पेशकश के लिए भी किया जा रहा है। ग्राहक सेवा अनुरोधों को शुरू करने और समाप्त करने, आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने और प्रीमियम भुगतान प्रमाणपत्र डाउनलोड करने के लिए व्हाट्सएप, मोबाइल ऐप, वेबसाइट, चैटबॉट लीगो इत्यादि जैसे किसी भी डिजिटल टच-पॉइंट का उपयोग कर सकते हैं।

श्री आशीष राव, ईवीपी और चीफ-कस्टमर एक्सपीरियंस एंड ऑपरेशंस, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने कहा, 'हमारी सभी डिजिटलाइजेशन पहलों का उद्देश्य ग्राहकों को सशक्त बनाना और उन्हें परेशानी मुक्त अनुभव प्रदान करना है। प्रौद्योगिकी ने प्रक्रियाओं को कुशल बना दिया है और सुनिश्चित किया है कि ग्राहक अपने घरों के आराम और सुरक्षा से अपनी नीतियों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और 90% से अधिक सेवा अनुरोध अब स्व-सहायता प्रकृति के हैं। दावे सच्चाई का क्षण है और डिजिटलीकरण ने एक घर्षण मुक्त दावा निपटान प्रक्रिया सुनिश्चित की है। एक ग्राहक-केंद्रित संगठन के रूप में, हमने 'ग्राहक पहले' दर्शन को अपनाया है और संवेदनशीलता और गति के साथ सभी कोविड -19 संबंधित दावों का निपटारा कर रहे हैं। व्हाट्सएप, मोबाइल ऐप, वेबसाइट और चैटबॉट लीगो जैसे हमारे डिजिटल समर्थक दावों को दर्ज करने और ट्रैक करने के लिए एक सुरक्षित और सुविधाजनक मार्ग प्रदान करते हैं।

श्री आशीष राव, ईवीपी और चीफ-कस्टमर एक्सपीरियंस एंड ऑपरेशंस, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने कहा, ॾहमारी सभी डिजिटलाइजेशन पहलों का उद्देश्य ग्राहकों को सशक्त बनाना और उन्हें परेशानी मुक्त अनुभव प्रदान करना है। प्रौद्योगिकी ने प्रक्रियाओं को कुशल बना दिया है और सुनिश्चित किया है कि ग्राहक अपने घरों के आराम और सुरक्षा से अपनी नीतियों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और 90% से अधिक सेवा अनुरोध अब स्व-सहायता प्रकृति के हैं। दावे सच्चाई का क्षण है और डिजिटलीकरण ने एक घर्षण मुक्त दावा निपटान प्रक्रिया सुनिश्चित की है। एक ग्राहक-केंद्रित संगठन के रूप में, हमने 'ग्राहक पहले' दर्शन को अपनाया है और संवेदनशीलता और गति के साथ सभी कोविड -19 संबंधित दावों का निपटारा कर रहे हैं। व्हाट्सएप, मोबाइल ऐप, वेबसाइट और चैटबॉट लीगो जैसे हमारे डिजिटल समर्थक दावों को दर्ज करने और ट्रैक करने के लिए एक सुरक्षित और सुविधाजनक मार्ग प्रदान करते हैं।

## कोई भी बिल्डिंग और गैर कानूनी तरीके से कॉलोनी काट सकता है ग्लाडा अधिकारी नहीं करेंगे 10 मार्च तक कारवाही





» हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता

लुधियानाः चुनावो के सहारा लेकर गैर कानूनी तरीके से बिल्डिंग, दुकानें और गैर कानूनी तरीके से कॉलोनी काटी जा रही हैं मगर ग्लाडा अधिकारियों की ओर से कोई कारवाही नहीं की जा रही है कोई ग्लाडा के अधिकारी चुनावो को लेकर बहुत व्यस्त हैं न तो वो किसी का फोन उठाते हैं और अगर आप दफ्तर भी मिलने जाओगे तो मीटिंग में का बहना लगा कर मिलते भी नहीं है जब ग्लाडा के अधिकारियों से बात हुई तो उन्होंने कहा कि 10 मार्च तक बिजी हैं उसके बाद देखेंगे इससे साफ जाहिर होता है अगर आप कोई भी गैर कानूनी तरीके से कॉलोनी काट रहे हैं या बिल्डिंग बना रहे तो ग्लाडा द्वारा 10 मार्च तक कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी क्योंकि 10 मार्च को चुनावो के नतीजे घोषित हो जायेगे फिर जिस भी पार्टी की सरकार बनेगी वो अपने मनपसिदा अफसर रखेगे जिस कारण ग्लाडा के अधिकारी किसी भी मुड़ मे नही है कारवाही करने के वो सिर्फ 10 मार्च का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि गैर कानूनी तरीके से कॉलोनी और बिल्डिंग सिर्फ वो ही बनाते हैं जिनकी राजनेतिक पार्टी के लोगो के साथ समर्थन होता है इसी कारण चुनावो के दौरान सभी बाय पास लिंक दो पर गैर कानूनी तरीके से जल्दी जल्दी बिल्डिंग तैयार हो रही है और धंधारा रोड पर धड़ले से कॉलोनी काटी जा रही है

## एक ही दिन में योजनाओं के साथ जुड़ने पर उत्साहित नजर आए लाभार्थी

### कारोली के कृष्ण कुमार ने सक्षम योजना से जुड़ने पर जाहिर की खुशी



» अशोक सैनी, मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार योजना के तहत बीडीपीओ कार्यालय के प्रांगण में लगे अंत्योदय मेले में लाभार्थी काफी उत्साहित नजर आए। कई लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं के साथ जोड़ा गया। उपायुक्त श्याम लाल पुनिया ने लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र सौंपा। डीसी खुद दिनभर मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।

मेले में लाभार्थियों के लिए काउंसलिंग तथा फीडबैक डेस्क स्थापित किए गए थे जिस पर दिनभर लाभार्थी योजनाओं के संबंध में जानकारी लेते रहे। इसके बाद संबंधित विभाग को आवेदन भेजकर कईयों को मौके पर ही योजनाओं के साथ जोड़ा गया।

कृष्ण कुमार पुत्र सुंदरलाल गांव कारोली ने अंत्योदय परिवार योजना के तहत सक्षम योजना में फाइल जमा करवाने के बाद थोड़ी ही देर में उसे योजनाओं का लाभ दे दिया गया। रोजगार अधिकारी ने सारी कार्रवाई करते हुए उन्हें स्वीकृति पत्र दिलवाया।

इसी प्रकार दीपिका पुत्री प्रमोद अंत्योदय मेले में मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत तहसील कल्याण अधिकारी राजेश खटाणा ने मेले के दौरान ही सभी कागजात पूरा करके 31 हजार रुपए पास किए। एक ही दिन में सभी प्रकार की कार्रवाई पूरी होते देख लाभार्थियों ने जिला प्रशासन व सरकार का मेला आयोजन करने के लिए आभार जताया।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने 9M-F2022 के दौरान 982 करोड़ रु. मूल्य के कोविड-19 संबंधित दावों का निपटारा किया

हिसार। फरीदाबाद। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस का दावा निपटान अनुपात वित्त वर्ष 2021 के दौरान 97.9% था और कंपनी को गैर-जांच किए गए मृत्यु दावों को निपटाने में औसतन 1.4 दिन लगे। वित्त वर्ष 2022 को समाप्त 9 महीने के लिए, कंपनी ने रु। 982 करोड़ मूल्य के कोविड -19 संबंधित दावों का निपटारा किया । दावों के निपटान की प्रक्रिया सहित ग्राहक सेवा को तेज, सुरक्षित और ग्राहकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए, विशेष रूप से महामारी के दौरान, कंपनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग जैसी डिजिटल तकनीकों का उपयोग कर रही है। , रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (RPA) और ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन (OCR)। RPA और OCR जैसी तकनीकों का उपयोग हामीदारी, दावों के मूल्यांकन, नीतियों को बेचने या नवीनीकृत करने और अनुकूलित ऑफर की पेशकश के लिए भी किया जा रहा है। ग्राहक सेवा अनुरोधों को शुरू करने और समाप्त करने, आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने और प्रीमियम भुगतान प्रमाणपत्र डाउनलोड करने के लिए व्हाट्सएप, मोबाइल ऐप, वेबसाइट, चैटबॉट लीगो इत्यादि जैसे किसी भी डिजिटल टच-पॉइंट का उपयोग कर सकते हैं।

श्री आशीष राव, ईवीपी और चीफ-कस्टमर एक्सपीरियंस एंड ऑपरेशंस, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने कहा, 'हमारी सभी डिजिटलाइजेशन पहलों का उद्देश्य ग्राहकों को सशक्त बनाना और उन्हें परेशानी मुक्त अनुभव प्रदान करना है। प्रौद्योगिकी ने प्रक्रियाओं को कुशल बना दिया है और सुनिश्चित किया है कि ग्राहक अपने घरों के आराम और सुरक्षा से अपनी नीतियों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और 90% से अधिक सेवा अनुरोध अब स्व-सहायता प्रकृति के हैं। दावे सच्चाई का क्षण है और डिजिटलीकरण ने एक घर्षण मुक्त दावा निपटान प्रक्रिया सुनिश्चित की है। एक ग्राहक-केंद्रित संगठन के रूप में, हमने 'ग्राहक पहले' दर्शन को अपनाया है और संवेदनशीलता और गति के साथ सभी कोविड -19 संबंधित दावों का निपटारा कर रहे हैं। व्हाट्सएप, मोबाइल ऐप, वेबसाइट और चैटबॉट लीगो जैसे हमारे डिजिटल समर्थक दावों को दर्ज करने और ट्रैक करने के लिए एक सुरक्षित और सुविधाजनक मार्ग प्रदान करते हैं।

आशीष राव, ईवीपी और चीफ-कस्टमर एक्सपीरियंस एंड ऑपरेशंस, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने कहा, ॾहमारी सभी डिजिटलाइजेशन पहलों का उद्देश्य ग्राहकों को सशक्त बनाना और उन्हें परेशानी मुक्त अनुभव प्रदान करना है। प्रौद्योगिकी ने प्रक्रियाओं को कुशल बना दिया है और सुनिश्चित किया है कि ग्राहक अपने घरों के आराम और सुरक्षा से अपनी नीतियों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और 90% से अधिक सेवा अनुरोध अब स्व-सहायता प्रकृति के हैं। दावे सच्चाई का क्षण है और डिजिटलीकरण ने एक घर्षण मुक्त दावा निपटान प्रक्रिया सुनिश्चित की है। एक ग्राहक-केंद्रित संगठन के रूप में, हमने 'ग्राहक पहले' दर्शन को अपनाया है और संवेदनशीलता और गति के साथ सभी कोविड -19 संबंधित दावों का निपटारा कर रहे हैं। व्हाट्सएप, मोबाइल ऐप, वेबसाइट और चैटबॉट लीगो जैसे हमारे डिजिटल समर्थक दावों को दर्ज करने और ट्रैक करने के लिए एक सुरक्षित और सुविधाजनक मार्ग प्रदान करते हैं।

## बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स जागरूकता कार्यक्रम में प्रथम विश्व युद्ध के सिख सैनिकों की पेंटिंग प्रस्तुत की

» मदरलैंड संवाददाता

लुधियानाः लुधियाना के उद्यमी और प्रभावशाली जोड़ा, हरकीरत कौर कुकरेजा और हरजिंदर सिंह कुकरेजा ने प्रथम विश्व युद्ध में लड़ने वाले सिख योद्धाओं के सम्मान में चंडीगढ़ में ब्रिटिश उप उच्चायुक्त कैरोलिन रोवेट को एक पेंटिंग भेंट की।

बर्मिंघम 2022 कामन्वेल्थ खेलों के द्वारा वेस्ट मिडलैंड्स, इंग्लैंड क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने के लिए विज़िट ब्रिटेन द्वारा एक मंच के रूप में किया जा रहा है।

अपनी अनूठी शैली में उत्सव की शुरूआत करने के लिए, कुकरेजा दंपति ने, विज़िट ब्रिटेन के साथ साझेदारी में, दो सिख सैनिकों - रिसालदार जगत सिंह (12वें घुड़सवार) और रिसालदार मान सिंह (21वें घुड़सवार) को चित्रित करते हुए विश्व प्रसिद्ध 'ऑयल ऑन बोर्ड' चित्र भेंट किया।



चंडीगढ़ में ब्रिटिश उप उच्चायुक्त श्रीमती कैरोलिन रोवेट ने सारागढ़ी युद्ध - विश्व इतिहास की एक ऐतिहासिक घटना का उदाहरण देते हुए कहा, ॾये पंजाब की भूमि के पुरुष हैं जिन्होंने उत्पीड़ितों और असहायों की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है और मुझे बहुत सौभाग्य महसूस हो रहा है की मैं पंजाब में ब्रितानिया की प्रतिनिधि हूँ ।ॾ हरकीरत कौर कुकरेजा ने कहा, ₹लगभग 130,000 सिख सैनिकों ने युद्ध में हिस्सा लिया, जो कि ब्रिटिश भारतीय सेना का 20% है। खेलों से ठीक पहले माननीय उप उच्चायुक्त को दो सिख सैनिकों की यह पेंटिंग प्रस्तुत करना दुनिया की आजादी के लिए लड़ते हुए शहीद हुए वीरों को याद करने का हमारा तरीका है।₹

विजिट ब्रिटेन, इंडिया के कंट्री मैनेजर विशाल भाटिया ने कहा, ॾपंजाब और यूके के बीच कई समानताएं हैं, खासकर बर्मिंघम, जो इस साल बर्मिंघम 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी कर रहा है। वेस्ट मिडलैंड्स में सिख आबादी देश के बाकी हिस्सों की तुलना में अधिक है और पंजाबी बर्मिंघम में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है।ॾ

हरजिंदर सिंह कुकरेजा ने कहा, 'यह पेंटिंग यूके और पंजाब के बीच अद्वितीय और घनिष्ठ संबंधों का प्रतीक है । ब्रिटिश उच्चायोग आने वाले वरिष्ट लोग इस पैंटिंग को सुशोभित देख कर सिखों की शहादत को याद करेंगे ।'

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# क्षमा की मनोवैज्ञानिकता

» विद्यावाचस्पति डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

क्षमा, एक मनोवैज्ञानिक अर्थ में, जानबूझकर और स्वैच्छिक प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक व्यक्ति जो शुरू में पीड़ित महसूस कर सकता है, किसी दिए गए अपराध के बारे में भावनाओं और दृष्टिकोण में बदलाव से गुजरता है, और जीत जाता है

क्षमा आक्रोश या क्रोध की मुक्ति है। क्षमा का अर्थ मेल-मिलाप नहीं है। किसी को उसी रिश्ते में लौटने या अपराधी से वही हानिकारक व्यवहार स्वीकार करने की आवश्यकता नहीं है।

पीड़ित लोगों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए क्षमा अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह लोगों को भावनात्मक रूप से किसी अन्याय या आघात में उलझाए रखने के बजाय आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। क्षमा को मूड को बढ़ाने, आशावाद को बढ़ाने और क्रोध, तनाव, चिंता और अवसाद से बचाने के लिए दिखाया गया है।

हालांकि, ऐसे परिदृश्य हैं जिनमें क्षमा किसी व्यक्ति विशेष के लिए सबसे अच्छा तरीका नहीं है। कभी-कभी यौन शोषण का शिकार अधिक सशक्त हो जाता है जब वे खुद को क्षमा न करने की अनुमति देते हैं।

किसी को माफ कैसे करें जिसने आपको गलत किया है

क्षमा करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, खासकर तब जब आपत्तिजनक पक्ष या तो एक निष्ठाहीन माफी या कुछ भी नहीं पेश करता है। हालाँकि, यह अक्सर स्वास्थ्यप्रद मार्ग होता है।

मनोवैज्ञानिक रॉबर्ट एनराइट द्वारा प्रस्तुत एक प्रमुख मॉडल, क्षमा के चार चरणों को चित्रित करता है। पहला यह है कि आपने भावनाओं से कैसे बचा या संबोधित किया है, इसकी खोज करके अपने क्रोध को उजागर करें। दूसरा है क्षमा करने का निर्णय लेना। यह स्वीकार करके शुरू करें कि अपराध को अनदेखा करना या उसका सामना करना काम नहीं आया है, और इसलिए क्षमा आगे बढ़ने का मार्ग प्रदान कर सकती है।

तीसरा, अपराधी के लिए करुणा विकसित करके क्षमा की खेती करें। इस बात पर विचार करें कि क्या यह कार्य अपराधी के जीवन में दुर्भावनापूर्ण इरादे या परिस्थितियों के कारण हुआ था। अंत में, हानिकारक भावनाओं को छोड़ दें और इस पर चिंतन करें कि आप अनुभव और क्षमा के कार्य से कैसे विकसित हुए हैं।

मैं नाराजगी को कैसे दूर करूं?

असंतोष कभी-कभी वर्षों तक बना रह सकता है, भले ही हमें लगता है कि हम ह्लआगे बढ़ गएह्व या ह्लइसके बारे में भूल गए।ह्व आक्रोश को दूर करने के लिए, इस बात पर चिंतन करें कि व्यक्ति ने अपराध क्यों किया है, दर्द के साथ बैठें, और फिर दूसरे व्यक्ति को क्षमा करने का प्रयास करें, क्योंकि क्षमा शक्ति की भावना पैदा कर सकती है जो कड़वाहट पर हावी हो जाती है।



मुझे धोखा देने के लिए मैं अपने साथी को कैसे क्षमा करूँ?

किसी अफेयर को माफ करने का निर्णय गहरा व्यक्तिगत होता है। एक प्रमुख घटक उस साथी के लिए है जिसका संबंध उस क्षण से पूरी तरह से पारदर्शी और ईमानदार होना था ताकि रिश्ते में विश्वास का पुनर्निर्माण किया जा सके। इसमें अंतर्निहित समस्याओं को दूर करने और भविष्य में बेवफाई को रोकने के लिए संबंध के कारणों की खोज करना शामिल हो सकता है।

अपने आप को कैसे क्षमा करें

दूसरे को क्षमा करना एक बात है, लेकिन जब हम स्वयं अपराध करते हैं तो क्या होता है? गलतियों की जिम्मेदारी लेना महत्वपूर्ण है, लेकिन लंबे समय में गहन अपराधबोध और शर्म एक उत्पादक परिणाम नहीं हैं।

आत्म-क्षमा की प्रक्रिया एक दर्दनाक चुनौती हो सकती है लेकिन गहराई से मूल्यवान है। इस प्रक्रिया की कुंजी किसी की गलतियों को स्वीकार करना, यह समझना कि वे क्यों हुईं, और स्थिति को सुधारने में मदद करना।

पिछली गलतियों के लिए मैं खुद को कैसे माफ करूं?

यह स्वीकार करते हुए शुरू करें कि आप गलती पर हैं और आपके द्वारा की गई चोट की जिम्मेदारी लेते हैं। इस बात पर चिंतन करें कि घटना क्यों हुई और भविष्य में इसी तरह के अपराध से बचने के तरीके की पहचान करें। फिर विचार पर ध्यान केंद्रित करके, उसे जोर से बोलकर या लिखकर स्वयं को क्षमा करें। जिस व्यक्ति के साथ आपने अन्याय किया है उससे माफी मांगें और उनके जीवन को सार्थक तरीके से सुधारने का प्रयास करें।

आत्म-क्षमा करना इतना कठिन क्यों है?

गलतियाँ अक्सर अपने बारे में अंतर्निहित मान्यताओं से जुड़ी होती हैं, जैसे ह्लमैं हमेशा गलत बातें कहता हूँह्व या ह्लमैं अपने बिलों को कभी भी कवर नहीं कर पाऊँगा।ह्व आत्म-क्षमा के लिए इन विश्वासों को पहले पहचानने और संबोधित करने की आवश्यकता हो सकती है। यह नुकसान और अन्य आत्म-क्षमा को विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण बनाते हैं।

क्षमा के लाभ

क्षमा और क्षमा चिकित्सा को खुशी, आशा और आशावाद की अधिक भावनाओं से जोड़ा गया है। क्षमा की प्रक्रिया चिंता और अवसाद और अभिघातज के बाद के तनाव विकार जैसी गंभीर स्थितियों से भी रक्षा कर सकती है। यह अधिनियम हृदय रोगियों को उनके रक्तचाप को काफी कम करके लाभान्वित करने के लिए भी दिखाया गया था।

मुझे क्षमा करने के लिए कहा गया है ह्लमेरे अपने भले के लिए?ह्व क्यों?

जब भी व्यक्ति के दिमाग में आता है, तो क्रोध और आक्रोश शरीर को कोर्टिसोल और एड्रेनालाईन जैसे तनाव हार्मोन जारी करने की ओर ले जाता है। उन रसायनों की एक स्थिर धारा तनाव और चिंता के साथ-साथ रचनात्मकता और समस्या समाधान को कम कर सकती है।

क्षमा के भावनात्मक लाभ क्या हैं?

क्षमा कई सकारात्मक मनोवैज्ञानिक विकास प्रदान करती है, जैसे अस्वस्थ क्रोध को कम करना, संभावित मूल्यवान संबंधों की मरम्मत करना, एक व्यक्ति के रूप में विकसित होना, और अपने आप में अच्छाई का प्रयोग करना, चाहे कोई भी प्रतिक्रिया क्यों न हो। व्यक्तिगत लाभों के अलावा, दूसरों के लिए क्षमा की मॉडलिंग करने से अंतर-पीढ़ीगत और यहां तक कि सामाजिक सुधार भी हो सकता है।

क्या क्षमा अवसाद को कम करने में मदद कर सकती है?

क्षमा चिकित्सा रोगियों को अन्याय और भावनात्मक दर्द का सामना करने के लिए कहती है, और फिर अस्वस्थ क्रोध को हल करने के लिए क्षमा की दिशा में काम करती है। यह थेरेपी, दवा या संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी के संयोजन में, अवसाद के इलाज में मदद कर सकती है।

इस्लाम सिखाता है कि अल्लाह अल-गफ्फूर ह्लद प्रायः क्षमाशीलह्व है, और सभी क्षमा का मूल स्त्रोत है (घुफरान ...)। पश्चाताप के साथ अल्लाह से क्षमा मांगना एक गुण है।

(...) जो बीत गया उसे अल्लाह माफ कर देता है: पुनरावृत्ति के लिए अल्लाह उससे दंड वसूल करेगा। क्योंकि अल्लाह महान है, और प्रतिशोध का प्रभु है। – कुरान 5:९५

जैन दर्शन में

खामेमी सव्वा-जीवे सावि जिवे खमंतु मे/
मेट्टी में सव्वा-भेसु, वेरां मेजा न केशवी //
(मैं सभी प्राणियों से क्षमा मांगता हूं, सभी प्राणी मुझे क्षमा करें।
मैं सभी प्राणियों के साथ मित्रता और किसी से शत्रुता नहीं रख सकता।)

## संपादकीय

## रूस-यूक्रेन युद्ध



रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे इस महायुद्ध के दौरान हमारा भारत भी एक अग्निपरीक्षा के दौर से गुजरने को मजबूर है, यह अगिनपरीक्षा ऐसे नाजुक मौके पर भारत की भूमिका को लेकर है, एक ओर हम जहां हमारे रूस के साथ मधुर सम्बंधों के कारण संयुक्त राष्ट्र संघ में हुए मतदान से अपने आपको अलग रख रहे है, वहीं दूसरी ओर संकट के इस दौर में यूक्रेन के राष्ट्रपति द्वारा हमसे मांगी जा रही मद्द भी पूरी नहीं कर पा रहे है, हमारी दुविधा यही है कि पिछले छः दशक से हमारी विदेश नीति ही तटस्थता की है तो अब हम मौजूदा दौर में किसी एक देश की मद्द कैसे करें? इस दौर में सबको साथ रहना तथा सबका सहयोगी बने रहना ही हमारी वास्तविक ह्वअग्निपरीक्षाह्ल है, जिसे हम महसूस कर रहे है। हमारे देश की आजादी के बाद हमारे प्रथम प्रधानंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने काफी सोच-समझ कर दूरदर्शी पंचशील योजना तैयार की थी और उसे लागू किया था। इस पंचशील योजना के मुख्य आधार गुट निरपेक्षता (तटस्थता) और धर्म निरपेक्षता थे। भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के शासनकाल में भी पंचशील सिद्धांत जारी रहे और उनका पालन भी किया गया। किंतु डॉ. मनमोहन सिंह की दस वर्षिय कांग्रेसी सरकार के बाद जब 2014 में नरेन्द्र भाई मोदी की सरकार पदारूढ़ हुई तब छः दशकों से देश को मार्गदर्शन देने वाले पंचशील सिद्धांतों को अमान्य कर उन्हें कचरे की टोकरी में डाल दिया गया और अपनी नीतियाँ तय कर ली गई, किंतु मोदी जी को क्या पता था कि उन्हें अगले कुछ ही वर्षों में उसी पंचशील सिद्धांत पत्र का सहारा लेकर अपनी साख बनाये रखने को मजबूर होना पड़ेगा? और वह समय अब आ गया जब यूक्रेन को लेकर विश्व की दो महान शक्तियाँ रूस और अमेरिका आमने-सामने है और दोनो की महाशक्तियाँ भारत से हर तरह के समर्थन व सहायता की अपेक्षा रख रही है। अब भारत सरकार की दुविधा यह है कि न तो वह छः दशक पुराने भारत-रूस के सम्बंधों को कोई क्षति पहुंचा सकती है और न मोदी जी अपने परमप्रिय मित्र और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाईडेन को नाराज कर सकते है, इस दुविधा से उभरने का एकमात्र मार्ग पंचशील सिद्धांत के ह्नगुट-निरपेक्षह्य सिद्धांत में ही निहित है, जिसका सहारा अब लेने को मोदी जी मजबूर है। आज स्थिति यह है कि एक ओर जहां रूस अपने पुराने सम्बंधों का हवाला देकर हमसे हर तरह के सहयोग व समर्थन की अपेक्षा कर रहा है, वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति अपने देश में एक लाख हमलावर घुस आने का हवाला देकर मोदी जी से हथियार व सैनिकों की मांग कर रहे है। अब चूंकि घोषित रूप से अमेरिका-यूक्रेन का संरक्षक देश है तो यूक्रेन के राष्ट्रपति की सहायता की गुहार भी अपना विशेष महत्व रखती है। रूस के खिलाफ संयुक्त राष्ट्रसंघ में लाये गए निंदा प्रस्ताव पर हमने अपना मत जाहिर नहीं कर रूस के प्रति अपना समर्थन जाहिर तो कर दिया किंतु अब यूक्रेन के राष्ट्रपति को सहायता का प्रश्न का उत्तर भारत खोज नहीं पा रहा है सिर्फ शांति के प्रयासों का उपदेश देकर ही सीमित रहना चाहता है, जो यूक्रेन के लिए काफी नहीं है।


# सेल्फी से मौतें - हम नहीं सुधरेगें, खुद ही बेमौत मरते रहेगें?

» नरेन्द्र भारती

> 1 जुलाई 2019 को उतराखंड के पिथैरागढ़ में परिवार के साथ पिकनिक पर गए एक 13 साल के बच्चे की सेल्फी के दौरान डैम में गिरने से मौत हो गई थी। बच्चे को बचाने के लिए उसकी मां ने डैम में कूद गई मगर ज वह डूबने लगी तो वहां मौजूद लोगों ने उस को बचा लिया पर उसका बेटा डूब गया। मध्यप्रदेश में भी झरने के पास सेल्फी ले रहे एक छात्र की डूबने से मौत हो गयी थी। गोताखोर जान जोखिम में लोगों को बचा रहे है ।सेल्फी के शौकिन खुद तो मर रहे है बल्कि दूसरों को भी मार रहे है। ऐसे दर्दनाक हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं ।इसे प्रशासन की लापरवाही की संज्ञा दी जाए तो कोई आतिश्योक्ति नहीं होगी। पिछले महिने चलती ट्रेन के साथ सेल्फी लेने के चक्कर में बंगलुरु के पास तीन युवओं की दर्दनाक मौत हो गई थी यह हादसा बंगलुरु से करीब तीस किलोमीटर दूर बिदादी के पास हुआ था जहां तीन लड़के सेल्फी लेने के चक्क्र में चलती ट्रेन की चपेट में आ गए थे ।और बेमौत मारे गए थे ।इनकी उम्र अभी 16 से 18 साल के बीच थी ।कुछ लोगों ने इन युवाओं को तस्वीरे खीचते देखा था ।इनमें दो युवा कालेज के छात्र थे और एक ने पढाई छोड़ दी थी।

कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक पर्यटक सेल्फी लेते समय असमय ही काल के गाल में समाते जा रहे हैं ।देश मे समय-समय पर ऐसे हादसे होते रहते है मगर सबक न सीखना लोगों की आदत बन गई है ।देश कभी रेल से लटकते समय व पटरीयों पर सेल्फी ली जाती है तो कभी बहते पानी में ली जाती है ।चटटानों पर खड़े होकर ली जा रही है ।पहाड़ियों पर चढकर पांव फिसल रहे है ।सेल्फी जानलेवा साबित हो रही है ।सेल्फी की यह खतरनाक प्रवृति बढ़ती ही जा रही है। ताजा घटनाक्रम में गुरुग्राम में सेल्फी लेते समय चार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई ।यह चलती रेल के सामने सेल्फी लेना चाहतें थे कि बेमौत मारे गए ।देश में यह कोई पहला हादसा नहीं है हर रोज सेल्फी की वारदातें हो रही है। जरा सी असावधानी से सेल्फी घातक सिद्व हो रही है ।देश में सेंल्फौ के हर रोज ऐसे दर्दनाक हादसों से आत्मा सिहर उठती है कि कुछ लोग जान-बूझकर मौत के आगोश में समाते जा रहे है। नदियों के किनारे लोग डूब रहे है। खुद ही मौत के मुंह में समाते जा रहे है ।सेल्फी के कारण परिवार के परिवार तबाह हो रहे है ।केन्द्र सरकार को ऐसे मामलों पर संज्ञान लेना होगा ।देश के युवा सेल्फी लेते समय इतने अंधे कैसे हो जाते है कि अपनी जान जोखिम में खुद डाल देते है और असमय ही बेमौत मारे जा रहे है ।ऐसी त्रासदियां असमय ही घर के चिरागों को बूझा रही है अगर इन मामलो पर संज्ञान लिया जाए ।अगर प्रशासन इन संगीन मामलों पर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए ।सेल्फी के लापरवाही के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं ।है ।है ।कैसी विडंबना है कि लोग खुद की घोर लापरवाहीयों के कारण बेमौत मर रहें है ।लाशों के अंबार लग रहे हैं ।बेखौफ होकर लोग जोखिम ले रहें है ।पर्यटकों पर हम नहीं सुधरेगें,का लेबल लगा हुआ है ।यह कहावत बिगड़ैल पर्यटको पर सटीक बैठती है कि इतने हादसों के बाद भी समझ नहीं आ रही हैं। 2020 व 2021 में भी काफी हादसे हुए है ।यह संख्या घटने के बजाए बढ़ती ही जा रही है। आंकड़ों के अनुसार तमिलनाडू में चलती रेल के सामने सेलफी लेते समय मौत हो गई थी।19 जून 2021 को फिरोजाबाद में एक दिव्यांग की सेलफी लेते समय पटरी पर गिर गया तब उसका दोस्त उसे बचाने आया और एकदम से रेल आ गई और दोनों की दर्दनाक मौत हो गई।16 अक्तूबर 2019 बुधवार को कुल्लू की धार्मिक नगरी मणिकर्ण में पार्वती नदी के किनारे सेल्फी ले रही दो पर्यटक युवतियां अचानक नदी में बह गई थी एक को निकाल लिया गया था। जबकि दूसरी बह गई ।सेल्फी लेते समय पांव फिसलने से यह हादसा पेश आया था। यह युवतियां नदी किनारे एक पत्थर पर सेल्फी ले रही थी। यह युवतियां असम व दार्जिलिंग की रहने वाली थी ।पर्यटक मनमानी करते है ।6अक्तूबर2019 को ताजा मामला तमिलनाडू के मरमपटी के पांबारु बांध में घटित हुआ था जहां सेल्फी लेते समय एक ही परिवार के चार लोगों की पांबारु बांध में गिरने से दर्दनाक मौत हों गई थी ।एक को बचा लिया गया था ।परिवार के सब लोग पानी में बह गए थे ।केवल मात्र परिवार का एक सदस्य ही बच पाया था ।मृतकों में नवविवाहित युगल व उनके सगे संम्बधी थे। देश में2017 में 98 लोग सेल्फी लेते समय मारे गए। 2011 से 2018 तक 259 लोग मारे गए। विदेशी पर्यटक की मौतें ज्यादा हो रही हैं ।कुल्लू -मनाली में सैंकड़ों ऐसे मामले घटित हो चुके हैं। खुद ही मौत को दावत दे रहें है। गत वर्ष 2018 में भी एक ऐसी ही घटना कुल्लु में घटित हुई थी कुल्लु की मनीकर्ण घाटी में पार्वती नदी के किनारे दिल्ली का एक पर्यटक सेल्फी लेते नदी में गिर गया था और पानी के तेज बहाब में बह गया था ।उसकी लाश नहीं मिल पाई थी ।समझ नहीं आता की लोग पिछले घटित हादसों से सबक क्यों नहीं लेते। गत वर्ष भी हिमाचल प्रदेश में सेल्फी के चक्कर में एक छात्रा को जान से हाथ धोना पड़ा था तथा दूसरी को बचा लिया गया था। यह दोनो छात्राएं शिमला के सुन्नी क्षेत्र में कोलडैम के समीप सेल्फी ले रही थी कि अचानक एक छात्रा का पांव फिसला और वह डूब गई दूसरी छात्रा उसे बचाते समय डूबने लगी मगर बचाव दल के सदस्यों ने उसे बचा लिया था। के चक्कर में युवाओं व पर्यटको की मौतों का आंकडा बढता ही जा रहा है। 1 जुलाई 2019 को उतराखंड के पिथैरागढ़ में परिवार के साथ पिकनिक पर गए एक 13 साल के बच्चे की सेल्फी के दौरान डैम में गिरने से मौत हो गई थी। बच्चे को बचाने के लिए उसकी मां ने डैम में कूद गई मगर ज वह डूबने लगी तो वहां मौजूद लोगों ने उस को बचा लिया पर उसका बेटा डूब गया। मध्यप्रदेश में भी झरने के पास सेल्फी ले रहे एक छात्र की डूबने से मौत हो गयी थी। गोताखोर जान जोखिम में लोगों को बचा रहे है ।सेल्फी के शौकिन खुद तो मर रहे है बल्कि दूसरों को भी मार रहे है। ऐसे दर्दनाक हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं ।इसे प्रशासन की लापरवाही की संज्ञा दी जाए तो कोई आतिश्योक्ति नहीं होगी। पिछले महिने चलती ट्रेन के साथ सेल्फी लेने के चक्कर में बंगलुरु के पास तीन युवओं की दर्दनाक मौत हो गई थी यह हादसा बंगलुरु से करीब तीस किलोमीटर दूर बिदादी के पास हुआ था जहां तीन लड़के सेल्फी लेने के चक्क्र में चलती ट्रेन की चपेट में आ गए थे ।और बेमौत मारे गए थे ।इनकी उम्र अभी 16 से 18 साल के बीच थी ।कुछ लोगों ने इन युवाओं को तस्वीरे खीचते देखा था ।इनमें दो युवा कालेज के छात्र थे और एक ने पढाई छोड़ दी थी। कुछ समय पहले वर्धा में नदी में विर्सजन के समय गणेश की मूर्ति के साथ सेल्फी लेनें के चक्क्र में तीन छात्रों की डुबकर मौत हो गई थी ।अब इसे लापरवाही कहे या कुछ और यह अहम सवाल है कि अपनी ही लापरवाहियों के कारण डूबते जा रहे है ।सेल्फी के चक्क्र में अपनी जान से हाथ धो बैठते है। देश में घटित हो रहे ऐसे हादसों के लिए प्रशासन व पुलिस भी जिम्मेवार है ।हर साल ऐसे हादसों में लोग मारे जाते है। मगर प्रशासन की तन्द्रा हादसे के आद ही टूटती है ।अगर प्रशासन सर्तक होता तो श्रध्दालू डूबकर नहीं मारे जाते ।अब प्रसाशन सक्रिय हो गया है मगर अब बहुत देर हो चुकी है ।अब प्रशासन लापता लोागों की तलाश में लाखों रुपया खर्च कर देगा अगर पहले ही सर्तकता बरती होती तो ऐसे हादसे नहीं होते। ऐसे हादसे व्यवस्था की पोल खोलते है ।देश के हर राज्यों में सेल्फी से मौतों के हादसें हो रहे है ।कोई भी राज्य इस सेल्फी की बीमारी से अछूता नहीं रहा है ।आंकडों में बेतहाशा वृद्वि हो रही है ।इन हादसों पर लगाम लगानी होगी। समाचार पत्रों में प्रकाशित आंकडों के मुताबिक 10 जुलाई 2017 को नागपुर में सेंल्फी लेते 8 लोगों की मौत हो गई थी ।उसके बाद भी इन हादसों में कमी तो नहीं आई पर वृद्वि जरुर हुई है ।27 जुलाई को मध्यप्रदेश में भी सेंल्फी लेते समय चार युवाओं की अकाल मौत हुई थी ।इससे पहले 14 जुलाई को उतराखंड के एक दो प्रेमीयों की सेल्फी लेते समय मौत हो गई थी। 16 अप्रैल 2016 को सहारनपुर में रेलवे क्रासिंग पर सेल्फी लेते समय एक 16 साल के बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई थी ।9 जनवरी 2015 को जम्मू में सेल्फी लेने के चक्कर में एक युवक की मौत हो गई थी ।2015 में इजराइल के एक पर्यटक की सेल्फी लेते समय मौत हों गई थी ।2015 में ही जापान के एक पर्यटक की थी सेल्फी लेते समय मौत हो गई थी। 2015 में मथुरा में तीन युवाओं की रेलवे ट्रैक पर सेल्फी लेनें के चक्कर में मारे गए थे ।2014 में ऐसी ही एक घटना हुई थी जिसमें एक 15 साल के बच्चे की मौत हुई थी। ।प्रशासन को इन हादसों से संज्ञान लेना होगा तथा इन हादसों पर लगाम लगाने के लिए ठोस कदम उठाने होगें क्योकि ऐसी बारदातें बहुत ही खौफनाक है। मानव जीवन बहुत ही दुर्लभ है ।इन हादसों में कई इकलौते चिराग असमय ही दुनिया से रुखस्त हो रहे है ।कहते है कि जानबूझकर गलती करना बहुत ही गलत है ।अगर युवा जरा सा संभलकर चलते तो जिन्दगी से हाथ न धोते ।जान की परवाह न करते हुए खुद ही मौत को दावत दे रहे है इसमें किसे कसूरवार मानें ।यह एक यक्ष सवाल है जिसका जबाब ढूढना होगा ।देश में हो रहे इन हादसों पर समाज को चिंतन करना होगा ।युवा आज मस्ती में ऐसे कार्यो को अंजाम दे रहा है कि इन युवाओं व युवतियों व सेल्फी के शौकिनों पर आ बैल मुझे मार की कहावत सटीक बैठती है ।प्रशासन को इन बढते हादसों पर लगाम लगाने के लिए कारगर कदम उठाने होगें तथा रेलवे विभाग को भी इन हादसों को अनदेखा नहीं करना चाहिए अगर पहले ही सर्तकता बरती होती तो आज युवा पर नकेल ले जाती और बेमौत न मारे जाते ।युवाओं को भी इन हादसों से सीख लेनी चाहिए। देश में सेल्फी निरंतर बढ़ती दर्दनाक घटनाओं को देखते हुए समाज के लोगों को जागना होगा ।सरकारों को जागरुकता शिविर लगाने चाहिए ।नदियों के किनारे सुरक्षा के इंतजाम करने वाहिए ताकि लोगों के जीवन को बचाया जा सके ।तालाबों व झीलों के समीप बाड़बंदी करनी चाहिए ।पुलिस का रात-दिन पहरा लगाना चाहिए।

# पूरे विश्व को भारत से आस



बालकृष्ण उपाध्याय

आज पूरा विश्व भारत की तरफ आस लगाए बैठा है कि भारत ही एक मात्र ऐसा देश है, जो रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौता करा सकता है जो यूक्रेन भारत के खिलाफ हमेशा से वोट करता आया है, वह आज भारत से मदद की गुहार लगा रहा है भारत भी सारी बातों को भुलाकर उसकी मदद कर रहा है आज दुनिया के कई देशों के लोग यूक्रेन में अपनी जान बचाने के लिए भारतीय झंडा (तिरंगा) हाथ में लिए दिखाई दे रहे हैं आज किसी में भी ताकत नहीं है कि जिसके हाथ में तिरंगा हो उसे गोली मारने की हिम्मत कर सके आज के समय में जो बदला हुआ भारत दिखाई दे रहा है, इसका पूरा श्रेय हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को जाता है उनकी राष्ट्रभक्ति, देश के प्रति समर्पण का भाव और उनकी कार्य निष्ठा से ही आज भारत इतनी मजबूती के साथ खड़ा दिखाई दे रहा है आज के समय में कोई भी देश यूक्रेन से अपने नागरिकों को निकालने के लिए हवाई जहाज भेजने की हिम्मत नहीं कर रहा है क्या पता कब हवाई जहाज से कोई मिसाइल टकराए और हवाई जहाज धराशायी हो जाए लेकिन इसके विपरीत भारत लगातार अपने नागरिकों एवं छात्रों को यूक्रेन से निकालने के लिए ऑपरेशन गंगा के तहत हवाई जहाज भेज रहा है और नागरिकों को लेकर भी आ रहा है आज दोनों देश



रूस तथा यूक्रेन में इतनी हिम्मत नहीं है कि हमारे हवाई जहाज को रोक सके जब भारत का हवाई जहाज यूक्रेन की सीमा के पास पहुँचने वाला होता है उसके 2 घंटे पहले से ही हवाई हमले बंद कर दिए जाते हैं, यह भारत की ताकत का नतीजा हैं बात करें भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री की तो उन्होंने ऑपरेशन गंगा के तहत केवल हवाई जहाज भेजने का काम ही नहीं किया अपितु अपने 4-4 कैबिनेट मंत्रियों को यूक्रेन की सीमा पर भेज रखा है तथा ऑपरेशन गंगा के तहत लगातार छात्रों को निकालने का काम किया जा रहा है पल-पल की जानकारी ली जा रही है, चोबिसों घंटे निगरानी की जा रही है

भारत की मजबूती आज से नहीं अपितु जब-जब भारत में भाजपा सरकार रही है तब-तब भारत ताकतवर दिखाई दिया हैं बात करें मई 1999 की जब कारगिल का युद्ध हो रहा था तब भी भारत में भाजपा की ही सरकार थी और उस समय के तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई जी हुआ करते थे उस समय अमेरिका के राष्ट्रपति विलियम क्लिंटन (बिल क्लिंटन) थे, उनका व्हाइट हाउस से फोन आया कि पाकिस्तान भारत के ऊपर परमाणु हमला कर सकता है उस समय भी हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी ने अमेरिका के राष्ट्रपति विलियम क्लिंटन (बिल क्लिंटन) को जवाब दिया था कि आप निश्चिंत रहिए मैं आपको वचन देता हूं कि यदि पाकिस्तान परमाणु हमला करता है तो वह अगले दिन का सूरज नहीं देख पाएगा अर्थात कहने का अर्थ यह है कि भाजपा कुछ भी कर सकती है लेकिन देश की सुरक्षा से कभी समझोता नहीं कर सकती क्योंकि भाजपा के सर्वोच्च पदों पर जो लोग है, वे संघ की विचारधारा और उसके द्वारा दिए गए संस्कारों से परिपक्व हैं भाजपा के लिए जब भी देश की बात आती है तो राष्ट्र हमेशा सर्वोपरि रहा है इसलिए देश की वास्तविक सुरक्षा यदि कोई कर सकता है, तो वह भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र पार्टी है जो किसी भी कीमत पर देश का शीश कभी झुकने नहीं देती भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता क्यों न हो जब राष्ट्र की बात आती है तो राष्ट्र के प्रति अपने प्राण न्यौछावर करने के लिए हमेशा तत्पर रहता है कहीं पर भी जब संकट आता है तब वहां पर सबसे पहले मदद के लिए संघ और भाजपा के कार्यकर्त्ता ही आगे बढ़ते दिखाई देते हैं क्योंकि संघ द्वारा प्रारम्भ से ही उन कार्यकताओं के भीतर राष्ट्र भक्ति और समर्पण का भाव कूट-कूट कर भर दिया जाया है यही कारण है कि आज भारत विश्व की सबसे बड़ी शक्ति के रूप में दिखाई देता है, क्योंकि विश्व को पता चल गया है कि आज भारत की सत्ता भारतीय जनता पार्टी के हाथ में हैं भारत की रक्षा की जिम्मेदारी भाजपा के हाथ में है, इसीलिए आज विश्व के सारे देश भारत से ही आस लगाए बैठे हैं कि भारत ही यूक्रेन और रूस के बीच शांति समझौता करा सकता हैं

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाऐगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

संक्षिप्त समाचार

## केसरिया में एसीएसआर रैबिट कंडक्टर व एलटी केबल की चोरी

मदरलैंड संवाददाता, मोतिहारी। केसरिया प्रखण्ड क्षेत्र के कृषि फीडर बैरिया व सिसवा पटना में अज्ञात चोरों द्वारा 11 केवी विद्युत तार एवं एबी केबल चोरी कर ली गई है।जिससे नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को करीब 16 लाख की क्षति हुई है।इसको लेकर विद्युत आपूर्ति प्रशाखा केसरिया के कनीय अभियंता प्रेम कुमार ने केसरिया थाना में आवेदन दिया है।दिये आवेदन में जेई ने बताया है कि मानवबल द्वारा सूचना दी गई कि कृषि फीडर बैरिया व सिसवा पटना में 11केवी लाईन व एलटी एबी केबल चोरी कर ली गयी है।जिसके बाद स्थल का निरीक्षण किया।इस दौरान पाया कि बैरिया कृषि फीडर में लचका पुल से फुलतकिया नहर होते हुए बथना चिमनी तक व मठिया गिरी टोला से बथना एसीएसआर रैबिट कंडक्टर काट लिया गया है।साथ हीं बथना व मठिया में लगे ट्रांसफार्मर से तीन फेज एलटी केबल दो किलोमीटर तक चोरी कर ली गई है।वहीं सिसवा पटना कृषि फीडर के सारंगपुर चंवर से सिसवा पटना तक तार काट लिया गया है।इस मार्ग के बैशाखवा,गवन्द्री व हाजीपुर सिसवा पटना में लगे तीन फेज एलटी केबल भी काट लिया है।बताया है कि करीब 11 किलोमीटर में चोरी किये गए एसीएसआर रैबिट कंडक्टर व एलटी केबल से एनबीपीडीसीएल को 16 लाख 33 हजार तीन सौ तेईस रुपये के क्षति का अनुमान है।जेई ने इसकी जांचकर कार्रवाई का अनुरोध किया है।थानाध्यक्ष रोहित ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## नौ सूत्री मांग को लेकर वार्ड सदस्य संघ ने दिया ज्ञापन

मदरलैंड संवाददाता, मोतिहारी। केसरिया प्रखण्ड वार्ड सदस्य संघ के सदस्यों ने शनिवार को अपनी नौ सूत्री मांग को लेकर बीडीओ को ज्ञापन दिया।संघ ने बीडीओ से इस मांग को मुख्यमंत्री को अगवत कराने का अनुरोध किया है।प्रमुख मांगों में वार्ड के अधिकार,कार्य शक्ति में की गई कटौती को वापस लेने,पीएम आवास योजना की प्राथमिकता सूची वार्ड सदस्य को उपलब्ध कराने,वार्ड में सोख्ता का निर्माण,सोलर कार्य,डस्टबिन क्रय एवं वितरण का दावित्त्व वार्ड क्रियान्वयन व प्रबंधन समिति को देना शामिल है।ज्ञापन देने वालों में संघ के संयोजक शम्भूनाथ सिंह,प्रभारी अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार साह,सत्येंद्र गिरी,ब्रजेश कुमार,राजकुमार सिंह,अरविंद कुमार,रहबर अली,अरविंद कुमार,मोहन पासवान उमेश चंद्रवंशी,राजबली ठाकुर,अनिल कुमार पांडेय,पुकार पंडित,सम्भा देवी,दिलीप कुमार साह,चुटुन कुमार साह,विजय शर्मा सहित अन्य शामिल हैं।

## वार्ड क्रियान्वयन सह प्रबंधन समिति के चयन के लिए वार्ड सदस्य द्वारा करवाया गया फर्जी हस्ताक्षर, ग्रामीणों ने जताया विरोध मामला बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के वार्ड चार की



मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के वार्ड नंबर चार में वार्ड क्रियान्वयन सह प्रबंधन समिति की चयन प्रक्रिया फर्जी तरीके से करने का आरोप वार्ड सदस्य पर लगाया गया है.इस वार्ड के लोगों ने बीडीओ एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी एवं पंचायत के मुखिया को सामूहिक रूप से आवेदन देकर वार्ड सदस्य चन्द्रशेखर चौधरी पर अपने एक चहेते व्यक्ति को गलत तरीके से सचिव बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है. पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 34 परिसर में लोगों को जुटाकर उनसे गलत तरीके से हस्ताक्षर करवाए जाने की सूचना पर पहुंची वार्ड सभा की उपाध्यक्ष सह पंच रंजू कुमारी ने वार्ड सदस्य के इस कारनामें पर कड़ी आपत्ति जताई.उन्होंने वहां मौजूद लोगों को जानकारी दिया कि वार्ड क्रियान्वयन सह प्रबंधन समिति के सचिव का चयन इसी आंगनवाड़ी केंद्र पर आगामी 7 मार्च को होगा. उस दिन दोपहर 2 बजे से वार्ड सभा होगी. जिसमें विधिवत रूप से सचिव चुना जाएगा. बताते चलें कि इस वार्ड के योगेंद्र चौधरी, नवीन कुमार, ललित पासवान, राजेश कुमार, अमित कुमार, सत्य नारायण पासवान, उमेश कुमार, अजय कुमार, दीपक कुमार, रंजीत पासवान, परमानन्द महतो, राम नारायण महतो, रमेश दास, रूबी कुमारी, निशा कुमारी, रंजू देवी, पूनम कुमारी, राम ईश्वर महतो, राधे श्याम महतो, रंजीत कुमार आदि ने बीडीओ राघवेंद्र कुमार, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी हेम नारायण महतो एवं पंचायत के मुखिया बाबू प्रसाद वर्मा को आवेदन देकर वार्ड 4 में फर्जी तरीके से किए गए सचिव के चयन प्रक्रिया को निरस्त कर नए सिरे से इस पद के लिए चुनाव की प्रक्रिया करवाने का आग्रह किया है। वहीं दूसरी ओर वार्ड सदस्य चन्द्रशेखर चौधरी ने अपने ऊपर लगाये गये आरोपों को निराधार बताया. तथा कहा कि स्थानीय राजनीति से प्रेरित होकर कुछ लोग इस तरह की शिकायत किया है।

# भारत पैट्रोलियम, फतुहा एलपीजी प्लांट द्वारा ऑन साइट एवं ऑफ साइट मॉक ड्रिल के आयोजन





» मदरलैण्ड संवाददाता

पटना। फतुहा --पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार और तेल उद्योग सुरक्षा निदेशालय (ओआईएसडी) के द्वारा रविवार को दो मार्क ड्रिल ऑन साइट मॉक ड्रिल के साथ ऑफ साइट मार्क ड्रिल का आयोजन किया गया।

साइट मॉक ड्रिल का आयोजन भारत पैट्रोलियम के कोको पेट्रोल पम्प, फतुहा के पास आयोजित किया था।इस मॉक ड्रिल में टँक लॉरी से एलपीजी रिसाव पर काबू पाने की कोशिश और पूर्ण रूप से इस पर काबू न होने के स्थिति में आपातकालीन सुरक्षा गाड़ी द्वारा तरल एलपीजी को क्षति ग्रस्त टैंक लॉरी से खाली टैंक लॉरी में ट्रान्सफर को सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया गया।

दूसरी मार्क ड्रिल ऑन साइट मॉक ड्रिल थी जो बीपीसीएल फतुहा के प्रांगण में लगभग दोपहर 3 बजे सम्पन्न कराई गई।

यहाँ टैंक लॉरी गैन्ट्री में एलपीजी डीकेंटेसन के दौरान आग लगने तथा उसको सफलतापूर्वक बुझाने को प्रदर्शित किया गया।

इन दोनों मॉक ड्रिल में भारत पैट्रोलियम के सुरक्षा दस्ते म्यूचुअल मेम्बर के सहयोग के साथ दोनों काल्पनिक विपदाओं पर सफलतापूर्वक काबू किया। इस मौके पर मुख्य कारखाना निरीक्षक, बिहार श्री एस के द्विवेदी, डीजीएम एलपीजी प्लांट, आईओसी, दिघा श्री राजेश कुमार, एचपीसीएल, एनडीआरएफ, अग्निशमन विभाग, आस-पास के इंडस्ट्री अपने टीम के साथ फतुहां बीडीओ धर्मवीर कुमार इस मॉक ड्रिल में शामिल हुये।

कारखाना निरीक्षक, बिहार श्री एस के द्विवेदी ने इस अवसर पर एसओपी के तहत काम करने पर विशेष जोर दिया और कारखाना अधिनियम से संबन्धित प्रावधानों के बारे में चर्चा की।

कार्यक्रम का संचालन बीपीसीएल एलपीजी प्लांट फतुहा के श्री मनीष कुमार, सुरक्षा अधिकारी, श्री सौरभ सुरभित, सयंत्र प्रबन्धक एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री अरुण कुमार सोनवानी, प्रादेशिक प्रबन्धक (एलपीजी), पटना द्वारा किया गया।

# भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतू राज सिन्हा का फतुहा में भव्य स्वागत



» मदरलैण्ड संवाददाता

पटना। फतुहा-पटना से बख्तियारपुर जा रहे भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री वरिष्ठ नेता ऋतू राज सिन्हा को भजपा कार्यक्रतयों ने फतुहा के फोर लेन ओभर ब्रिज के पास भव्य स्वागत किया। भाजपा के जिला महामंत्री अरविंद यादव के नेतृत्व में दर्जनो कार्यकतार्यों ने श्री सिन्हा को फूल-मालाओं से लाद दिया।इस मौके पर ऋतू राज सिन्हा ने सभी कार्यक्रतयों को होली की हार्दिक शुभकामना दी और होली मिलन समारोह में सभी को 13 मार्च को पटना आने का निमंत्रण दिया।इस मौके पर फतुहां भाजयुमो नगर अध्यक्ष अभिषेख झा,मुन्ना सिंह,मनीषा कुमारी,अमित शाह और मोहम्मद फारुख,भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के संयोजक सतीश राजू व अरुण झा समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# मैट्रिक परीक्षा की कॉपियों की जांच आज से, मूल्यांकन नहीं करने पर होगी कार्रवाई

» मदरलैण्ड संवाददाता



पटना। मैट्रिक वार्षिक परीक्षा, 2022 की कॉपियों का मूल्यांकन शनिवार से शुरू होगा. इसके लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं. पूरे बिहार में करीब 169 मूल्यांकन केंद्र बनाये गये हैं. पटना जिले में 12 मूल्यांकन केंद्र बनाये गये हैं. यहां दो हजार से अधिक शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति भी कर दी गयी है. सभी शिक्षकों को शनिवार सुबह 7:30 बजे तक योगदान कर लेना है. वहीं, शिक्षकों को शुक्रवार को ही मूल्यांकन कार्य के लिए योगदान करना था. लेकिन कई शिक्षकों ने ज्वाइन नहीं किया है. अधिकतर शिक्षक शनिवार सुबह में ही मूल्यांकन केंद्र पर योगदान करेंगे. वहीं मूल्यांकन केंद्रों पर बिजली और लाइट की पर्याप्त व्यवस्था कर दी गयी है. इस बार उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन दो शिफ्ट में रात नौ बजे तक होगा.

**कॉपी जांचने वाले शिक्षकों की है कमी**

मैट्रिक वार्षिक की उत्तरपुस्तिकाएं काफी संख्या में है. इनसे संबंधित परीक्षकों की काफी कमी है. कमी रहने के कारण इन विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन दो पालियों में किया जायेगा. इस विषयों का मूल्यांकन कार्य प्रथम पाली में आठ बजे से दोपहर दो बजे तक तथा द्वितीय पाली में तीन बजे से रात्रि नौ बजे तक किया जायेगा. इस विषय से जुड़े सह परीक्षकों, प्रधान परीक्षकों एवं अन्य कर्मियों को सुबह 7:30 बजे तक निर्धारित मूल्यांकन केंद्र में प्रवेश करना होगा. मूल्यांकन कार्य आठ बजे सुबह से शुरू हो जायेगा, जो शाम नौ बजे तक चलेगा. मूल्यांकन सीसीटीवी की निगरानी में होगी. उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन पांच मार्च से 17 मार्च तक चलेगा.बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने साफ कहा है कि शिक्षक अगर मूल्यांकन कार्य में शामिल नहीं होते हैं, तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी. समिति ने सभी जिलों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि जिन मूल्यांकन केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य के लिए शिक्षक उपस्थित नहीं होते हैं या शिक्षकों की कमी होती है तो, उन केंद्रों पर अन्य लोगों को लगाया जा सकता है. नियुक्ति के लिए जिला पदाधिकारी अथवा जिला शिक्षा पदाधिकारी के अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होगी।

# गायत्री महायज्ञ व संस्कार महोत्सव की तैयारी को लेकर की गयी समीक्षात्मक बैठक

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगूसराय। आगामी 27 से 29 मार्च तक होने वाले गायत्री महायज्ञ व संस्कार महोत्सव की तैयारी को लेकर शनिवार को राजकीयकृत किसान उच्च विद्यालय तारा बरियारपुर के प्रांगण में समीक्षात्मक बैठक की गयी. बैठक की अध्यक्षता महायज्ञ के संयोजक नरेंद्र प्रसाद सैनी ने किया. इस मौके पर शक्ति पीठ बेगूसराय के जयशंकर प्रसाद एवं रोसड़ा के आदित्य नारायण झा ने आगामी 27 मार्च से शुरू होने वाले गायत्री महायज्ञ व संस्कार महोत्सव के बारे में विस्तार से जानकारी दिया. उन्होंने कहा कि अखिल विश्व गायत्री परिवार खोदावंदपुर के सदस्यों व ग्रामीणों के द्वारा युद्ध स्तर पर गायत्री महायज्ञ की तैयारी की जा रही है. साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि गायत्री परिवार से जुड़े कर्मी एवं क्षेत्र के प्रबुद्धजन अपने आप में जिम्मेवारी समझें, तभी यह कार्यक्रम सफल हो सकता है. बताते चले कि आगामी 27 से 29 मार्च तक 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ व संस्कार महोत्सव मनाया जाएगा.जिसमें शांतिकुंज हरिद्वार के संत महात्माओं के द्वारा संपन्न करवाया जायेगा. इस महायज्ञ में कलश शोभायात्रा के साथ साथ युग संगीत, प्रवचन, सामूहिक जप ध्यान, प्रज्ञा योग, देवपूजन के अलावे विभिन्न संस्कार करवाया जाएगा. उसके बाद दीप महायज्ञ कर पूणार्हुति की जाएगी.बैठक में गायत्री महायज्ञ के संयोजक नरेन्द्र प्रसाद सैनी, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र महतो, यज्ञशाला प्रभारी जवाहर महतो, कलशयात्रा प्रभारी बैद्यनाथ सहनी के अलावे गायत्री परिवार से जुड़ें डॉ देवेन्द्र कुमार विमल, नंदलाल ठाकुर, अरविंद कुमार, रोहित कुमार, जवाहर सहनी, गजेन्द्र प्रसाद जयसवाल, अशोक कुमार, चन्द्रभूषण कुमार, शिवजी कुमार, रामबहादुर सहनी, सुरेश महतो, आनंद कुमार, गोपालजी लाल महतो समेत अनेक ग्रामीण मौजूद थे.

# पीएमसीएच में मरीजों को मिल रही पतली दाल व मोटे चावल, थाली से रोटी गायब

» मदरलैण्ड संवाददाता

पटना।पीएमसीएच में मरीजों की सेहत से इन दिनों खिलवाड़ किया जा रहा है. मरीजों को प्रतिदिन के मानक के अनुसार नाश्ता व भोजन की जगह पानी समान दूध, पतली दाल व सब्जी देकर काम चलाया जा रहा है. प्रभात खबर टीम ने शुक्रवार को मरीजों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता की पड़ताल की, तो पता चला कि सिर्फ कागज पर ही विधिवत डायट वाले नियम का पालन हो रहा है. वास्तविक स्थिति इससे अलग है, जबकि अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों को निःशुल्क नाश्ता और भोजन दिये जाने का निर्देश स्वास्थ्य विभाग ने दिया है. अस्पताल के शिशु रोग विभाग में बांटे जाने वाले खाने व मरीजों से बातचीत के बाद मामले का खुलासा हुआ.

**लंबी लाइन के बाद एक घंटे तक इंतजार करते रहे मरीज**

पीएमसीएच में दोपहर को मिलने वाले खाने का कोई टाइम नहीं है. कभी 11 बजे मिलता है, तो कभी एक बजे तक खाना नसीब नहीं होता है. यहां तक कि मरीजों को बेड पर पहुंचाने के बदले परिसर में परिजनों को बुलाकर खाना बांटा जाता है. इसमें आधे से अधिक मरीज के परिजनों को खाना तक नहीं मिल पाता है. शुक्रवार को 11:25 बजे तक टेबुल पर खाने का आइटम लाकर रख दिया गया. लेकिन उस समय मरीजों को खाना नहीं मिला.वहीं दोपहर 1:10 बजे एक बुजुर्ग महिला आयी फिर खाना बांटने का



सिलसिला शुरू हुआ. परिजनों की मानें, तो भोजन की गुणवत्ता इतनी खराब है कि मरीज अस्पताल का खाना लेना पसंद नहीं करते हैं. परिजनों की मानें, तो दोपहर व रात का खाना भी एक जैसा ही मिलता है. पीएमसीएच में तो बस मरीजों को दाल, मोटा चावल और एक सब्जी ही परोसी जा रही है. सुबह के नाश्ते में कभी अंडा गायब रहता है, तो कभी फल भी नहीं दिया जाता है.

**क्या कहते हैं परिजन**

मेरी 12 साल की बेटी बबिता शिशु वार्ड के बेड नंबर 17 पर भर्ती है. मैं छपरा जिले से यहां आया हूं. सुबह के नाश्ते में कभी अंडा मिलता है, तो कभी ब्रेड व सेब देकर ही कर्मचारी चले जाते हैं. इतना ही नहीं दोपहर का खाना लेने सेकेंड फ्लोर से नीचे परिसर में जाना पड़ता है. जब तक नीचे जाते हैं तो खाना बंट जाता है. किसी मरीज को मिलता है, तो किसी को खाली बर्तन के साथ ही वापस लौटना पड़ता है.

## टर्फ विकेट बनाने को लेकर ईसीडीसीए को मिलेगा सात लाख,डीएम ने की घोषणा



» मदरलैंड संवाददाता

मोतिहारी। कला-संस्कृति व युवा विभाग बिहार सरकार के द्वारा आयोजित अंडर-17 और अंडर-19 क्रिकेट टूनामेंट में भाग लेने को लेकर शनिवार को पूर्वी चम्पारण की टीम क्रमशः गया और नालन्दा रवाना हुई।महान स्पिनर शेन वार्न को श्रद्धांजलि देने के उपरांत शहर के गाँधी मैदान से टीम को रवाना करते हुए जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने टीम को बधाई व शुभकामनाएं दी।उन्होंने दोनों टीम(16सदस्यीय) को संबोधित करते हुए अंडर-14 टीम की तरह प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।इस दौरान जिलाधिकारी ने ईस्ट चम्पारण डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन को टर्फ विकेट बनाने के लिए सात लाख रुपये देने की घोषणा की।इस राशि से गाँधी मैदान मोतिहारी में टर्फ विकेट बनाये जाएंगे।जिले के क्रिकेट/खिलाड़ियो के विकास में यह मील का पत्थर साबित होगा।उन्होंने एसोसिएशन के सचिव ज्ञानेश्वर गौतम को इस संदर्भ में एक मांग पत्र कार्यपालक पदाधिकारी नगर निगम मोतिहारी को देने को कहा।मौके पर खेल पदाधिकारी राजेन्द्र कुमार,मीडिया प्रभारी प्रीतेश रंजन,वरिष्ठ खिलाड़ी शैलेन्द्र मिश्र बाबा सहित खेलप्रेमियों ने भी दोनों टीम को भी बधाई व शुभकामनाएं दिया।

# विद्यालय शिक्षा समिति की सचिव बनी नीतू

» मदरलैंड संवाददाता




मोतिहारी। केसरिया प्रखण्ड क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय फुलतकिया में शनिवार को विद्यालय शिक्षा समिति का गठन किया गया।इस दौरान नीतू देवी को सर्वसम्मति से वीएसएस का सचिव चुना गया।वहीं भूमिदाता उमाशंकर प्रसाद,शोभा देवी,उषा देवी,लालसा देवी,रीमा देवी,शीला देवी,मीना देवी सहित 15 लोगों को सदस्य बनाया गया।इससे पहले वार्ड सदस्य राधिका देवी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।जिसमें विद्यालय के विकास को लेकर चर्चा की गई।मौके पर संकुल समन्वयक कुंदन कुमार,प्रभारी एचएम मनोज कुमार यादव,रमाशंकर सहनी,श्रीराम सहनी,मुन्ना सहनी,राणा प्रताप सिंह,राजेश्वर ठाकुर,लखविंदर राय सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।इधर,राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बथना गाछी टोला उर्दू के वीएसएस चुनाव में मेहर अफरोज को निर्विरोध सचिव चुना गया।मौके पर अध्यक्षा साज्जाद खान,पर्यवेक्षक दिनेश सिंह,प्रभारी एमएम नवीन कुमार,शिक्षिका बबिता कुमारी,रोजी खातुन,पूर्व सरपंच मो जमा खान सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# कबीरपंथी आश्रम में सारनाथ के बौद्ध भिक्षुओं का सत्संग

» मदरलैण्ड संवाददाता

पटना। कबीरपंथी आश्रम मीठापुर में शुक्रवार को सायंकाल सारनाथ से कुशीनगर की यात्रा पर निकले विहाराधिपति धर्मचक्र विहार डॉ. भदंत स्वरुपानन्द अपने शिष्य मण्डली के साथ पधारे कबीर पंथी आश्रम पधारे। आश्रम के महन्थ ब्रजेश मुनि एंव आश्रम के संत विवेक मुनी ने उनका स्वागत किया। शनिवार को प्रातः धम्मपाठ के पश्चात बुद्धवाणी पर सत्संग करते हुए डॉ. भदंत स्वरुपानन्द ने कहा-भगवान बुद्ध सच्चे अर्थ में भगवान हैं। भगवा से आशय है जिसने राग,द्वेष, मोह को खत्म कर दिया। भगवान बुद्ध का धर्म लॉ ऑफ नेचर है। भगवान बुद्ध का धर्म दर्शन बताते हुए उन्होंने कहा कि भगवान ने दो प्रकार के धर्म बताए -कुशल धर्म और अकुशल धर्म। भगवान बुद्ध ने पाप को उत्पन्न करनेवाले सारे अकुशल धर्म को खत्म कर दिया, इसलिए वे भगवान है। मानव मानव में भेद नहीं है, इस आशय को स्पष्ट करते हुए भगवान बुद्ध ने कहा-



सब्बे तस्सन्ति दंडस्स सब्बेसंग जीवितं पियं।
अत्तानं उपमं कत्वा ना हनैय न घातये।।

अपने समान ही सबको समझे न किसी को मारे न तकलीफ दे। भगवान बुद्ध के उपदेश में करुणा, शान्ति एवं मैत्री का संदेश है, सबको करुणा का भाव दिया इसलिए उन्हें महाकारुणिक कहा जाता है। भगंवान बुद्ध ने विश्व समुदाय को एकात्म होने की सीख देते हुए कहा कि सीमा, देश, बन्धन हम बनाते हैं। पशु, पक्षी, मछली से सीख लेना चाहिए।ज्ञानियों को सीमा, देश आदि के बन्धन से मुक्त होना चाहिए।माता जैसे इकलौते पुत्र के प्रति स्नेह रखती है, वैसे ही हमें सबके प्रति स्नेह रखना चाहिए।इसलिए गलती होने पर भी दण्ड नहीं देना चाहिए।

वर्तमान में जहाँ विश्वयुद्ध की सम्भावना प्रबल हो गई है, ऐसे में भगवान बुद्ध का संदेश विश्व के नेताओं को आत्मसात करना चाहिए जो कहता है- हमें युद्ध नहीं बुद्ध चाहिए, हमें क्रान्ति नहीं शान्ति चाहिए।वैर से वैर को समाप्त नहीं किस जा सकता है अवैर अर्थात मैत्री से ही वैर को समाप्त किया जा सकता है।

डॉ भदंत स्वरूपानन्द जी के शिष्य भिक्खु प्रियदर्शी, भंते कारुणिक सिद्धार्थ नन्दन ने भी बुद्धवाणी का सत्संग किया। आश्रम के महन्थ ब्रजेश मुनि ने कहा भगवान बुद्ध और सद्गुरु कबीर के दर्शन में मानव धर्म और जीवन मूल्य को ही महत्व दिया गया है। वर्तमान में तनाव, इर्ष्या, द्वेष को मिटाकर शान्ति की स्थापना के लिए बुद्धवाणी, कबीरवाणी की प्रसङ्गिकता बढ़ गई है।

सत्संग में डॉ भदंत स्वरूपानन्द जी की शिष्य मंडली के शामिल हुए। सत्संग पश्चात भंडारा प्रसाद का आयोजन हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### चिकित्सा पदाधिकारी ने स्वास्थ कर्मी एनएम से फोन पर वार्ता के दौरान मांग डाला चुम्मा...



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। ऑडियो वायरल पर मच गया अब बवाल.. एएनएम स्वास्थ्य कर्मी पिछले कई दिनों से चिकित्सा पदाधिकारी पर अनैतिक व्यवहार करने का लगा रही हैं आरोप.. वही समेली प्रखंड के स्वास्थ्य केंद्र से जुड़े इस मामले के बारे में स्वास्थ्य विभाग के आरोपी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पर एएनएम ने कहा कि पिछले कई दिनों से वह लगातार उसे अपशब्द के साथ अनैतिक बर्ताव कर रहे हैं अब तो फोन पर ही उनसे चुम्मा मांगने लगे हैं .. जबकि इस मामले पर सफाई देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि वह अपने नातनी साथ खेलने के दौरान फोन पर यह शब्द कहां है.. पूरा मामला महिला स्वास्थ्य कर्मी के स्थानांतरण से जुड़ा हुआ है जिस कारण से उन पर इस तरह का गलत आरोप लगा रही है.. मेरे ऊपर लगाया गया आरोप बेबुनियाद है।

### तीस हजार रुपये एवं जेवरात लूटपाट कर घर को आग के हवाले किया



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। पोठिया गांव निवासी एक महिला ने तीस हजार रुपये नगद एवं जेवरात का लूटपाट कर घर में आग लगा देने का आरोप लगते हुए तीन लोगों के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। पीड़िता सुभद्रा देवी ने दर्ज कांड में जिक्र किया है कि 4 मार्च की सुबह करीब तीन बजे राजू मंडल, कृपानाथ मंडल,अशोक पंडित ने गाली गलौच करते हुए लाठी-डंडे से लैस होकर घर घुसकर पूरे परिवार के साथ मारपीट किया। घर से तीस हजार रुपये एवं जेवरात राजू मंडल द्वारा बक्सा तोड़कर निकाल लेने का आरोप लगाई है। जाने के क्रम में घर में भी आग लगा दिया। मामले में ओपी अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार राय ने बताया कि पीड़िता के आवेदन पर कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### भारीडीह मेला में प्लास्टिक व फाइबर के दौर में लकड़ी से निर्मित फर्नीचर की बिक्री खूब



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। हसनगंज प्रखंड स्थित बलुआ पंचायत के ऐतिहासिक व प्राचीन शिव मंदिर भरीडीह महा शिवरात्रि जलाभिषेक पूजा अर्चना के बाद भी मेला जैसा माहौल व्याप्त है। जहाँ प्लास्टिक व फाइबर के दौर में भी आज बलुआ पंचायत के भरीडीह भव्य मेले की अलग पहचान है। जिसमें महंगी लकड़ी से बने फर्नीचर सामानो के लिए कायम है। प्रतिदिन यहाँ दूर दराज सहित आसपास से लकड़ी के सामानो के खरीदारी को पहुचते है। इस दौरान पंचायत के मुखिया कन्तलाल लाल मुर्मू, समिति प्रतिनिधि सदानंद तिर्की, मेला सचिव ओमप्रकाश निर्झर ने कहा कि हर वर्ष महाशिवरात्रि के मौके पर भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। यह मेला पूरे एक माह तक चलता है। मंदिर के निर्माण के बारे में लोग बताते हैं कि सूरवंश राजवंश के राजा राजेन्द्र नारायण राय द्वारा 1822 ई में भारीडीह शिवमंदिर का निर्माण कराया गया। उन्होंने कहा कि लोग यहा पहुच कर उचित मूल्य में पलंग, टेबुल, कुर्शी, चौकी आदि की खरीदारी करते है। वहीं मेले में लकड़ी के समान खरीदारी के लिये इस मेले में अच्छा समान मिलने या उपलब्ध होने की बात कह रहे हैं। बता दे कि मेले में प्रखंड सहित कटिहार, कोढ़ा, डंडखोरा, मनिहारी, सपनी, सोनाली, कदवा, पूर्णिया, अररिया आदि जगहों से लोग पहुच कर खरीददारी के लिए आते हैं।

### राशीद, सउद पहुंचा घर,परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। युक्रेन रूस युद्ध का चश्मदीद गवाह निस्ता का गोलाम राशी, शिकारपुर का सउद आलम शनिवार को घर पहुंचे ही मां नुर अंजनी, पिता इजहार आलम के खुशी का ठिकाना नहीं था. खुशी से परिजनों की आखें नम थी. अपने जीगर का टुकरा को सामने देख कर फफक फफक कर रोने लगे. राशीद के दादा बीएड कालेज के डायरेक्टर नईम शाहिदी, पूर्व मुखिया अनजार आलम ने बताया की एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए युक्रेन गया था. युद्ध से घीर जाने पर मौत के मुंह से बच कर आया है. राशीद ने प्रभात खबर को बताया की दोनों देश में तनातनी शुरू होते ही युक्रेन में भारतीय दूतावास से लगातार सम्पर्क करने पर हमेशा बताया गया की सब कुछ शांति है. घबराने की कोई बात नहीं है. जब युद्ध शुरू हो गया तो दूतावास से कुछ मदद नहीं मिली. युक्रेन सरकार ने भी मदद नहीं किया. अपनी व्यवस्था से फ्लाइट से वतन वापस होने का प्रयास किये तो फ्लाइट का भाडा चार गुणा बढा दिया. इस के बावजूद टीकट बुक किये. लेकिन फ्लाइट रद्द हो जाने से युक्रेन में ही रूकना पडा. जिस ऐजेंसी के द्वारा गये थे. वह भी फरार हो गया. युद्ध शुरू होने के तीन दिनों तक बंकर में छुपे रहे. स्थिति और भयावह होने के बाद नीजी तौर पर बस के द्वारा किसी तरह बार्डर पहुंचने में सफल हुए. वहां इतनी भीड थी के तीन दिनों तक कडाके की ठंड में खडे पांव रहना पडा. बार्डर पार करने के बाद रोमानिया पहुंचने पर कुछ इत्मीनान हुई. रोमानिया की सरकार, वहां के भारतीय दूतावास ने पूरा सहयोग किया. रहने, खाने, पीने, वतन भेजने की सभी व्यवस्था रोमानिया की सरकार एंव भारतीय दूतावास के द्वारा किया गया. शुक्रवार को दिल्ली से पटना पहुंच कर शनिवार को घर पहुंच कर चैन की सांस ली है. घर पहुंचने के बाद भी युक्रेन युद्ध को याद कर युक्रेन युद्ध को याद कर रूह कांप जाता है. उन्होंने बताया की अपनी आखों से युद्ध का मंजर देखे हैं. युद्ध ग्रस्त खारकीव, खेरसन, से करीब पचास किमी की दुरी पर विनीलेश नेशनल मेडिकल युनिवर्सिटी स्थित है. वहां अगल बगल में भी बमबारी हुई है. मेडिकल कालेज तो सुरक्षित है. लेकिन अगल बगल में भाडी तबाही होने की सूचना है. शेखपुरा पंचायत के गोसाईकोल का हस्सान दिल्ली में है. वहीं पींढाल का शकलैन हैदर भी दिल्ली में रूका हे. उनके घर आने का परिजनों को बेसब्री से इंतजार है।

## जीविका दीदी चलाएंगी कृषि यंत्र, ट्रैक्टर की चाभी देकर सम्मानित करते: बीडीओ

» मदरलैण्ड संवाददाता




कटिहार। अगर हौसला बुलंद हो, कुछ करने की लगन हो तो कोई काम कठिन नहीं हो सकता। प्रखंड क्षेत्र स्थित हसनगंज के जीविका दीदी कृषि अपना कर वर्षों से अन्य खेती, किराना दुकान, सिलाई-कटाई समेत अन्य स्वरोजगार से जुड़कर अपने परिवारों का जीवन में खुशियों से भर दिया है। अब कृषि यंत्र मुहैया कराई गई है। इस तरह से एक अध्याय और जुट गया है। प्रखंड मुख्यालय परिसर मे कस्टम हायरिंग सेंटर कृषि यांत्रिकीकरण के तहत महिलाओं को कृषि क्षेत्र मे आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से नारी शक्ति जीविका महिला संकुल संघ की दीदियों को सम्मानित पूर्वक बीडीओ रितेश कुमार व प्रखंड परियोजना प्रबंधक हिमांशु शेखर ने कृषियंत्र कृषि कार्य के लिए ट्रैक्टर का चाभी प्रदान किया गया। इस संदर्भ में प्रखंड परियोजना प्रबंधक हिमांशु शेखर ने बताया कि कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना का मुख्य उद्देश्य है कि जीविका परियोजना से जुड़े वैसे परिवार जो कृषि कार्य से जुड़े हैं। उन्हें अधिक से अधिक लाभ दिलवाते हुए उनकी आय में वृद्धि करवाना है। मौके पर इस को लेकर बीडीओ रितेश कुमार ने कहा कि जीविका दीदियों को कृषि यंत्र ट्रैक्टर मुहैया कराया गया है। इससे जीविका से जुड़ी सभी महिलाओं को काफी लाभ होगा। इससे उनके जीवन में बेहद खुशहाली का द्वार खुलेगा। बताया कि कृषि सयंत्र से खासकर छोटे जीविका दीदी किसानों को काफी लाभ मिलेगा। वे भाड़े पर कृषि संयंत्र का उपयोग अब आसानी से कर सकेंगे। प्रखंड की महिला जीविका से जुड़कर काफी स्वावलंबी बन रही है। इस तरह से सरकार भी उनके हर सहयोग में हर संभव मदद कर रही है। इस मौके पर प्रखंड की जीविका दीदी जीविका कर्मी एवं अन्य उपस्थित रहे।

## आईरा प्रदेश अध्यक्ष ने कोढा में मनाया 8वा स्थापना दिवस

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। डॉक्टर सुमन मिश्रा वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में आल इंडिया रिपोटरर्स एसोसिएशन बिहार आईरा कोढा की तरफ से बड़े ही हर्षोल्लास के साथ दीप प्रज्जवलित व केक काट कर आठवां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया ।वहीं इस स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आये दिन पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार व हमलों को लेकर पत्रकार सुरक्षा कानून अन्य राज्यों की भांति बिहार में भी अति शीघ्र लागू होनी चाहिए ताकि हम पत्रकार अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकें , एक पत्रकार ही है जो कड़ी धुप,भरी बरसात,कड़ाके की ठंड ,के साथ आंधी हो या बरसात सभी मौसमों के विरुद्ध लड़ते हुए अपनी जान की परवाह न करते हुए , गरीब, शोषित, वंचित ,किसी भी माध्यम से पिडित को अपनी कलम की ताकत के माध्यम से उनकी न्याय के लिए आवाज उठाने का कार्य करते हैं। और वहीं अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं करें तो आमजनों शोषित पीड़ित का आवाज आखिरकार कौन सुन पायेगा ,दुसरी तरफ उन्होंने संदेश दिया कि आज के समय में पत्रकारों के बीच एकता नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। एकता में ही बल होता है एकता ही हमारी पहचान है। जब तक हमलोग एकता के एक सुत्र में मजबुती के बंधन के साथ न बधंगे तो सरकार हमारी आवाज को दवाती रहेगी

वहीं इस स्थापना दिवस के मौके पर स्टेट मेम्बर सीतेश कुमार ,प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज कुमार ,स्टेट मेम्बर रमन कुमार श्रवण कुमार प्रखंड अध्यक्ष कोढ़ा , कटिहार जिला अध्यक्ष राजीव रंजन , गोपाल यादव ,सोनू चौधरी , योगेश ,रतन कुमार ,आलोक मेहता ,आदि के अलावे पत्रकार समीर कुमार, शंभु कुमार, राहुल कुमार, गणेश झा, शाहजहां आलम ,अनिल चौरसिया शामिल थे।

## जीविका दीदी ने प्रदर्शनी के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हैंगिंग लैंप दिया



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। पूर्णिया प्रमंडल में आयोजित समाज सुधार अभियान के तहत कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहुंचे थे। इस क्रम में जीविका द्वारा लगाए गए स्टॉल का प्रदर्शनी किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जीविका द्वारा किए जा रहे कार्य प्रशंसनीय किया। इसी दरम्यान हसनगंज प्रखंड के जीविका के द्वारा प्रदर्शनी स्टॉल लगाया गया था। प्रखंड परियोजना प्रबंधक हिमांशु शेखर की अगुवाई में इस दौरान मोहली टोला निवासी जीविका दीदी रिंकी देवी वेणु शिल्प हसनगंज से बने उत्पाद को समाज सुधार कार्यक्रम में जीविका दीदियों द्वारा लगाए गए स्टाल के निरीक्षण करते समय बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश जी को गिफ्ट किया। जीविका दीदी रिंकी देवी ने कहा कि बांस से निर्मित सामग्री जीविका से प्रशिक्षण प्राप्त कर आकर्षक रूप से बनाते हैं। सौभाग्य से बिहार के मुख्यमंत्री समाज सुधार कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे थे। इसी क्रम में प्रदर्शनी के दौरान उन्हें हैंगिंग लैंप सम्मानित तौर पर देकर बेहद खुशी मिला है।

## भागवत कथा चुम्बक की तरह काम करती है: प्रभा

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। यूथ पावर स्वयंसेवी संगठन लोककला मंच भरेली के प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दुसरे दिवस मुख्य अतिथि सह उद्घाटन कर्ता के रुप में उपस्थित कटिहार जिले के निवर्तमान विधान पार्षद सदस्य अशोक अग्रवाल व राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रभा कुमारी, मुखिया राज कुमार भारती, वीके नविता दीदी, वीके दिव्या दीदी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जविलत कर उद्घाटन किया। भागवत कथा में राजयोगिनी वीके प्रभा ने कहा कि मनुष्य के जन्म जन्मांतर पुण्य का उदय होने पर ही श्रीमद्भागवत जैसी भगवान की दिव्य कथा श्रवण कर सौभाग्य मिलता है। भगवान रुपी गंगा की धारा पवित्र और निर्मल है। जो पापियों को भी तार देती है। भागवत कथा चुम्बक की तरह काम करती है। मनुष्य के मन को अपनी ओर खींचती है। इसके माध्यम से हमारा मन भगवान से लग जाता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने मात्र से ही जीवों का कल्याण हो जाता है। व्यासजी ने जब भागवत प्राप्ति का ग्रथ लिखा ।तब भागवत नाम दिया गया। बाद में इसे श्रीमद्भागवत नाम दिया गया ।जो व्यक्ति भागवत सुनता है ।उसका अहंकार दूर हो जाता है। भागवत कथा में बाल लीला व कृष्ण जन्म उत्सव कृष्ण , यशोदा मैया एवं बासुदेव की झांकियों के साथ उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि का सम्मान प्रिया दीदी एवं नविता दीदी ने तिलक लगाकर व शांल प्रदान कर अतिथियों को सम्मानित किया। इस भागवत कथा में दर्वेश्वर प्रसाद मंडल, सुनील शर्मा, यूथ पावर अध्यक्ष हरि प्रसाद मंडल,सुमन शर्मा, पूर्व सरपंच अवधेश कुमार आर्य,उप मुखिया चंदन कुमार,भोल प्रसाद मंडल, रोहित कुमार, महेश मंडल, प्रीति कुमारी, अश्विनी मोदी आदि ने भाग लिया।

## विधान परिषद चुनाव को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आठ सीटों पर उम्मीदवारों का किया घोषणा सुनील कुमार यादव होंगे कटिहार से प्रत्याशी

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बिहार विधान परिषद के लिए होने वाले चुनाव पर आठ प्रत्याशियों के नामों की घोषणा पर मुहर लगा दिया है। जिसमें की कटिहार से सुनील कुमार यादव को प्रत्याशी बनाया गया है। इससे पूर्व भी कांग्रेस पार्टी से सुनील कुमार यादव का एमएलसी प्रत्याशी को लेकर नाम काफी चर्चा का विषय रहा था। वही सुनील कुमार यादव को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद कटिहार जिला के कांग्रेस कार्यकताओं में खुशी की लहर है। वही एमएलसी प्रत्याशी बनाए जाने के बाद सुनील कुमार यादव ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, राष्ट्रीय महासचिव तारिक अनवर, प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा एवं प्रभारी भक्त चरण दास सहित तमाम कांग्रेस के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर तक के तमाम नेतागण का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित कदवा विधायक शकील अहमद खान,मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह सहित तमाम वरीय कांग्रेस के नेताओं ने जो भरोसा जताया है, उस पर खड़े उतरेंगे। वही एमएलसी प्रत्याशी बनाए जाने के बाद लगातार सुनील कुमार यादव को बधाई देने का सिलसिला लगातार जारी है। सुनील कुमार यादव ने अपने छात्र राजनीति जीवन की शुरूआत एनएसयूआई के प्रखंड अध्यक्ष से की थी उसके बाद वे कटिहार के पूर्व में एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष भी रह चुके हैं । इस वजह से छात्रों- युवाओं में भी उन्हें प्रत्याशी बनाए जाने के बाद काफी उमंग देखा जा रहा है।

## जमीनी विवाद में 16 दिनों से जूझता रहा मो. जमाल की आखिर मौत हो गई

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। प्राणपुर थाना क्षेत्र के प्राणपुर पंचायत के सिरण्ड गांव निवासी मोहम्मद मजलूम एवं निजाम व साकिब याने कुल 10 की संख्या में आकर बस्तौल पंचायत के जौनिया गांव निवासी मोहम्मद हाशिम के पुत्र मोहम्मद जमाल के साथ 16,दिन पूर्व में मारपीट क्या गया था। जिसमें मोहम्मद हाशिम के पुत्र मोहम्मद जमाल को मार कर बुरी तरह घायल कर दिए थे ।उक्त विवाद को लेकर प्राणपुर थाना में आवेदन दिया गया ।वही बुरी तरह घायल अवस्था देखते हुए थाना अध्यक्ष राजीव कुमार झा द्वारा इलाज के लिए प्राणपुर उप स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया था ।वही प्राणपुर उप स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत डॉक्टरों की टीम द्वारा मोहम्मद जमाल की नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए कटिहार मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया गया था ।वही मोहम्मद हाशिम ने बताया कि कटिहार मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति देख कर उसे उत्तम इलाज के लिए पूर्णिया भेज दिया। जिसे पूर्णिया मैक्स में भर्ती कराया गया। जिस में इलाज सफल नहीं होने के कारण सिलीगुड़ी रेफर किया गया लेकिन नाजुक स्थिति बढ़ती गई इससे सिलीगुड़ी से पटना पीएमसीएच में इलाज चल रहा था ।लेकिन इतनी जगह दौड़ने के बावजूद भी नहीं बचा पाए मोहम्मद जमाल की जान को,आखिर कर दिनांक चार मार्च को पीएमसीएच पटना में मृत्यु हो गई ।वही मृतक मोहम्मद जमाल की शव को प्राणपुर थाना अध्यक्ष ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया गया। जिसमें ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार की जाए मृतक के परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए।*

## यूक्रेन से घर पहुँची निक्की का माँ ने उतारी आरती

### राकेश को परिजनों ने पहनाया फूल का माला

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। रूसी हमले से बचकर यूक्रेन से लौटा कटिहार जिले के फलका प्रखंड भंगहा गांव की बेटी सह मेडिकल का छात्रा निक्की पटेल और गोविंदपुर गाँव का एक बेटा सह मेडिकल छात्र राकेश कुमार की शनिवार की सुबह अपना अपना गाँव पहुंच गया। बच्चों को सही-सलामत देख दोनों के परिजन फूले नहीं समा रहे थे। घर पहुँचते ही उसके सलामती की दुआ व प्रार्थना करने वाले पड़ोसी एवं ग्रामीणों की भीड़ उसके घर पर जुटी थी। दोनों के माता- पिता सहित सभी परिजनों ने आरती उतार कर व फूल माला पहनाकर स्वागत किया ।बच्चों के सही सलामत देख दोनों के घर का माहौल उत्सव में बदल गया। पेशे से किसान निक्की के पिता राजेन्द्र पटेल एवं माता सह पूर्व मुखिया किरण पटेल समेत चाचा सुरेंद्र पटेल , चाची कंचन माला सिंहा आदि अपने जिगर के टुकड़े को देख बहुत खुश थे। सबों ने ईश्वर को पहले धन्यवाद कहा। सकुशल वापसी को लेकर छात्र सहित परिजनों ने केंद्र सरकार और सूबे की सरकार की भी सराहना कर शुक्रिया अदा किया है। घर पहुंची निक्की के चेहरे पर यूक्रेन और रूस के बीच जंग के बम बारी और मिसाइल के गोले की तड़तड़ाहट की दहशत साफ दिख रही थी। बदहवास निक्की का कहना था कि पोलैंड बॉर्डर समीप हाड़ कांपती ठंड के बीच बिताया हुआ वो 48 घंटे तक का खौफनाक मंजर कभी भुलाया नहीं जा सकता है ।ऐसा लगता है कि अभी भी कानों में मिसाइल व गोलियों की तड़तड़ाहट व बम के धमाके गूंज रही है ।जब पोलैंड पहुंचे और भारतीय एंबेसी के सहयोग से फ्लाईट से दिल्ली पहुंची तब जाकर जान में जान आई ।माता किरण पटेल,पिता राजेंद्र पटेल,चाचा सुरेंद्र पटेल व चाची कंचनमाला सिन्हा ने बताया कि सबों के दुआ और आशिर्वाद के कारण मौत के मुँह से निक्की लौट कर आज हमलोगों के बीच पहुँच आई है ।निक्की सहित सभी परिजन बेटी के कैरियर को लेकर काफी चिंतित थे,क्योंकि निक्की के डॉक्टर की पढ़ाई फाइनल होने में मात्र डेढ़ वर्ष बचा हुआ था। मेडिकल छात्रा नुक्की का कहना था रूसी हमले के कारण हम छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। इसलिए केंद्र व राज्य सरकार हम बच्चों के बचे बांकी पढ़ाई को पूरा कराने के दिशा में जल्द ही कोई कदम उठाए।

वहीं गोविंदपुर गाँव के किसान के पुत्र राकेश कुमार ने बताया कि बहुत मेहनत से पिता ने अक्टूबर 2021 में यूक्रेन के टरनोपिल राष्ट्रीय मेडिकल यूनिवर्सिटी में दाखिला करवाए थे ।लेकिन चार माह बाद ही रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हो जाने से हमारा कैरियर अब दाव पर लग गया है ।आंखों के सामने बीते हुवे वह खौफनाक मंजर को याद कर अभी भी आँखों से आँसू छलक पड़ता है।

## आजादी के अमृत महोत्सव पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के फील्ड आउटरीच ब्यूरो भागलपुर के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत चलाये जा रहे कोविड 19 टीकाकरण, मिशन इंद्रधनुष 4.0, आत्मनिर्भर भारत अभियान कटिहार के हरिशंकर नायक उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घघाटन नगर आयुक्त मनोज कुमार, सिविल सर्जन देवेंद्र नाथ पांडेय व जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डीएन झा द्वारा संयुक्त रूप से किया।

नगर आयुक्त मनोज कुमार ने संबोधित करते हुए शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य पूर्ण करने में सहयोग की आवश्यकता है।

सिविल सर्जन देवेंद्र नाथ पांडेय ने सरकार द्वारा टीकाकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की चर्चा करते हुए सभी से इसका लाभ उठाने की अपील की।

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डीएन झा ने सभी रोगों से मुक्ति के लिए सभी प्रकार के टीके लगाने के महत्व को बताया ।

कार्यक्रम में कटिहार सदर सीडीपीओ लक्ष्मी कुमारी, उप-नगर आयुक्त बबलू कुमार, डीपीएम स्वास्थ्य डॉ. किसलय कुमार, बाल संरक्षण पदाधिकारी सुधीर कुमार,जीविका के स्वास्थ्य प्रतिनिधि तपन कुमार बॉल तथा अभिलाषा परिवार के सचिव राजेश कुमार सिंह ने भी अपने विचार रखे।

फील्ड आउटरीच ब्यूरो भागलपुर के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि कोविड-19 के विरुद्ध अभियान में देश मे अब तक 178 करोड़ से अधिक टीके दिए जा चुके हैं।

सरकार द्वारा बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए सघन इन्द्रधनुष टीकाकरण अभियान 4.0 भी चलाया जा रहा है।

इस अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य मंत्रालय बिहार सरकार के सहयोग से कोविड टीकाकरण व निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जांच टीम में सदर अस्पताल कटिहार की एएनएम उषा देवी, कंचना कुमारी तथा लैब टेक्नीशियन नीरज कुमार शाह व राखी कुमारी थे।

कार्यक्रम स्थल पर भारत सरकार का विशेष जागरूकता रथ भी प्रदर्शित किया गया।

यह जागरूकता रथ आम जनता के बीच जाकर कोविड 19 टीकाकरण, मिशन इंद्रधनुष 4.0 तथा आत्मनिर्भर भारत के बारे में जानकारी दे रहा है।

कार्यक्रम में जागरूकता वृद्धि के लिए आंगनबाड़ी सेविकाओं और जीविका दीदियों द्वारा रैली भी निकाली गई। जिसे नगर आयुक्त मनोज कुमार व सिविल सर्जन देवेंद्र नाथ पांडेय द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया।

कार्यक्रम में कल विद्यालय की छात्राओं के बीच आयोजित चित्रकला,कबड्डी एवं दौड़ प्रतियोगिता के विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया ।

चित्रकला में साक्षी झा को प्रथम, गंगोत्री कुमारी को द्वितीय , सावित्री मरांडी को तृतीय तथा सना परवीन, नंदनी कुमारी व लक्ष्मी कुमारी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ.

कबड्डी में विजेता छात्राओं में अदिति, ब्यूटी, तन्नू, खुशबू व निशु शामिल रहीं।

दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम सिम्मी कुमारी, द्वितीय शिवानी कुमारी तथा तृतीय पुरस्कार मुनकी कुमारी को प्राप्त हुआ।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सीता कुमारी, अमन कुमार झा, स्नेहा कुमारी सहित अनेक लोगों को पुरस्कृत किया गया।

## उपायुक्त के निदेर्शानुसार रमादेवी बाजला कॉलेज में दहेज प्रथा उन्मूलन से जुड़े विषयों पर कार्यक्रम का किया गया आयोजन....

» मदरलैण्ड संवाददाता

देवघर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के निदेर्शानुसार रमादेवी बाजला कॉलेज के सेमिनार हॉल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर दहेज प्रथा उन्मूलन से जुड़े विभिन्न विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दहेज कुप्रथा के वजह से होने वाले अत्याचार व नुकसान को लेकर सभी को लोगों को जागरूक करते हुए दहेज न लेने हेतु प्रेरित किया गया।

इसके अलावे प्रशिक्षु आईएएस अनिकेत सच्चान द्वारा कहा गया कि समाज में फैली इस कुप्रथा को जड़ से मिटाने में आप सभी कॉलेज छात्राओं का अहम योगदान हैं। हम सभी को हमारे समाज मे दहेज प्रथा को समाप्त करने हेतु बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं से सिख लेना होगा और समाज मे फैले इस कुप्रथा को जड़ से समाप्त करना होगा।कार्यक्रम



के दौरान डीसी सेल से सुश्री अमृता सिंह, सुश्री आस्था जोशी एवं श्री छपा किरण ने दहेज कुप्रथा से जुड़ी विभिन्न कुरीतियों के साथ समाज में जागरूकता पैदा करने से जुड़ी जानकारियों से अवगत कराया।इसके अलावे कार्यक्रम के दौरान दहेज कुप्रथा से जुड़े भाषण प्रतियोगिता, एक्सटेम्पोर एवं गीत का आयोजन कॉलेज के छात्राओं द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आगामी 08 मार्च को होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में जिला, प्रखंड, पंचायत स्तर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को दहेज कुप्रथा के प्रति जागरूक किया जा सके।

कार्यक्रम के दौरान जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मियो द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 अवसर पर राष्ट्रव्यापी मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता का जानकारी दिया गया। इस दैरान जानकारी दिया गया कि दिनांक-25.01.2022 से 15.03.2022 तक राष्ट्रव्यापी मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा हैं। जिसके तहत राष्ट्रीय स्तर पर क्विज, स्लोगन लेखन, गायन प्रतियोगिता, वीडियो बनाना और पोस्टर डिजाइन आदि शामिल हैं।

कार्यक्रम के दौरान उपरोक्त के अलावे प्राचार्या महोदया डॉ० सुचिता कुमारी, एनएसएस पदाधिकारी रेखा कुमारी, शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## समाहरणालय परिसर में सेल्फी पॉइंट का शुभारंभ हुआ

» मदरलैण्ड संवाददाता

देवघर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजुनाथ भजंत्री के निदेर्शानुसार मतदाता जागरूकता व दहेज कुप्रथा को जिले से समाप्त करने के उद्देश्य से प्रशिक्षु आईएएस अनिकेत सच्चन द्वारा समाहरणालय परिसर में सेल्फी पॉइंट का शुभारंभ किया गया।इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस द्वारा जानकारी दिया गया कि भारत निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस , 2022 के अवसर पर राष्ट्रव्यापी मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता- ₹मेरा वोट मेरा भविष्य एक वोट का महत्व₹ का शुभारंभ किया है। आगें उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य आमजन की रचनात्मक अभिव्यक्ति के जरिये प्रत्येक मत का महत्व बताना है। प्रतियोगिता में किसी भी आयु वर्ग के व्यक्ति भाग ले सकते हैं ।इसका उद्देश्य लोकतंत्र में जरूरी प्रत्येक मत के




महत्व की थीम पर संकलित विचारों एवं विषय वस्तु को अभिव्यक्त करना है।

इसके अलावे प्रशिक्षु आईएएस श्री अनिकेत सच्चान ने कहा कि https://ecisveep.nic.in/contest/ पर जाकर प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारियाँ प्राप्त की जा सकती हैं । 1. प्रतियोगिता की समय सीमा- 25 जनवरी 2022 से 15 मार्च 2022 तक हैं। साथ ही मेरा वोट मेरा भविष्य- एक वोट का महत्व ₹ विषय पर आधारित हैं जिसमें प्रतियोगिता को पाँच श्रेणियों में यथा- क्विज ( प्रश्नोत्तरी ) , स्लोगन लेखन , गायन प्रतियोगिता , वीडियो बनाना और पोस्टर डिजाइन विभाजित किया गया है ।उपरोक्त के अलावे जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी राजीव कुमार, निर्वाचन कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जनता दरवार का आयोजन,दोनों अंचल के सीओ पहुँचे बथनाहा ओपी थाना



मदरलैण्ड संवाददाता, अररिया। भूमि विवाद समेत अन्य समस्याओं के समाधान को लेकर शनिवार को बथनाहा ओपी प्रांगण में जनता दरबार का आयोजन किया गया। बथनाहा ओपी में फारबिसगंज सीओ संजीव कुमार व नरपतगंज सीओ शम्भू प्रकाश एवं ओपी अध्यक्ष नंद किशोर नंदन के संयुक्त नेतृत्व में समस्याओं का समाधान करने के साथ साथ अगली सुनवाही के लिए तिथी दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। ओपी अध्यक्ष नंद किशोर नंदन ने बताया कि जनता दरबार में सात मामले की सुनवाई की गई। चार मामले को निष्पादित किया गया। अगले शनिवार की जनता दरबार में बचे मामलों की सुनवाई की जाएगी। ओपी अध्यक्ष ने उपस्थित पक्षों को हिदायत देते हुए कहा कि हुए फैसले के विरुद्ध कोई पक्ष किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न नहीं करें। इस मौके पर अन्य पुलिस कर्मी शांति व्यवस्था में जुटे रहे। मौके पर मुखिया एखलाक,एसआई छोटेलाल चौहान,ऋतु कुमारी,मिट्ठू पासवान, मो० आबिद समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### नवनिर्वाचित पंसस व मुखिया की पहली बैठक नव मार्च को होगी

मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। गौनाहा 9 मार्च को पंचायत समिति का सधारण बैठक साभागर गौनाहा में आयोजित किया जा रहा हैं। बैठक में भाग लेने के लिए प्रखंड मुख्यालय से पत्र जारी कर विधायक, सांसद, प्रखंड के प्रमुख, उप प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, सभी मुखिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, सहोदरा, गौनाहा व मटियरिया थानाप्रभारी, आपूर्ति पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी, कृषी पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी, मध्याह्न भोजन, चिकित्सा पदाधिकारी, कनीय विधुत अभियंता, पशु चिकित्सा पदाधिकारी, राज्य खाद्ध निगम गोदाम प्रबंधक, आवास पर्यवेक्षक, कृषी समन्वयक को सुचना भेज कर 9 मार्च को होने वाले बैठक में उपस्थित रहने कि बात कही गयी हैं। इसकी जानकारी देते हुए बीडीओ अजय प्रकाश राय ने बताया कि नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ यह पहला बैठक किया जाऐगा। बैठक के दौरान प्रखंड क्षेत्र का विकास करने का रूपरेखा तैयार किया जाऐगा। उन्होने बताया हैं कि माननीय सांसद व विधायक को छोड़ कर किसी भी जनप्रतिनिधि के स्थान पर दुसरा व्यक्ति इस बैठक में भाग नही लेगा। बैठक में विभिन्न विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर भी चर्चा कि जाऐगी।

### रास्ते में घेर कर युवती से छेड़खानी का प्रयास, प्राथमिकी दर्ज

मदरलैंड संवाददाता, सारण। थाना क्षेत्र के भटौरा गांव में अपने घर जा रही एक युवती को रास्ते में घेर कर उसके गांव के ही एक युवक द्वारा छेड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में युवती ने आरोपी पर तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें गांव के ही नीरज सिंह को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। पीड़ित का कहना है कि जब वह घर जा रही थी तो आरोपी युवक ने उसे रास्ते में घेर लिया और अभद्र बातें बोलने लगा। विरोध करने पर उसके साथा छेड़खानी करने का प्रयास करने लगा। इस घटना के बारे में युवती की मां ने जब युवक से पूछताछ करने गई तो उनके साथ भी युवक ने दुर्व्यवहार किया। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### पोखरेड़ा पंचायत के कई वार्डों में हुआ सचिव का चुनाव, वार्ड संख्या-4 में नहीं हुआ चुनाव


मदरलैंड संवाददाता, सारण। प्रखंड के पोखरेड़ा पंचायत के विभिन्न वार्डों में शनिवार को वार्ड सचिव का चुनाव सम्पन्न हुआ तथा कई जगहों पर आपसी सहमति नहीं बनने के कारण चुनाव स्थगित हो गया। पोखरेड़ा के वार्ड संख्या-03 में एक मात्र सचिव पद के उम्मीदवार संतोष सिंह निर्विरोध घोषित हुए। वहीं वार्ड संख्या-04 में उम्मीदवारों की आपसी सहमति नहीं बनने के कारण चुनाव को स्थगित कर दिया गया। वहीं चुनाव स्थगित कराने को लेकर वार्ड संख्या-04 के सचिव पद के उम्मीदवार दिनेश राय ने प्रखंड कार्यालय में आवेदन दिया था। इस आशय की जानकारी पंचायत स्तरीय चुनाव पर्यवेक्षिय पदाधिकारी सह प्रखंड कृषि समन्यवयक प्रमोद कुमार सिंह ने दी।

## यूक्रेन में फंसा बरवाकला गांव के शिक्षिका नौसबा अंजुम का एकलौता चिराग फकीउल आजम

### प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री नितीश कुमार से परिवार वालों ने लगाई मदद की गुहार

» मदरलैण्ड संवाददाता








बेतिया। साठी यूक्रेन में फसे एमबीबीएस के अंतिम सत्र के छात्र फकीउल आजम समेत अन्य छात्र- छात्राओं की वायरल वीडियो लगातार शोसल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमे यूक्रेन में फसे छात्र भारत सरकार से मदद की गुहार लगा रहे है।वायरल वीडियो में फसे छात्र बता रहे है की यहां की स्तिथि दिन प्रतिदिन खराब होते जा रही है।यहां खाने के लिए राशन और पीने के लिए पानी तक नही मिल पा रही है।हर आधे घंटे पर बम की धमाके की आवाज सुनाई दे रही है,सुमि के प्रत्येक सड़क व गली में चारो तरफ स्नाइपर लगे हुए है।बाहर निकलना खतरे से खाली नही है, कभी भी एयर स्ट्राइक,या स्नाइपर का शिकार हो सकते है।वही पश्चिमी चंपारण जिला अंतर्गत साठी थाना के बरवाकला गाव निवासी रैफुल आजम एवं सरकारी शिक्षिका नौशाबा अंजुम ने बताया कि मेरा एकलौता पुत्र फकीउल आजम एमबीबीएस की पढ़ाई करने यूक्रेन गया हुआ है, वो अभी यूक्रेन के शुमी शहर के शुमी यूनिवर्सिटी का छात्र है जो कि रसिया बॉर्डर के पास है, वहां पर एक बहुमंजिले होस्टल के बेसमेंट में अपने साथियो के साथ जान की सलामती के लिए छुपा हुआ है, और लगातार भारतीय दूतावास के संपर्क में है लेकिन अभी तक उसे कोई मदद नही मिल पाई है,जिससे वहां फसे हुए छात्र काफी चिंतित है, और लगातर शोसल मीडिया पर भारत सरकार से अपनी सलामती के साथ सुरक्षित स्वदेश लौटने की गुहार लगा रहे है। वही वायरल वीडियो एवं वहां पर बढ़ रही तनाव के कारण यूक्रेन में फसे छात्रों के परिजनों का बुरा हाल है। वही इस संदर्भ में एसडीएम धनंजय कुमार से बात की गई तो उन्होंने ने बताया कि यूक्रेन में फसे छात्रों की सूची जिला प्रशासन को भेजी गई गई जिला प्रशासन के माध्यम से आगे की प्रकिया की जा रही है।

## सदन में बैठने का मौका मिला तो जनप्रतिनिधियों को अधिकार दिलाने का काम करूंगा-- एमएलसी प्रत्याशी आफाक अहमद

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। गौनाहा जनप्रतिनिधियों के अधिकार पर आघात करने वालों को रावण की तरह बध करूंगो सभी जनप्रतिनिधियों की रक्षा करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उक्त बातें शुक्रवार को कांग्रेस के एमएलसी प्रत्याशी आफाक अहमद ने पिपरा गांव में बाजड़ा मुखिया जयप्रकाश महतो के आवास पर आयोजित जन प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही समारोह की अध्यक्षता गौनाहा मुखिया संघ के अध्यक्ष सह धनौजी मुखिया प्रदीप पंजियार ने की उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद विधान परिषद के लिए जो भवन मुझे आवंटित होगी उसमें पश्चिमी चंपारण बेतिया के सभी जनप्रतिनिधि रह सकते हैं मेरे वेतन से जनप्रतिनिधियों के खाने, पीने व रहने की व्यवस्था होगी उनका कहना था कि पश्चिम चंपारण जिला के सभी 17 प्रखंडों में लेटेस्ट समुदायिक भवन प्रतिनिधियों के लिए बनाउँगो बैठक में वार्ड सदस्य ,पंचायत समिति सदस्य एवं मुखिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं एक किसान का बेटा हूं तथा एक शिक्षक भी हूं विधान परिषद सदस्य बनने का अगर आप मौका देते हैं तो आपके अधिकार की लड़ाई लड़ूंगो जनप्रतिनिधियों पर होने वाले अत्याचार एवं पदाधिकारियों के जुलूस को समाप्त कर दूगो अपने अध्यक्षीय भाषण में मुखिया संघ के अध्यक्ष प्रदीप पंजियार ने कहा कि जात-पात से ऊपर उठकर कांग्रेस प्रत्याशी आफाक अहमद को विजयी बनावे अन्य वक्ताओं में मुखिया जयप्रकाश महतो, विक्की गढ़वाल ,राम बिहारी महतो सोवा लाल महतो ,सुनील महतो, पूर्व कांग्रेसी विधायक नरेंद्र तिवारी, पंचायत समिति सदस्य दीपू तिवारी, सातार मियां, सूरज कुमार, प्रदीप साह, लक्ष्मण राम, राम कुमार महतो शामिल थे कार्यक्रम का संचालन युवा समाजसेवी दिलशाद आलम ने की

## बीडीओ की कार्यशैली से प्रखंड के लोगों का प्रशासन पर बढा भरोसा...

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। ठकराहा प्रखंड के ब्लॉक पदाधिकारी अजीत सिंह इन दिनों अपने प्रखंड में अपने कार्यशैली से धन्यवाद का शुमार बटोर रहे हैं। ग्रामीणों के साथ अच्छे बर्ताव और निष्पक्षता वाली कार्यशैली से चर्चित और प्रसिद्ध हो चुके हैं बीडियो अजीत सिंह की अच्छी कार्यशैली प्रखंड के हर किसी की जुबानी सुना जा सकता है।प्रखंड में अजीत सिंह के पदभार संभालने के बाद ग्रामीणों के मामले का निष्पादन ब्लॉक पदाधिकारी के द्वारा त्वरित किया जाता है। लंबित मामले में आवेदक को आवेदन बीडियो अजीत सिंह के देने के दिन ही ब्लॉक प्राधिकारी के द्वारा मामले का निष्पादन का दिनांक घोषित कर दिया जाता है।बीडीओ अजीत सिंह लोगों के सार्वजनिक विकास से संबंधित सभी कल्याणकारी योजनाओं का अपनी देखरेख में प्रखंड क्षेत्र में लागू करते हैं। बीडियो अजीत सिंह के प्रखंड क्षेत्र में आने के बाद ग्रामीण विकास योजनाओं से संबंधित सभी कार्य जैसे वृद्धावस्था पेंशन योजना, आवास, कृषि योजना, सार्वजनिक वितरण प्रणाली आदि कार्य प्रखंड क्षेत्र में कराना सुविधाजनक हो गया है।ग्रामीण मुनींद्र तिवारी,तारकेश्वर तिवारी, पंकज, दिवाकर, देवकांत, रामायणी देवी इत्यादि लोगों ने बताया कि ऐसे पदाधिकारी के कारण ही लोगों का प्रशासन पर भरोसा बढ़ता है।

## प्रभात यादव को युवा राजद ने बनाया जिला महासचिव

» मदरलैण्ड संवाददाता

अररिया। फारबिसगंज प्रखंड के सुदूर राज अड़राहा पंचायत के समाजसेवी प्रभात यादव को युवा राजद ने जिला महासचिव बनाया है। युवा राजद प्रदेश अध्यक्ष कारी सोहैब के मौजूदगी में उनको जिला महासचिव का मनोनयन पत्र दिया गया साथ ही तमाम वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। पार्टी की ओर से प्रभात यादव को जिला महासचिव बनाने से पार्टी के अंदर गांव के समान्य कार्यकर्ता से बड़े पदों पर आसीन कार्यकर्ता सबने प्रसन्नता जताई है, उनको बधाई दी है। साथ ही उम्मीद भी जताई है कि राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक सभी विषयों पर वह पार्टी का पक्ष रखना और विरोधियों के सवालों का करारा जवाब देने में वह सक्षम हैं। जनता के बीच काम करने का और पार्टी के मुद्दों को जनता के बीच ले जाने का काम करेंगे। पूर्व सांसद सरफराज आलम, राजद प्रदेश महासचिव अरूण कुमार यादव, युवा राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष अभय सिन्हा, राजद जिला अध्यक्ष सुरेश पासवान, युवा राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व बीडीओ डॉ० गौतम कृष्णा, एम एल सी प्रत्याशी हाजी सुब्हान जी, युवा राजद के प्रदेश महासचिव डॉ राकेश रौशन, अविनाश मंगलम, युवा राजद के जिला अध्यक्ष गौरव कुमार उर्फ बिट्टू, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रधान महासचिव राशिद मुस्ताक, राहिल




अहमद, मोह्तसीम अख्तर सहित अन्य लोगों ने प्रभात को बधाई व शुभकामानाएं दिया है। प्रभात ने कहा कि गुरूदेव डॉ गौतम कृष्ण जी पूर्व बीडीओ सह प्रदेश उपाध्यक्ष युवा राजद,बिहार के विचारधारा से प्रेरित होकर हमने राजद परिवार में शामिल हुआ। उन्होंन कहा कि आज से मैं राजद परिवार का एक सिपाही के रूप मे कार्य करने को तैयार हूँ। कारी सोहैब समेत संगठन के सभी पदाधिकारियों का पूरे राजद परिवार के प्रति आभार, धन्यवाद व्यक्त करते है और तन मन से राजद संगठन के लिए काम करूंगा और अपने नेता को कभी शिकायत का मौका नहीं दूंगा ऐसा वादा करता हूँ पार्टी के विचारधारा और क्रियाकलापों को जनजन तक ले जाने का काम करूँगा।

## 56वीं वाहिनी एस.एस.बी. बथनाहा द्वारा किया गया वृहद सिविक एक्शन कार्यक्रम

» मदरलैण्ड संवाददाता

अररिया।शुक्रवार को 56वीं वाहिनी स. सी. ब. बथनाहा द्वारा कोविड 19 प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए कुन-कुन देवी उच्च विद्यालय फुलकाहा में वाहिनी कमांडेंट श्री मुकेश कुमार सिंह मुंडा के निर्देशन में ₹वृहद नागरिक कल्याण कार्यक्रम₹ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सीमावर्ती ग्रामीण जरूरतमंद किसानों और खेतिहर मजदूरों को कृषि उपकरण व उन्नत किस्म के बीज (स्प्रे मशीन, फावरा व हायब्रिड मक्का बीज) का निःशुल्क वितरण कर उन्हें सम्मानित किया गयाह्न जिससे कुल 51 गरीब किसान लाभान्वित हुए । सीमावर्ती 05 स्कूलों के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क विभिन्न प्रकार के खेल सामग्री का वितरण किया गया जिससे 2475 स्कूली बच्चे लाभान्वित हुए। निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर के माध्यम से 56वीं वाहिनी की ओर से चिकित्सक डॉक्टर अमन कुमार के द्वारा




सीमावर्ती ग्रामीणों को निःशुल्क चिकित्सकीय जांच कर मुफ्त दवाइयों का वितरण किया गया जिससे कुल 320 ग्रामीण लाभान्वित हुए। कार्यक्रम के शुरूवात में उपस्थित समस्त ग्रामीणों एवं देश के भविष्य कहे जाने वाले छात्र-छात्राओं को सामुहिक रूप से मानव तस्करी के विरुद्ध शॉर्ट मूवीज दिखाया गया और मानव तस्करी से संबंधित गतिविधियों से जागरूक किया गया।



इसके अतिरिक्त मध्य विद्यालय माणिकपुर में 56वीं वाहिनी के पशु चिकित्सक डॉक्टर ई. चाओबा सिंह द्वारा निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर लगाकर सीमावर्ती ग्रामीणों के पशुओं का निःशुल्क जाँच कर मुफ्त दवाईयाँ दी गई, जिससे कुल 156 मवेशी लाभान्वित हुए। सामानों के वितरण के पश्चात द्वितीय कमान अधिकारी श्री कस्तुरी लाल ने उपस्थित सभी ग्रामीणों और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ प्रतिवर्ष इस तरह के कल्याणकारी कार्य करते हैं जिसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलता है क इसके अतिरिक्त हर साल एस. एस. बी. स्किल डेवलपमेंट कोर्स भी कराती है जिससे ग्रामीण बेरोजगार युवक-युवतियां स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनती हैं ह्न इसके अलावे उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को उअढक्र२/ ररइ जॉइन कर देश सेवा के साथ-साथ स्वनिर्भर बनने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने मानव तस्करी के विरुद्ध सभी ग्रामीणों को जागरूक किया।

इस अवसर पर डॉ. ई. चाओबा सिंह, उप-कमांडेंट डॉक्टर अमन कुमार, जिला परिषद उपाध्यक्ष श्री श्रवण कुमार, मुखिया कृत्यानंद राम, सरपंच, निरीक्षक जय शंकर पाण्डेय, उप-निरीक्षक प्रेम कुमार गुप्ता, स्थानीय जन-प्रतिनिधि, कुन-कुन देवी उच्च विद्यालय फुलकाहा के प्रधानाध्यापक सहित 04 अन्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, समस्त शिक्षक, छात्र-छात्राएं बहुतायत संख्या में ग्रामीण, एवं एस एस.बी. के कार्मिक उपस्थित हुए ह्न

एस.एस.बी. द्वारा आयोजित इस कल्याणकारी कार्यक्रम का स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्कूल प्रशासन और स्थानीय जनता द्वारा काफी सराहा गया और ऐसे कार्यक्रमों के लिए फुलकाहा क्षेत्र के सीमावर्ती गाँव के चयन के लिए कमांडेंट मुकेश कुमार सिंह मुण्डा को आभार प्रकट किया गया ह्न

## डरौल गांव में दीवार गिरने से 10 वर्षीय बच्चे की मौत

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। गौनाहा मटियरिया थाना क्षेत्र के डरौल गांव में शुक्रवार को 3 बजे दिन में निमार्णाधीन मकान का दीवार गिर जाने से एक 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई हैं। मृतक की पहचान डरौल गांव निवासी नूर आलम अंसारी का पुत्र जफीर अंसारी के रूप में की गई है। सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन स्थानीय लोगों के पहल से मामला को सुलझा लिया गया तथा शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना को लेकर बताया जाता है कि अर्ध निर्मित मकान में काम करने के लिए जो बांस का चाली बांधा गया था उसी पर चढ़कर बच्चा खेल रहा था अचानक चाली के गिरने से जहां जफीर की मौत हो गई । वही दो बच्चिया गंभीर रूप से जख्मी हो गई हैं दोनों के इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है । इधर घटना को लेकर थोड़ी तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी बाद में स्थानीय लोगों के पहल से मामला को सुलझा लिया गया । मृतक के पिता नूर आलम ने बताया कि मेरे बच्चे की मौत का जिम्मेवार कोई नहीं है । मृतक जफीर अंसारी दो भाई तथा दो बहन है। घायल दो बच्चियों के ईलाज गांव में ही चल रहा है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष संजय कुमार का कहना है कि इस सम्बंध में थाने में कोई आवेदन नही दिया गया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के पहल से दोनों पक्ष आपस मे समझौता कर लिए है। मृत बच्चे को दफना दिया गया है। मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# मजबूत महिला नेतृत्व ने ईशा देओल को रुद्रा- द एज ऑफ डार्कनेस के साथ वापसी को प्रेरित किया

चंडीगढ़ : ईशा देओल ने कहा, जब मैंने बॉलिवुड में कदम रखा था, यह उस समय से काफी बदल चुका है। अब कहानियों में महिलाओं की नेतृत्वकारी भूमिकाओं को बल मिल रहा है। इससे सामाजिक एवं सांस्कृतिक धारणाएं बदल रही हैं और महिलाओं किरदारों को मिल रही आकर्षक संभावनाओं ने मुझे पर्दे पर वापसी करने के लिए प्रेरित किया। रुद्रा- द एज ऑफ डार्कनेस में मेरे किरदार में एक अडिग आवेश है, जो मैंने इससे पहले कभी नहीं निभाया। मैं अपने करियर के इस नए चरण के लिए बहुत उत्साहित हूँ और भविष्य में ऐसी ही सशक्त भूमिकाएं निभाने के लिए आशान्वित हूँ। दृष्टि धामी ने कहा, मैं जब भी खानजादा बेगम के किरदार में आती थी, तो गर्व से भर जाती थी, क्योंकि मुझे महसूस होता था कि इससे वो रूढ़िवादी परंपराएं टूट रही हैं, जो मैंने बचपन में अपने आस-पास देखी हैं। एक ओजस्वी योद्धा रानी का किरदार निभाना मेरे लिए अभिनव था।



ऐसे शो और मूवीज में काम करके गर्व होता है, जो महिलाओं को सशक्त भूमिकाओं में दिखाते हैं और आज की एवं कल की महिलाओं को प्रेरित करते हैं। शैफाली ने कहा, सशक्त महिला अभिनेत्रियां रूढ़ियों को तोड़कर विभिन्न शैलियों में चुनौतीपूर्ण किरदार निभा रही हैं। भारतीय मनोरंजन के परिदृश्य में महिलाओं का प्रतिनिधित्व अत्यधिक विकसित हो चुका है। इस शैली की जटिलता देखते हुए हाल ही में रिलीज किए गए हॉटस्टार स्पेशल्स मेडिकल ड्रामा, ह्यूमन में काम करना आसान नहीं था। हालांकि मेरे पूरे जीवन और करियर में, मेरा उद्देश्य हमेशा आधुनिक सोच वाली फिल्में व सीरीज में काम करना रहा है, जिनसे समाज में वार्ताएं जन्म लें और दुनिया को पूर्वाग्रहों को समाप्त करने की प्रेरणा मिले। सहर ने बताया, हॉटस्टार स्पेशल्स दिल बेकरार में 90 के दशक की बॉलिवुड क्वीन, पूनम ढिल्लों मैडम के साथ काम करने का अनुभव खुशकिस्मत और प्रेरणाप्रद था। मैं जब उनके साथ शूट कर रही थी, तो मैं उनके अनुभव की उत्तम शैली से अपनी आंखें हटा नहीं पा रही थी। उन्होंने मुझे अपनी सीमाएं बढ़ाकर बेहतर बनने में मदद की ! इस महिला दिवस पर, खुद को चुनौती दे और बेहतर बनने में मेरी मदद करने के लिए मैं उन्हें धन्यवाद देती हूँ।

# डीजो ने सबसे बड़े डिस्प्ले, ज्यादा स्पोटर्स मोड, स्मार्ट फीचर्स, 5एटीएम, एवं विभिन्न रंग के विकल्पों के साथ डीजो वॉच 2 स्पोटर्स लॉन्च की





चंडीगढ़, 3 मार्च, 2022- रियलमी टेकलाईफ ईकोसिस्टम की ओर से, डीजो ने आज डीजो वॉच 2 स्पोटर्स के लॉन्च की घोषणा की। यह सबसे ज्यादा बिकने वाली डीजो वॉच 2 की उत्तराधिकारी है और अपने मूल्य वर्ग में सबसे बड़े डिस्प्ले, पिछली वॉच के मुकाबले 20 प्रतिशत कम वजन, मल्टी-स्पोर्ट ट्रैकिंग फंक्शनलिटी एवं अनेक स्मार्ट फीचर्स के साथ आती है। आज के फैशनप्रेमियों के लिए डिजाईन की गई यह वॉच छः कूल एवं ट्रेंडी कलर विकल्पों में 150 से ज्यादा वॉच फेस और पर्सनलाईजेशन के विकल्पों के साथ आती है। स्पोटर्स एवं फिटनेस प्रेमी व उपभोक्ता इस वॉच में अनेक गतिविधियां, जैसे रनिंग, वॉकिंग, साईक्लिंग, जिमनास्टिक्स, एलिप्टिकल, योगा आदि सामान्य गतिविधियां; क्लाईंबिंग, हॉकी, फुटबॉल, हॉर्स राईडिंग, हाई/लॉंग जंप, अनेक डाँस रूप, ताई ची, मार्शल आर्ट्स, ट्रैंपोलीन आदि जैसी विशेष गतिविधियां चुन सकते हैं। इसके अत्यधिक लाईटवेट एवं आरामदायक स्ट्रैप्स के कारण आप इसे कई दिनों तक आसानी से पहनकर रख सकते हैं और बिना परेशानी इसे पहनकर सो भी सकते हैं। लॉन्च के बारे में अभिलाष पांडा, सीईओ, डीजो इंडिया ने कहा, ह्यहाल ही में काउंटरप्वाईंट रिसर्च द्वारा भारत में शीर्ष 10 स्मार्टवॉच की श्रेणी में आना ब्रांड के लिए एक बड़ा सम्मान है और इसके साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी हमारे कंधों पर आती है। अब हम अपने ग्राहकों को अतुलनीय अनुभव देने के लिए ज्यादा प्रतिबद्ध और तत्पर हैं। डीजो वॉच 2 स्पोटर्स के लॉन्च के साथ हम अपने दोस्तों को सबसे किफायती मूल्य में टेक्नॉलॉजी-पैक्ड फीचर्स प्रदान करके ज्यादा काम करने और ज्यादा देखने में समर्थ बनाना चाहते हैं। मैं यह भी बताना चाहूँगा कि यह वॉच उन लोगों के लिए सर्वश्रेष्ठ है, जो ऐसे स्टाईल में रहना चाहते हैं, जिसे वो कस्टमाईज कर अपने आउटफिट के साथ ऑप्टिमाईज कर सकें तथा जो अपनी स्मार्टवॉच में और ज्यादा फिटनेस फीचर्स पाना चाहते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सैमसंग ने ट्रू 48 एमपी कैमरे के साथ लॉन्च किया गैलेक्सी ए03 स्मार्टफोन





चंडीगढ़ : भारत के सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन ब्रांड सैमसंग ने आज गैलेक्सी ए03 लॉन्च करने की घोषणा की। सैमसंग की ए सीरीज में शामिल हुआ यह नवीनतम सदस्य 6.5ह्लह्ल एचडी+ डिस्प्ले और ह्यलाइव फोकसह्ल के साथ बेहतरीन फोटो खींचने के लिए ट्रू 48एमपी डुअल रियर कैमरे से लैस है। सैमसंग इंडिया के मोबाइल मार्केटिंग में डिप्टी जनरल मैनेजर अक्षय एस. राव ने कहा, इस नए गैलेक्सी ए03 को अफोर्डेबल कीमत पर जबर्दस्त फीचर्स के साथ इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह पूरे बाजार में खलबली मचा देगा। यह स्टाइलिश स्मार्टफोन ट्रू 48एमपी रियल कैमरा, श्रेणी के सबसे बड़े 6.5ह्लह्ल डिस्प्ले, शक्तिशाली प्रोसेसर और लंबा चलने वाली 5000 एमएएच बैटरी के साथ सबसे अलग है। गैलेक्सी हमारे उन उपभोक्ताओं के लिए एक संपूर्ण पैकेज है जो एक साथ नई चीजें तलाशने के प्रति उत्सुक हैं और साथ ही सबसे आगे भी रहना चाहते हैं। गैलेक्सी ए03 ट्रू 48टढरियर कैमरे के साथ आता है जो आपको आपके विशेष पलों में उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें और वीडियो लेने के योग्य बनाता है। इसका 2एमपी डेप्थ कैमरा लाइव फोकस के साथ स्पष्ट पोर्ट्रेट क्लिक करने में मदद करता है और पृष्ठभूमि में एक स्वाभाविक ब्लर इफेक्ट लेकर आता है। गैलेक्सी ए03 के 5एमपी फ्रंट कैमरे में ब्यूटी मोड है जो आपको सिर्फ एक क्लिक में सोशल मीडिया के लिए तैयार कर देता है। गैलेक्सी ए03 में शानदार ग्रुप सेल्फी खींचने के लिए ह्यस्मार्ट सेल्फी एंगलह्ल फीचर भी है जो फ्रेम में बहुत सारे चेहरों की पहचान करते ही अपने आप वाइड एंगल में स्विच कर जाता है।

### फंसा कर्ज दिसंबर तिमाही में 1.50 प्रतिशत बढ़कर 6.80 प्रतिशत पर पहुंचा

मुंबई, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मानकों में संशोधन होने से गैर-बैंकिंग कर्जदाताओं की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (जीएनपीए) यानी फंसा कर्ज दिसंबर तिमाही में 1.50 प्रतिशत बढ़कर 6.80 प्रतिशत पर जा पहुंचा। रिपोर्ट में कहा कि आरबीआई के मानकों में अगर बदलाव नहीं हुआ रहता, तब गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के जीएनपीए में अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 0.30 प्रतिशत का सुधार दर्ज किया गया होता। हालांकि एनबीएफसी के जीएनपीए में आने वाले समय में गिरावट आने की संभावना है। वित्तीय कंपनियों के संग्रह प्रक्रियाओं में मजबूती लाने और आर्थिक गतिविधि के भी सुधरने से जीएनपीए सुधरने की उम्मीद है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एनबीएफसी के जीएनपीए पर यह असर आरबीआई के नियमों में दो अहम बदलाव होने का नतीजा है। आरबीआई के परिपत्र ने एनपीए की गणना महीने के अंत में करने के बजाय दैनिक आधार पर करना जरूरी कर दिया। इसके अलावा एनपीए के उन्नयन में सख्ती बढ़ाने से भी असर पड़ा है। रिपोर्ट कहती है कि आरबीआई के परिपत्र का असर अलग-अलग खंडों में अलग है, और स्वर्ण ऋण खंड मजबूत बना हुआ है। वहीं वाहन वित्त खंड में इसका प्रभाव इतना अधिक था कि एनपीए पांच प्रतिशत अंक तक बढ़ गया। आरबीआई ने गत 15 फरवरी को एनपीए मानकों के निर्धारण के बारे में एक और परिपत्र जारी किया है।

# ऑडी इंडिया ने अपने सभी मॉडलों की कीमतें बढ़ाई



चंडीगढ़ /लुधियाना जर्मन लग्जरी कार निमार्ता ऑडी ने आज भारत में अपने सभी मॉडलों की कीमतों में 3% तक की बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। बढ़ती इनपुट लागत की वजह से कीमतों में वृद्धि की गई है और बढ़ी हुई कीमतें 01 अप्रैल, 2022 से लागू होंगी। 1 अप्रैल 2022 से भारत में ऑडी मॉडल रेंज की एक्स-शोरूम कीमतें 3% तक बढ़ जाएगी, बढ़ती इनपुट लागत की वजह से कीमतों में बढ़ोतरी की गई है। ऑडी इंडिया के प्रमुख श्री बलबीर सिंह ढिल्लन ने कहा, ह्लऑडी इंडिया में, हम एक स्थायी व्यापार मॉडल के संचालन के लिए प्रतिबद्ध हैं। इनपुट की बढ़ती लागत और बदलती विदेशी मुद्रा दरों के साथ, हमें अपनी सभी कारों की कीमतों में 3% तक की वृद्धि किए जाने की जरूरत है।ह्लह्ल ऑडी इंडिया के मौजूदा लाइन-अप में पेट्रोल से चलने वाली ऑडी ए4, ऑडी ए6, ऑडी ए8 एल, ऑडी क्यू2, ऑडी क्यू5 और हाल ही में लॉन्च हुई ऑडी क्यू7, ऑडी क्यू8, ऑडी एस5 स्पोर्टबैक, ऑडी आरएस5 स्पोर्टबैक, ऑडी आरएस7 स्पोर्टबैक और शानदार ऑडी आरएस क्यू8 कार शामिल हैं। ई-ट्रॉन ब्रांड के तहत इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो में ऑडी ई-ट्रॉन 50, ऑडी ई-ट्रॉन 55, ऑडी ई-ट्रॉन स्पोर्टबैक 55 और भारत की पहली इलेक्ट्रिक सुपरकार, ऑडी ई-ट्रॉन जीटी और ऑडी आरएस ई-ट्रॉन जीटी सहित एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है।

# मोर्टिन ने 5 साल बाद एक बार फिर पेश किया अपना वर्षों पुराना दुश्मन 'लुई'



चंडीगढ़/लुधियाना/जालंधर/अमृतसर, 04 मार्च, 2022: दुनिया के प्रमुख पेस्ट कंट्रोल ब्रांडों में से एक, मोर्टिन ने अपने वर्षों पुराने नेमसिस - लुई को अपने नए अवतार लुई द मॉस्किटो के रूप में एक बार फिर से लॉन्च किया है। नया और अधिक पावरफुल ब्रांड मेस्कॉट- लुई पांच साल के बाद भारतीय दर्शकों के लिए फिर से पेश किया गया है।


वन हेल्थ, वन प्लेनेट, वन फ्यूचर के लिए मोर्टिन की प्रतिबद्धता के साथ, यह 2030 तक भारत को मलेरिया मुक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करता है। आज के समय में 95% से अधिक भारतीय आबादी को मच्छर से पैदा होने वाली बीमारियों की चपेट में आने का खतरा है, लुई की वापसी से मोर्टिन को इन कीड़ों के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करने के लिए आज के युवाओं तक पहुंचने में मदद मिलेगी।

एक बार फिर इसे लॉन्च करने पर बात करते हुए, श्री सौरभ जैन, रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर, हाईजीन, रेकिट-साउथ एशिया ने कहा, ह्लमच्छर दिनों दिन स्ट्रांग हो रहे हैं; उनके खतरे ने पिछले कुछ वर्षों में वेक्टर जनित रोगों के प्रसार में भारी वृद्धि की है। हम पहले से जिद्दी हो चुके और बीमारी का कारण बने कीटों और मच्छरों के बारे में जागरूकता पैदा करने में मदद करने के लिए लुई को वापस ला रहे हैं।ह्न

हवास ग्रुप के चेयरमैन और चीफ क्रिएटिव ऑफिसर बॉबी पवार ने कहा, ह्लएडवरटाइजिंग के इतिहास में लुई सबसे चर्चित पात्रों में से एक है। वह तबाही लाने वाला है। यह एक क्रिएटिव मैग्निफायर है जो एक सार्थक तरीके से आपकी आंखों को आकर्षित करता है और जिज्ञासा पैदा करता है। पिछले कुछ वर्षों में कीटों की धारणा में बदलाव आया है - वे अधिक ढीठ हो गए हैं, और साथ ही अधिक जिद्दी हो गए हैं। लुई इन सभी में बेहद प्रभावशाली दिखाई देता है। और मोर्टिन इन कीटों से मुकाबला करने के लिए तैयार है।ह्व

# फवाद खान और सनम सईद अभिनीत जिंदगी की नई सीरीज की शूटिंग एक रोमांचक मोड़ पर खत्म हुई

फवाद खान और सनम सईद अभिनीत जिंदगी की सर्वाधिक बहुप्रतीक्षित सीरीज की शूटिंग हाल ही में पूरी हो गई है। इस सीरीज का अभी तक कोई नाम नहीं रखा गया है। इसमें एक पारिवारिक पुनर्मिलन के साथ जादुई यथार्थवाद और अलौकिक कल्पना का मेल दिखाया गया है। मशहूर निर्देशक असीम अब्बासी द्वारा निर्देशित इस सीरीज की शूटिंग कराची और हुन्जा.की खूबसूरत घाटियों में हुई है। असीम अब्बासी ने इंस्टाग्राम पर शूटिंग पूरी होने की घोषणा की



और अपनी टीम से मिले शानदार सहयोग के लिये उनका शुक्रिया अदा किया।

असीम अब्बासी ने कहा, ह्ययह मेरे लिये एक बेहद निजी प्रोजेक्ट है। इसकी शूटिंग में 5 महीने से भी ज्यादा का समय लगा और यह मेरी जिंदगी का एक सबसे चुनौतीपूर्ण एचं संतोषजनक अनुभव भी रहा है। इस सीरीज से जुड़े लोगों ने बेहतरीन काम किया है और अपने कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। हालांकि, शूटिंग के सारे ही दिन रोमांचक थे, लेकिन खासतौर से आखिरी दिन ऐक्शन से भरपूर रहा। मुझे याद है कि हम जिस कार से शूटिंग करने वाले थे, वह काम नहीं आई और इसलिये हमें मेरी पर्सनल कार का इस्तेमाल करना पड़ा। शूटिंग के दौरान, फवाद को वाकई में रबर को जलाना पड़ा, क्योंकि उन्हें एक सिंगल लेन रोड पर एक यू-टर्न लेना था। यह शॉट एकदम परफेक्ट था, लेकिन अब मुझे नये टायर्स लेने पड़ेंगे।ह्यह्न

# एचयूएल का नया कैंपेन रुबिन बॉय एक बेहतर कल के लिए कूड़ा अलग करने का देता है संदेश

चंडीगढ़ : भारत में रोजाना हजारों टन कूड़ा लैण्डफिल्स, नदियों और समुद्रों में डाला जाता है। हालांकि देश में अपशिष्ट प्रबन्धन के लिए कई सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं, किंतु नागरिकों की ओर से सामुहिक प्रयासों की बात करें तो इस दिशा में बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। इसी के मद्देनजर हिंदुस्तान युनिलिवर लिमिटेड (एचयूएल) ने एक कैंपेन का लॉन्च किया है, जो लोगों को अपने घरों में कूड़ा अलग करने का संदेश देता है और सुनिश्चित करता है कि यह कूड़ा पर्यावरण में जाने के बजाए सर्कुलर इकोनोमी में जाकर समा जाए। इस अभियान ह्यबिन बॉयह्ल को एक बालनायक ह्यअप्पूह्ल के साथ पेश किया गया है जो आम नागरिकों को अपने व्यवहार में बदलाव लाने के लिए प्रेरित करता है, उनसे अपील करता है कि अपने घर से निकलने वाले कूड़े को पूरी जिम्मेदारी के साथ घर में या रिहायशी सोसाइटियों में ही अलग करें। प्रेरणादायी एवं विचारोत्तेजक शब्दों में यह अभियान संदेश देता है कि हर तरह के कूड़े को मिलाना पर्यावरण के लिए कितना गंभीर हो



सकता है। ऐसे में इस दिशा में जल्द से जल्द कदम उठाना समय की मांग है। अभियान के बारे में बात करते हुए संजीव मेहता, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, हिंदुस्तान युनिलिवर लिमिटेड ने कहा, ह्यह्यकूड़े को अलग करने की आवश्यकता आज से जितनी गंभीर पहले कभी न थी। एचयूएल में हमने इस संदर्भ में अपनी भूमिका को पहचाना और हम सरकार एवं एजेन्सियों के साथ मिलकर इस दिशा में सकारात्मक प्रभाव लाने के लिए काम कर रहे हैं। हम समुदायों को स्वच्छता एवं जीरो-वेस्ट सर्कुलर इकोनोमी के लक्ष्य हासिल करने के लिए सशक्त बनाते हैं। समाज में इस बदलाव को लाने में बच्चे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। हमारा मानना है कि बालनायक के साथ हमारा यह नया अभियान आम नागरिकों को एकजुट होकर हरित एवं अपशिष्ट से रहित कल के निर्माण के लिए प्रेरित करेगा।

# राजबब्बर व पूनम ढिल्लों की फिल्म 'उमरां च की रखिया' आ रही है चौपाल ओटीटी पर

चंडीगढ़ : राज बब्बर व पूनम ढिल्लों की पंजाबी फिल्म ह्यउमरां च की रखियाह्ल इसी महीने 11 मार्च को चौपाल ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में गुरजेज सिंह ने भी अभिनय किया है। फिल्म के डायरेक्टर सिमरजीत सिंह हैं। बैकराउंड स्कोर जयदेव कुमार और गुरचरण सिंह ने दिया है। फिल्म में संगीत की बात करें तो गुरमोह का कम्पोज किया हुआ ह्यजुबान पेह्ल और एमी विर्क का ह्यहां करगीह्ल युवाओं को खूब पसंद आएगा। डायरेक्टर सिमरजीत सिंह ने कई हिट फि ल्में जैसे डैडी कूल-मुंडे फूल, अंग्रेज, चक जवाना, मर गए ओ लोको बनाई हैं। उम्मीद है कि ह्यउमरां च की रखियाह्ल भी सबको पसंद आएगीचौपाल ओटीटी ने रीजिनल कंटेंट को प्रमोट करने में अहम भूमिका निभा रहा है। पिटारा चैनल के मैनेजिंग डायरेक्टर संदीप बंसल का कहना है कि चौपाल ओटीटी पर पंजाबी, हरयाणवी व भोजपुरी कंटेंट रिलीज किया जाता है। वर्ष 2021 में चौपाल ओटीटी पर 31 मूवीज और वेब सीरीज लांच हुई। इनमें पंछी, प्लीज किल मी, सीप, डस्टबिन और रेंजज जैसी फिल्मों को दर्शकों ने खूब पसंद किया है। इस साल भी 10 से अधिक फिल्में रिलीज की जाएंगी, जो यकीनन दर्शकों को दिमाग पर अपनी अमिट छाप छोड़ेंगी।



# आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने 9M-F2022 के दौरान 982 करोड़ रु. मूल्य के कोविड-19 संबंधित दावों का निपटारा किया

गुडगाँव। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस का दावा निपटान अनुपात वित्त वर्ष 2021 के दौरान 97.9% था और कंपनी को गैर-जांच किए गए मृत्यु दावों को निपटाने में औसतन 1.4 दिन लगे। वित्त वर्ष 2022 को समाप्त 9 महीने के लिए, कंपनी ने रु। 982 करोड़ मूल्य के कोविड -19 संबंधित दावों का निपटारा किया। दावों के निपटान की प्रक्रिया सहित ग्राहक सेवा को तेज, सुरक्षित और ग्राहकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए, विशेष रूप से महामारी के दौरान, कंपनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग जैसी डिजिटल तकनीकों का उपयोग कर रही है।, रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (RPA) और ऑप्टिकल





कैरेक्टर रिकग्निशन (OCR)। RPA और OCR जैसी तकनीकों का उपयोग हामीदारी, दावों के मूल्यांकन, नीतियों को बेचने या नवीनीकृत करने और अनुकूलित ऑफर की पेशकश के लिए भी किया जा रहा है। ग्राहक सेवा अनुरोधों को शुरू करने और समाप्त करने, आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने और प्रीमियम भुगतान प्रमाणपत्र डाउनलोड करने के लिए व्हाट्सएप, मोबाइल ऐप, वेबसाइट, चैटबॉट लीगो इत्यादि जैसे किसी भी डिजिटल टच-पॉइंट का उपयोग कर सकते हैं।

श्री आशीष राव, ईवीपी और चीफ- कस्टमर एक्सपीरियंस एंड ऑपरेशंस, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने कहा, 'हमारी सभी डिजिटलाइजेशन पहलों का उद्देश्य ग्राहकों को सशक्त बनाना और उन्हें परेशानी मुक्त अनुभव प्रदान करना है। प्रौद्योगिकी ने प्रक्रियाओं को कुशल बना दिया है और सुनिश्चित किया है कि ग्राहक अपने घरों के आराम और सुरक्षा से अपनी नीतियों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और 90% से अधिक सेवा अनुरोध अब स्व-सहायता प्रकृति के हैं। दावे सच्चाई का क्षण है और डिजिटलीकरण ने एक घर्षण मुक्त दावा निपटान प्रक्रिया सुनिश्चित की है। एक ग्राहक-केंद्रित संगठन के रूप में, हमने 'ग्राहक पहले' दर्शन को अपनाया है और संवेदनशीलता और गति के साथ सभी कोविड -19 संबंधित दावों का निपटारा कर रहे हैं। व्हाट्सएप, मोबाइल ऐप, वेबसाइट और चैटबॉट लीगो जैसे हमारे डिजिटल समर्थक दावों को दर्ज करने और ट्रैक करने के लिए एक सुरक्षित और सुविधाजनक मार्ग प्रदान करते हैं।

# एनिमेटेड फि ल्म टर्निंग रेड दिखाती है टीन्स के विविधतापूर्ण व्यक्तित्व का रोचक पक्ष

चंडीगढ़ :मिडिल स्कूल की समस्याएं, बदलता शरीर और उफनते हार्मोन डिज्नी और पिक्सर की आगामी एनिमेटेड फि ल्म टर्निंग रेड की थीम है। डोमी शी के निर्देशन में बनी इस फि ल्म में बढ़ते हुए टीन्स के विविधतापूर्ण व्यक्तित्व का रोचक पक्ष दिखाया गया है। हाईपरएक्टिव से लेकर मोनोटोनस होने तक, इस फि ल्म में प्रिया के किरदार में इस बढ़ते हुए बच्चों को खूबसूरती से दिखाया गया है। इस किरदार को अपनी आवाज कैनेडियन अभिनेत्री, मैत्रेयी रामकृष्णन ने दी है। प्रिया के किरदार में उतरने और उसके सिग्नेचर अडिग व्यक्तित्व को निभाने के बारे में इस अभिनेत्री ने बताया कि प्रिया का किरदार किस प्रकार वास्तविक जीवन में बिल्कुल उसके जैसा है। अपनी मौलिकता को अंगीकार करने और सच्ची दोस्ती की दिलचस्प कहानी देखिए, जिसमें प्रिया और उसके दोस्त ह्यटर्निंग रेडह्ल के पलों का सामना करतेहैं, केवलडिज्नी+ हॉटस्टार पर 11 मार्च को इंग्लिश, हिंदी, तमिल, तेलुगू और मलयालम में। अपने अनुभव के बारे में अभिनेत्री मैत्रेयी रामकृष्णन ने कहा, ह्यमुझे रिकॉर्डिंग के वक्त प्रिया का रफ स्केच देखने पर अपनी पहली प्रतिक्रिया याद है।ह्लमैं यह देखकर बहुत उत्साहित थी कि वह बिल्कुल मेरे जैसी है - मैं उसके घने बालों, छिदी हुई नाक, चश्मे और मामूली आई बैग्स की बात कर रही हूँ, जो शायद पिछली रात ज्यादा लंबे समय तक जागते रहने के कारण हैं ! मैं जब मिडिल स्कूल में थी, तब प्रिया जितनी कूल और शांत नहीं थी, लेकिन एक दोस्त के लिए हम दोनों ही हमेशा तैयार रहते हैं।



# शेन वॉर्न ने लेग स्पिन से बदला क्रिकेट का परिदृश्य : आईसीसी



दुबई, एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा है कि शेन वार्न ने लेग स्पिन की कला से क्रिकेट के परिदृश्य को बदल दिया है। जब भी वार्न किसी खेल में शामिल होते हैं, तब मैदान पर प्रशंसक अपनी सीटों से चिपके रहते थे। वार्न का 52 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।

एलार्डिस ने वॉर्न के निधन पर दुख व्यक्त कर कहा कि मैदान पर और बाहर उनके प्रभाव को पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा। शेन के निधन की खबर सुनकर मैं दंग रह गया। वह खेल के एक दिग्गज थे, जिन्होंने लेग-स्पिन की कला से क्रिकेट के परिदृश्य को बदल दिया। मैदान के बाहर उनका योगदान भी उल्लेखनीय था, जहां उन्होंने युवा खिलाड़ियों और विशेष रूप से लेग स्पिनरों के साथ अपना समय और अनुभव इतनी उदारता से साझा किया। उन्होंने कमेंट्री बॉक्स में सफल करियर भी स्थापित किया, जहां पर उनके व्यावहारिक और स्पष्ट विचार थे। एलार्डिस ने कहा, उन्हें बहुत याद किया जाएगा और इस कठिन समय में हम उनके परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के साथ हैं।

वॉर्न ने 1992 में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया, जो अब तक के सबसे सफल लेग स्पिनर बन गए। उन्होंने 145 टेस्ट खेले, जिसमें 708 विकेट के साथ 37 बार पांच विकेट लिए। 194 एकदिवसीय मैचों में, वार्न ने 293 विकेट झटके। वॉर्न को 2013 में आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था और2007 में समाप्त हुए 15 साल के करियर में उनकी अद्वितीय उपलब्धियों के लिए विजडन के पांच क्रिकेटरों में से एक के रूप में उन्हें नामित किया गया था।

उन्होंने 1999 में ऑस्ट्रेलिया को आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप जीतने में मदद की और एशेज क्रिकेट में किसी भी अन्य गेंदबाज की तुलना में अधिक विकेट लिए, जिसकी संख्या 195 थी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद, वार्न आईपीएल फ्रेंचाइजी टीम के कप्तान और कोच के रूप में शामिल हो गए। राजस्थान रॉयल्स ने लीग के उद्घाटन सीजन में खिताब के लिए उनका मार्गदर्शन किया। वार्न को एक कमेंटेटर के रूप में भी सफलता मिली और उन्हें खेल के सबसे तेज विश्लेषकों में से एक माना जाता था।

# कोहली के 100वें टेस्ट मैच में जडेजा का शानदार शतक



मोहाली, एजेंसी। भारतीय टीम के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने मोहाली के मैदान पर विराट कोहली के 100वें टेस्ट मैच में दमदार खेल दिखाया। उन्होंने अपने टेस्ट करियर का दूसरा शतक ठोका। साथ ही उन्होंने अपने इंटरनेशनल करियर की सबसे बड़ी पारी खेली। अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनका हाई स्कोर 100 रन था, लेकिन अब वे आंकड़े को पार करने में सफल हो चुके हैं।

बाएं हाथ के बल्लेबाज जडेजा ने 160 गेंदों में 10 चौके की मदद से अपना दूसरा टेस्ट शतक पूरा किया। साथ ही उनके बल्ले से तलवार बाजी भी देखने को मिली। जडेजा अक्सर अपना अर्धशतक और शतक पूरा करने के बाद अपने बल्ले से तलवारबाजी जैसे करतब दिखाते नजर आते हैं। इसी मुकाबले में अर्धशतक पूरा करने के बाद भी उन्होंने तलवारबाजी वाला सेलिब्रेशन किया था।

जडेजा ने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक साल 2018 में राजकोट के मैदान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था। ये उनके इंटरनेशनल करियर का पहला शतक था। वे वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में अभी तक एक भी बार शतकीय पारी नहीं खेल पाए हैं। हालांकि, घरेलू क्रिकेट में उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 10 और लिस्ट ए क्रिकेट में 2 शतक ठोके हुए हैं। वे निचले क्रम पर बल्लेबाजी करते हैं।

जडेजा उस समय बल्लेबाजी करने उतरे थे, जब टीम इंडिया के 5 विकेट 228 रन पर गिर चुके थे। इसके बाद उन्होंने रिषभ पंत के साथ 104 रन की साझेदारी की और फिर आर अश्विन के साथ उन्होंने पारी को आगे बढ़ाया। अश्विन और जडेजा के बीच 130 रन की साझेदारी हुई। रवींद्र जडेजा टेस्ट क्रिकेट में काफी समय के बाद वापसी कर रहे थे और उन्होंने खुद को बल्ले से साबित कर दिखाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सरफराज और अरमान का शतक, मुंबई 400 रन के पार

नई दिल्ली, एजेंसी। रणजी ट्रॉफी के तीसरे राउंड के मुकाबले हो रहे है। एलीट ग्रुप की सभी टीमों के लिए यह मैच बेहद महत्वपूर्ण है। इस आधार पर उनके नॉकआउट में पहुंचने पर फैसला होना है। मैच के दूसरे दिन मुंबई ने ओडिशा के खिलाफ 3 विकेट पर 259 रन बना लिए थे। सरफराज खान 107 रन बनाकर खेल रहे हैं। ओडिशा ने पहली पारी में 284 रन बनाए। यानी मुंबई को पहली पारी में बढ़त लेने के लिए सिर्फ 26 रन की जरूरत है। वहीं एक अन्य मैच में चेतेश्वर पुजारा की टीम सौराष्ट्र ने पहली पारी में 347 रन बनाए। जवाब में गोवा ने 4 विकेट पर 239 रन बना लिए हैं।


### विश्व कप मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमों ने मार्श तथा वार्न को दी श्रद्धांजलि

हैमिल्टन, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीमों ने शनिवार को यहां विश्व कप मैच से पहले रॉड मार्श और शेन वार्न के सम्मान में ब्लैक आर्म बैंड पहना और एक मिनट का मौन रखा। ऑस्ट्रेलियाई महान खिलाड़ी मार्श और वार्न दोनों का 24 घंटे के भीतर निधन हो गया। 74 वर्षीय मार्श का दिल का दौरा पड़ने से निधन हुआ, वहीं वार्न का भी 52 वर्ष की आयु में एक संदिग्ध दिल का दौरा पड़ने से शुक्रवार को निधन हो गया। वॉर्न ने 1992 में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। वह अब तक के सबसे सफल लेग स्पिनर थे। उन्होंने 145 टेस्ट खेले, जिसमें 708 विकेट लिए। इस दौरान उन्होंने एक पारी में 37 बार पांच विकेट और 10 मर्तबा 10 विकेट लिए थे। 194 एकदिवसीय मैचों में वार्न ने 293 विकेट झटके। वहीं मार्श ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से 96 टेस्ट और 92 एकदिवसीय मैच खेले।

### बेलग्रेड फीडे ग्रां प्री शतरंज-2022 स्पर्धा में भारत के विदित का शानदार आगाज

बेलग्रेड, एजेंसी। प्रतिष्ठित बेलग्रेड फीडे ग्रां प्री शतरंज-2022 स्पर्धा के दूसरे चरण का खेल शुरू हो चुका है और इस बार भारत के ग्रांड मास्टर विदित गुजराती एक नए रंग में नजर आ रहे है। विदित ने अब तक खेले गए अपने दोनों मुकाबले जीतकर बेहतरीन आगाज किया है।

## बहिष्कार की बजाय रूसी खिलाड़ी के खिलाफ उतरी यूक्रेन की स्वितोलिना, पोटापोवा को दी करारी शिकस्त



मैक्सिको सिटी, एजेंसी। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध छिड़ा हुआ है। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव और खारकीव समेत कई प्रमुख शहरों को लगातार निशाना बना रहा है। खेल जगत में रूस का जमकर विरोध हो रहा है। फीफा ने वर्ल्ड कप से रूस को बाहर कर दिया है, तो कई फेडरेशन ने भी रूस को निलंबित कर दिया है। ऐसे में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने मैच का बहिष्कार करने के बजाय रूस की खिलाड़ी अनास्तासिया पोटापोवा के खिलाफ मैदान पर उतरी और मुकाबले में करारी शिकस्त दी।

मॉन्टेरी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में स्वितोलिना ने रूस की अनास्तासिया पोटापोवा को 6-2, 6-1 से हरा दिया। शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वितोलिना ने इससे पहले कहा था कि जब तक पुरुष और महिलाओं के अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों को इंटरनेशनल टूर्नामेंट्स में अपने देश का नाम, ध्वज और राष्ट्रगान का उपयोग करने से नहीं रोकते, वह इन देशों के खिलाड़ियों के खिलाफ नहीं खेलेंगी।

टेनिस की संचालन संस्थाओं ने इसके बाद बयान जारी करके कहा था कि रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों को खेलने की अनुमति दी जाएगी, लेकिन वे अपने राष्ट्रीय ध्वज का इस्तेमाल नहीं कर सकते। स्वितोलोना ने कहा कि आज मेरे लिये विशेष मैच था। मैं बहुत दुखी थी लेकिन मुझे खुशी है कि मैं यहां खेल रही हूं। मेरा पूरा ध्यान खेल पर था। मैं अपने देश के लिए एक मिशन पर थी।

# भारतीय टेनिस खिलाड़ी भांबरी और रामकुमार ने एकल मुकाबलों में डेनमार्क पर दर्ज की जीत

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी और रामकुमार रामनाथन, दिल्ली जिमखाना क्लब में जारी डेविस कप वर्ल्ड ग्रुप प्ले ऑफ टाई मुकाबले में अपने-अपने मैच जीतने में सफल रहे। डेनमार्क के खिलाफ खेले गए इन दोनों मुकाबले में पहले रामकुमार रामनाथन ने क्रिस्टियन सिग्सगार को सीधे सेटों में हरा दिया। रामकुमार ने इस मैच डेनिस खिलाड़ी सिग्सगार को 6-3, 6-2 से हराया। इसके बाद दूसरे मुकाबले में युकी भांबरी ने डेनमार्क के ही मिकेल टॉरपेगार्ड को शिकस्त देने में सफल रहे। डेनमार्क के खिलाफ मिली इन दो जीत के चलते भारत 2-0 की लीड लेने में सफल रहा। रामनाथन ने कम उछाल वाले ग्रास कोर्ट पर डेनिश खिलाड़ी की कमजोरी का पूरा फायदा उठाते हुए अपने प्रतिद्वंदी को टिकने नहीं दिया। मैच के दौरान कई बार डेनमार्क के खिलाड़ी ने वापसी की कोशिश की लेकिन वह रामनाथन से पार नहीं पा सके। दोनों खिलाड़ियों के बीच यह मुकाबला 59 मिनट तक चला इस दौरान सिग्ससार ने कई गलतियां की जिसका फायदा भारतीय खिलाड़ी को मिला।

क्रिस्टियन ने शुरूआती सेट के दूसरे गेम में तीन डबल फाल्ट किए, लेकिन रामकुमार इस मौके को भुना नहीं सके। इस दौरान रामकुमार ने रिटर्न के लिए बैकहैंड स्लाइस का इस्तेमाल कर अपने सर्विस गेम पर भरोसा किया। मैच के दौरान दोनों खिलाड़ियों को बीच लंबी-लंबी रैली देखने को मिली लेकिन बाद में सिग्ससार भारतीय खिलाड़ी के आगे कोई कमाल नहीं कर सके। रामनाथन ने 824वें रैंक वाले इस खिलाड़ी को सीधे सेटों में मात दी।

इस मैच के थोड़ी देर बाद युकी भांबरी ने डेनमार्क के मिकेल टॉरपेगार्ड के खिलाफ 6-4, 6-4 से जीत के साथ टाई के पहले दिन के अंत में भारत को 2-0 की मजबूत बढ़त दिलाने में सफल रहे। भांबरी 2017 के बाद से अपना पहला डेविस कप टाई खेल रहे हैं। इस बीच उन्होंने 305वें नंबर के खिलाड़ी की शुरूआती गेम में सर्विस तोड़ी। इस मैच के दौरान दोनों खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। भांबरी पहला सेट 6-4 से जीतने में सफल रहे। वहीं, दूसरे सेट में भी डेनिस खिलाड़ी ने एक बार फिर उन्हें कड़ी टक्कर दी। लेकिन भांबरी ने सूझबूझ दिखाते हुए दूसरा सेट भी 6-4 से अपने नाम किया।

## इमाम और अजहर का विकेट लाने के लिए तरसे कंगारू गेंदबाज
## पैट कमिंस ने पार्ट टाइम गेंदबाज भी उतारा



रावलपिंडी, एजेंसी। पाकिस्तानी रावलपिंडी टेस्ट में बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रही है। पहले दिन के नाबाद शतकवीर इमाम उल हक और अजहर अली ने शानदार बल्लेबाजी की। दोनों ने अपने दमदार प्रदर्शन के चलते ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी को बौना साबित कर दिया। पाकिस्तान का एक मात्र विकेट अब्दुल्लाह शफीक के रूप में मैच के पहले दिन गिरा था। शफीक 44 रन बनाकर आउट हुए थे। उसके बाद इमाम और अजहर ने अपनी सूझबूझ भरी पारियों के चलते कंगारू गेंदबाजों के नाकों चने चबवा दिए। पाकिस्तान की साझेदारी तोड़ने के लिए कप्तान पैट कमिंस ने अपने पार्ट टाइम गेंदबाजों से भी बॉलिंग करवा दी, लेकिन उनका कोई भी पैंतरा काम नहीं आया। लंच के बाद इमाम आउट हुए। लेकिन इससे पहले इमाम साथी बल्लेबाज अजहर के साथ 200 से अधिक रनों की साझेदारी कर चुके थे। कुल मिलाकर रावलपिंडी टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज विकेट के लिए तरस रहे हैं।

इमाल और अजहर ने बहुत हद तक पाकिस्तान को सुरक्षित स्थिति में पहुंचा दिया है। दूसरे दिन के भोजनावकाश तक मेजबानों ने 1 विकेट पर 302 रन बनाए थे। इमाम 157 रन बनाकर आउट हुए, वहीं अजहर शतक जड़कर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से देखा जाए, तब मिचेल स्टार्क, जोस हेजलवुड, नाथन लियोन और पैट कमिंस जैसे गेंदबाजों ने लंबे-लंबे स्पेल किए। लेकिन इन दोनों पाकिस्तानी बल्लेबाजों की साझेदारी नहीं तोड़ सके। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक ने इस टेस्ट मैच में अपने करियर की सर्वोच्च पारी खेली। हालांकि क्रिकेट के सबसे बड़े फॉर्मेट में यह उनका पहला शतक है। उन्होंने साल 2018 में आयरलैंड के खिलाफ अपने टेस्ट करियर का आगाज किया था। इमाम पाकिस्तान के लिए अब तक 11 टेस्ट खेल चुके हैं। इससे पहले टेस्ट में उनका सर्वोच्च स्कोर 76 रन था। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अजहर अली ने अपना 19वां शतक जड़ा। अजहर के टेस्ट रिकॉर्ड पर नजर डाली जाए, तब वह 91 टेस्ट मैचों में 6721 रन बना चुके हैं।

# बांग्लादेश को हराकर विश्व कप में द.अफ्रीका की शानदार शुरूवात

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण अफ्रीका ने महिला क्रिकेट विश्व कप 2022 के अपने पहले मुकाबले में बांग्लादेश को हराकर शानदार शुरूआत की है। ड्युनेडिन में हुए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेश के सामने 208 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में बांग्लादेश की टीम 3 गेंद बाकी रहते 175 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह दक्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेश को 32 रन से हरा दिया। इस जीत से दक्षिण अफ्रीका को पूरे 2 अंक मिले। इसके पहले कप्तान निगार सुल्ताना ने टॉस जीतकर द.अफ्रीका को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। द.अफ्रीका ने मरिजाने कैप के 42 और ओपनर लॉरा वॉल्वार्ट के 41 रन के दम पर 49.5 ओवर में 207 रन बनाए। चोले ट्रायोन ने 39 रन का योगदान दिया, जबकि कप्तान सुन लुस 25 रन बनाकर आउट हुई। बांग्लादेश की ओर से फारिया त्रिशना ने 3 जबकि जोहनारा आलम और रितु मोनी ने दो-दो विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेशी टीम शरमीन अख्तर के 34 और सुल्ताना के 29 रन के बावजूद 175 रन ही बना सकी। बांग्लादेशी टीम अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा सकी। टीम की ओर से सुल्ताना और अख्तर ने पहले विकेट के लिए अर्धशतकीय शुरूआत दिलाई थी। दोनों ने 69 रन की साझेदारी की लेकिन बाद के बल्लेबाज नियमित अंतराल पर विकेट देते चले गए। बांग्लादेश को इस रन संख्या तक पहुंचाने में साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों का भी अहम रोल रहा, जिन्होंने इस दौरान 22 अतिरिक्त रन दिए। द.अफ्रीका की ओर से अयाबोंगा खाका ने सबसे ज्यादा 4 विकेट चटकाए, जबकि मासाबा क्लास ने 2 विकेट झटके। खाका को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# शेन वार्न के नाम पर रखा जाएगा मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउन्ड के ग्रेट सदर्न स्टैंड का नाम





मेलबर्न, एजेंसी। ऑस्ट्रेलियाई महान गेंदबाज शेन वार्न के सम्मान में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में ग्रेट सदर्न स्टैंड का नाम बदलकर एस के वार्न रखा जाएगा। थाईलैंड में महान स्पिनर का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 52 वर्ष के थे। उनके सम्मान में एमसीजी के ग्रेट सदर्न स्टैंड का नाम बदलकर एसके वार्न रखा जाएगा।

विक्टोरिया के प्रधानमंत्री डेनियल एंड्रयूज ने इस संबंध में ट्वीट किया मैंने वार्न परिवार को सूचित किया है कि सरकार शेन वार्न के क्रिकेट में महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें सम्मानित करेगी और एमसीजी के सदर्न स्टैंड का नाम बदलकर शेन वार्न स्टैंड रखा जाएगा, जहां उन्होंने अपनी हैट्रिक और 700वां विकेट लिया था।

उन्होंने कहा एसके वार्न स्टैंड इस महान खिलाड़ी के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसके अलावा ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट आइकन के परिवार को उनके राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार की भी पेशकश की गई है। एंड्रयूज ने कहा शेन वार्न की उपलब्धियां उनकी प्रतिभा, अनुशासन और खेल के प्रति उनके जुनून को दर्शाती थी, लेकिन शेन वार्न ऑस्ट्रेलियाई लोगों के लिए इससे कहीं अधिक सम्मान योग्य थे। उन्होंने कहा वह दिग्गजों खिलाड़ियों में से एक थे। सभी उनसे प्यार करते थे। हम सभी उनके निधन से दुखी हैं। रॉड मार्श के निधन के एक दिन बाद ऐसा होगा, इसकी कोई कल्पना नहीं कर सकता था। वॉर्न ने 1992 में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने 145 टेस्ट खेले। इस दौरान उन्होंने 708 विकेट लिए। वहीं 194 एकदिवसीय मैचों में वार्न ने 293 विकेट चटकाए।

## विराट-रोहित समेत सभी खिलाड़ियों ने जताया दुःख, वॉर्न की याद में काली पट्टी बांधकर उतरे खिलाड़ी



मोहाली, एजेंसी। भारत और श्रीलंका के बीच मोहाली टेस्ट के दूसरे दिन का खेल शुरू हो गया है। मैच के पहले दिन भारतीय टीम ने 6 विकेट पर 356 रन बना लिए थे। भारत और श्रीलंका के बीच पहले दिन का खेल समाप्त होने के कुछ घंटे बाद ही ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर शेन वॉर्न का निधन हो गया। 52 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ने की वजह से वॉर्न का निधन हो गया। इससे पूरा क्रिकेट जगत सदमे में है। मोहली में भारत और श्रीलंका के बीच टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले दोनों टीमों ने शेन वॉर्न को श्रद्धांजलि दी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज रॉडनी मार्श का निधन भी शुक्रवार को ही हुआ।

खिलाड़ियों ने मौन धारण करके दोनों को याद किया। इसके साथ ही भारतीय टीम के खिलाड़ी इन दोनों के श्रद्धांजलि देने के लिए अपने बांह पर काली पट्टी लगाकर खेलने उतरे। श्रीलंका टीम के खिलाड़ियों के हाथों पर भी काली पट्टी बंधी है। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा शेन वॉर्न के जाने की खबर ने दुखी कर दिया। हम सभी क्रिकेट में उनके योगदान को समझते हैं। वह गेंद से अद्भुत कारनामे करते थे।

विराट कोहली ने कहा पिछले रात शेन वॉर्न के निधन की खबर मिली। हम अपने जीवन में सब कुछ कर रहे होते हैं और अपनी परेशानियों के बारे में सोचते हैं। लेकिन जल्दी समझ में आता है कि जीवन काफी अप्रत्याशित है। 52 साल की उम्र में गुजरना पूरी तरह से विश्वास से परे है। मैं अविश्वास और सदमे में हूं। वह ईमानदार आदमी थे। उन्हें जानने के लिए आभारी हूं। वे क्रिकेट का खेल खेलने वाले महानतम स्पिनर। कहने की जरूरत नहीं है कि उनकी कमी महसूस होगी। मैं गहरी संवेदना व्यक्त करताहूं। भगवान उसकी आत्मा को शांति दे। उधर, न्यूजीलैंड में महिला वनडे वर्ल्ड कप के मुकाबले खेले जा रहे हैं। शनिवार को ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच मुकाबला हुआ। मैच में ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की खिलाड़ी अपने हाथ पर दो काली पट्टी बांध कर मैदान में उतरीं। एक शेन वॉर्न और दूसरी रॉडनी मार्श के लिए।

# शेन वार्न का राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा अंतिम संस्कार

मेलबोर्न, एजेंसी। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने शनिवार को घोषणा की कि दिग्गज स्पिनर शेन वार्न का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा, जबकि देश के क्रिकेट बोर्ड ने इस महान खिलाड़ी के सम्मान में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) के एक स्टैंड का नाम उनके नाम पर रखने का फैसला किया है। क्रिकेट जगत के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक वार्न का शुक्रवार को थाईलैंड में निधन हो गया। माना जा रहा है कि उन्हें रात में उस समय दिल का दौरा पड़ा, जब वह रात में अपने होटल में थे।

मॉरिसन ने कहा कि वार्न के आकस्मिक निधन से आस्ट्रेलियाई सकते में हैं तथा संघीय और विक्टोरिया सरकार, क्रिकेट आस्ट्रेलिया और उनके परिवार द्वारा हमारे सर्वकालिक महानतम क्रिकेटरों में से एकद्ध का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। मॉरिसन ने कहा वार्न की राष्ट्रीय उपलब्धियों को देखते हुए उनके परिवार के पास राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार की पेशकश की जाएगी। यह वार्न के परिवार के साथ परामर्श से किया जाएगा।

इस बीच एमसीजी (मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड) में ग्रेट सदर्न स्टैंड का नाम भी वार्न के नाम पर रखने का फैसला किया गया। विक्टोरिया के पर्यटन और खेल मंत्री मार्टिन पाकुला ने विक्टोरिया के प्रधानमंत्री डैनियल एंड्रयूज, एमसीजी ट्रस्ट के अध्यक्ष स्टीव ब्रैक्स और एमसीसी के सीईओ स्टुअर्ट फॉक्स के साथ परामर्श करने के बाद शनिवार की सुबह यह घोषणा की। पाकुला ने कहा हम ग्रेट सदर्न स्टैंड का नाम बदलकर एसके वार्न स्टैंड रखेंगे और हम जितनी जल्दी संभव हो, ऐसा करेंगे।

वार्न ने अपना 700वां विकेट एमसीजी पर ही लिया था। इसके अलावा उन्होंने इस मैदान पर हैट्रिक भी बनाई थी। स्टेडियम के बाहर इस दिग्गज की प्रतिमा पहले से लगी हुई है। वार्न को श्रद्धांजलि देने के लिए लोग उनकी प्रतिमा के आसपास एकत्र हुए और वहां पर पुष्प, क्रिकेट की गेंद, बियर, सिगरेट आदि चढ़ाए। क्रिकेट विक्टोरिया भी वार्न के सम्मान में जंक्शन ओवल में एक स्टैंड का नाम बदलने की योजना बना रहा है।

प्रधानमंत्री मॉरिसन ने वार्न को याद करते हुए कहा कि वह हमारे देश के सबसे महान लोगों में से एक थे। उनका हास्य, उनका जुनून, उनकी बेपरवाही, उनकी सहजता ने सुनिश्चित किया कि उन्हें सभी का प्यार मिले। उन्होंने कहा शेन जैसा कोई नहीं था। उन्होंने अपना जीवन अपने तरीके से जिया। उनकी उपलब्धियां विशिष्ट थी, लेकिन उन्हें कुछ चीजों के लिये पछतावा भी था। वे इनके साथ ही आगे बढ़े।

## रवींद्र जडेजा के शानदार बल्लेबाजी के दम पर टीम ने दिया 574 रन लक्ष्य

माहोली, एजेंसी। मोहाली टेस्ट में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 574 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। रवींद्र जडेजा ने नाबाद 175 और मोहम्मद शमी ने नाबाद 20 रन बनाए।

मोहाली टेस्ट में रवींद्र जडेजा ने तूफानी पारी खेलकर पहली बार डेढ़ शतक यानी 150 रन बनाए हैं। यह उपलब्धि उन्होंने 211 बॉल पर हासिल की। जडेजा ने मोहम्मद शमी के साथ 9वें विकेट के लिए फिफ्टी की पार्टनरशिप की। मोहाली टेस्ट की पहली पारी में भारत का स्कोर 500 के पार चला गया है। रवींद्र जडेजा ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर रहे हैं। रवींद्र जडेजा ने यहां अपने करियर का दूसरा शतक पूरा किया, जिसके बाद से ही उन्होंने रनों की रफ्तार बढ़ा दी। रवींद्र जडेजा तेजी से 150 के स्कोर के पास पहुंच रहे हैं। लंच के बाद भारत को झटका लगा जयंत यादव सिर्फ 2 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद भारत का स्कोर 471 रनों पर 8 विकेट हो गया है।

स्पिन ऑलराउंडर जडेजा ने मोहाली टेस्ट में कमाल की पारी खेली। उन्होंने करियर का दूसरा शतक जड़ दिया है। जडेजा ने शतक के लिए 160 गेंदें खेलीं। उन्होंने अश्विन के साथ 7वें विकेट के लिए 174 बॉल पर 130 रन की पार्टनरशिप भी की। भारतीय टीम को 462 रन के स्कोर पर 7वां झटका लगा। यहां रविचंद्रन अश्विन 61 रन बनाकर पवेलियन लौटे। सुरंगा लकमल ने उन्हें कैच आउट कराया। अश्विन की जगह जयंत यादव बल्लेबाजी करने आए, स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने टेस्ट करियर की अपनी 12वीं फिफ्टी पूरी कर ली है। इन्होंने रवींद्र जडेजा के साथ मिलकर 7वें विकेट के लिए शतकीय साझेदारी भी की। इसी के साथ भारत का स्कोर 450 रन के पार भी पहुंचा दिया। मोहाली टेस्ट के दूसरे दिन खेल शुरू होने से पहले दोनों टीम के खिलाड़ियों ने थोड़ी देर मौन धारण कर ऑस्ट्रेलिया लीजेंड शेन वॉर्न और रोडनी मार्श को श्रद्धांजलि दी। दोनों का निधन 4 मार्च को ही हुआ है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# आहार में जरूरी फाइबर



आपने बैलेंस डाइट लेने के बारे में हजारों बार सुना होगा, बैलेंस डाइट यानी कि संतुलित आहार और इस आहार में वे सारी चीजें आती है, जिसकी हमारे शरीर को स्वस्थ रहने के लिए जरूरत होती है जैसे कि प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन, मिनरल और फाइबर आदि। फाइबर यानी कि रेशे युक्त भोजन, कई बार लोग इसे अपनी डाइट में शामिल करना भूल जाते हैं।

- रेशा प्रिबायोटिक है। इससे कोलोन में मित्र बैक्टीरिया में वृद्धि होती है।
- फाइबर एक महत्वपूर्ण एंटीऑक्सीडेंट होता है।
- डाइट में लिया गया फाइबर बुरे कॉलेस्ट्रॉल को भी बढ़ने से रोकता है।
- रेशे वाला भोजन खाने की संतुष्टि देता है। इससे पेट भरा रहता है।
- इसके विपरीत रेशे रहित पदार्थ मैदा इत्यादि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं।
- फल, सब्जी, साबुत अनाज और दालों से फाइबर प्राप्त किया जा सकता है। भारतीय भोजन में फाइबर मौसमी फल, रोटी, सब्जी, तुअर दाल, उड़द दाल, मूंग की दाल, राजमा आदि से प्राप्त हो सकता है।
- रेशा या फाइबर पेट को साफ रखने में मदद करता है। सिर्फ इतना ही नहीं भोजन में पर्याप्त फाइबर, डाइबिटीज, कैंसर, हृदय रोग और मोटापे को भी दूर रखता है।

# ब्रेकफास्ट करने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

ब्रेकफास्ट हमारे शरीर के लिए बहुत ही जरूरी होता है। दूसरी ओर कुछ लोगों का मानना है कि ब्रेकफास्ट करने और न करने से कोई भी अंतर नहीं पड़ता है। इस संदर्भ में मेदांता द मेडिसिटी, गुडग़ांव की चीफ न्यूट्रिशनिस्ट एवं डायबिटीज एजूकेटर शुभदा भनोत कहती हैं कि अगर आप स्वस्थ रहना चाहती हैं तो हर दिन बगैर किसी अवरोध के ब्रेकफास्ट करना बहुत आवश्यक है। ब्रेकफास्ट करने वाले लोगों का ब्रेकफास्ट न करने वाले लोगों की तुलना में न केवल शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है और वजन भी नियंत्रित रहता है। ब्रेकफास्ट करने से बॉडी फिट और स्लिम रहती है। साथ ही दिमागी तनाव भी नहीं होता है। रात में सात-आठ घंटे की नींद लेने के बाद सुबह ब्रेकफास्ट लेना इसलिए आवश्यक है क्योंकि इससे शरीर के मेटाबॉलिज्म को सुचारु रूप से सक्रिय करने में मदद मिलती है।



# पांच विंटर स्पेशल आउटफिट्स बनाएंगे आपको अधिक स्टाइलिश

ठंड का मौसम फैशन के लिए एकदम मस्त सीजन है। गर्मी और बारिश के मुकाबले यह मौसम हर तरह से अनुकूल है। इसमें आप ड्रेस को बहुत अच्छे से पहन सकते हैं। कई बार आइडिया नहीं होने पर कुछ समझ नहीं आता है कि ठंड में किस तरह की ड्रेस पहनें, वेस्टर्न, इंडियन, इंडो वेस्टर्न पर किस तरह की ड्रेस पहनना चाहिए। तो चलिए आज ठंड के अनुसार अपनी वॉर्डरोब को भी अपडेट कर लीजिए – ताकि इस सर्दी सीजन में आप स्टाइलिश और खूबसूरत दिख सकें।

**ब्लेजर -** ब्लेजर सदाबहार है। आप इसे हर तरह के आउटफिट पर आराम से पहन सकते हैं। यह शॉर्ट ड्रेस के साथ बूट्स, साड़ी, शर्ट, टॉप, लहंगा, स्कर्ट सभी पर आराम से पहन सकते हैं। इसकी खासियत है कि यह स्टाइलिश लुक देता है।

**वूलन लेगिंग -** विंटर में वूलन लेगिंग यह पहनने में कंफर्टेबल और स्टाइलिश दोनों है। ठंड में जींस में आरामदायक नहीं होती है। इसकी जगह वूलन लेगिंग पहन सकते हैं। यह कलरफुल भी आती है। आपको लॉन्ग टॉप, कुर्ता, ब्लेजर आराम से पहन सकते हैं। साथ ही इसके साथ किसी भी तरह के फुटवियर भी पहन सकती हैं।

**स्कार्फ** - ठंड के सीजन में स्कार्फ को अलग - अलग तरह से पहन कर स्टाइलिश लुक दिया जा सकता है। आप इंडो वेस्टर्न, वेस्टर्न, टॉप, शॉर्ट्स पर भी स्कार्फ डाल सकते हैं।

**स्वेटशर्ट -** अगर आप सिर्फ सिंपल लुक पसंद करते हैं तो स्वेटशर्ट बेस्ट ऑप्शन है। इसे आप वुलन लैगिंग पर भी पहन सकती हैं। और इसके स्टॉल जो आपको परफेक्ट वेस्टर्न लुक देगा। साथ ही आप शूज, हाई हिल या बूट्स पहन सकती है।

**ग्लब्स -** अगर आपको हाथ में बहुत ठंड लगती है तो आप अलग-अलग ग्लव्स जरूर रखें। ताकि वेस्टर्न, साड़ी, फंकी ड्रेस के अनुसार ग्लव्स पहन सकों। क्योंकि लेदर ग्लव्स आप सभी ड्रेस पर नहीं पहन सकते हैं। और वह आपके स्टाइल स्टेटमेंट पर सवाल भी खड़ा कर सकते हैं।



# पेट के रोगों के लिए अचूक औषधि हरड़



हरड़ का वैसे तो कई चीजों में उपयोग होता है। लेकिन हरड़ आपके शरीर के कई रोगों को भी दूर कर सकता है। कुछ लोग इसे माउथफ्रेशनर की तरह भी इस्तेमाल करते हैं। आइये जानते हैं हरड़ के नुस्खे जो आपके लिए बहुत उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। हरड़ का काढ़ा त्वचा संबंधी एलर्जी में लाभकारी है। हरड़ के फल को पानी में उबालकर काढ़ा बनाए और इसका सेवन दिन मे दो बार करें इससे आपको एलर्जी में जल्द आराम मिलता है।

### हरड़ नुस्खे के फायदे

- मुंह में सूजन होने पर हरड़ के गरार करने से फायदा मिलता है।
- इसका लेप भी फायदे मंद होता है।
- हरड़ का चूर्ण दांतो के लिए फायदेमंद है।
- हरड़ का इस्तेमाल बाल काले करने के लिए भी होता है
- हरड़ को नारियल तेल के साथ इस्तेमाल करने पर यह बालों को और चमकाता हैं।
- हरड़ को कब्ज़ को दूर करने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है।
- हरड़ पुराने से पुराने कब्ज के लिए रामबाण औषधि है ।

# सेहत का खजाना अनार के पत्ते



**बहुत से फल, फूल, पौधे और जड़ी बूटियों का इस्तेमाल सदियों से दवा के रूप में किया जाता है, अनार के पत्ते भी उन्हीं में एक हैं। इससे सेहत को कई फायदे मिलते हैं। अनार के पत्तों में वो सभी जरूर पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर के बेहतर कामकाज के लिए जरूरी हैं।**

### अनार के पत्तों के पोषक तत्व

इसके पत्तों में विटामिन ए, कैल्शियम, विटामिन डी, विटामिन सी, आयरन और मैग्नीशियम जैसे तत्व पाए जाते हैं। यह सभी तत्व बेहतर सेहत के लिए जरूरी हैं।

### कैसे करें अनार के पत्तों का इस्तेमाल

अनार के पत्तों का इस्तेमाल सलाद, फलों और सब्जियों के साथ स्मूदी या जूस में, कढ़ी, पास्ता सॉस या सूप जैसे व्यंजनों में पालक विकल्प के रूप में कर सकते हैं। इसके अलावा आप अनार के पत्तों की चाय भी बना सकते हैं। चलिए जानते हैं अनार के पत्ते आपके लिए किस तरह फायदेमंद हो सकते हैं।

### एक्जिमा से राहत के लिए

गार्डन डॉट इको के अनुसार, एक्जिमा त्वचा की सबसे घातक बीमारी है। इससे ग्रस्त व्यक्ति लगातर खुजली और जलन से परेशान हो जाता है। कई बार तो गंभीर घाव भी हो जाते हैं और शरीर पर लाल चकत्ते पड़ने लगते हैं। यह रोग वंशानुगत रूप से भी होता है। ऐसा माना जाता है कि इस चर्म रोग से छुटकारा पाने के लिए आप अनार के पत्तों को पीसकर लगा सकते हैं जिससे आपको कुछ दिनों में आराम मिलना शुरू हो सकता है।

### भूख बढ़ाने के लिए

आयुर्वेदिक चिकित्सा में, इनका उपयोग भूख बढ़ाने और पाचन समस्याओं के लिए किया जाता है। आजकल खराब जीवनशैली और शारीरिक गतिविधियों के कम होने से बहुत से लोगों को भूख नहीं लगती है जिसकी वजह से वो कम खाते हैं। भूख बढ़ाने के लिए आपको अनार के पत्तों का इस्तेमाल करना चाहिए।

### पिंपल्स से छुटकारा

अनार की पत्तियां फफोले से जल्द छुटकारा दिला सकती हैं। इसका पेस्ट बना लें या अनार के दानों को पीसकर फुंसियों पर लगाएं। आपको इससे लाभ मिलेगा। अनार का जूस एक बेहतरीन टोनर है, जो रोम छिद्रों को बंद करता है और आपकी त्वचा को सुंदर बनाता है।

### पाचन क्रिया बनती है मजबूत

पाचन क्रिया खराब होने पर भोजन पूरी तरह से पचता नहीं है, जिसके कारण शरीर को पर्याप्त पोषण नहीं मिल पाता। इसका मतलब यह है कि यह समस्या कई गंभीर बीमारीयों का कारण बन सकती है। बिना अच्छे पाचन तंत्र के सेहतमंद रहना मुश्किल है। पाचन तंत्र को मजबूत बनाने के लिए आपको अनार के पत्तों का इस्तेमाल करना चाहिए।

### कान के दर्द में फायदेमंद

अनार के पत्ते भी कान के दर्द के लिए मददगार होते हैं। इसके पत्तों को अच्छी तरह से धोने के बाद, इसे पीसकर इसमें थोड़ी मात्रा में तिल या सरसों मिलाएं। इस मिश्रण की कुछ बूंदें अपने कान में डालने से आपको फायदा होगा।

### अनिद्रा के लिए

नींद से संबंधित परेशानियों में सबसे पहले ज़िक्र होता है अनिद्रा का। भागदौड़ भरी जिंदगी और तनाव के कारण अधिकतर लोग अनिद्रा की समस्या के शिकार हैं। अनिद्रा के कई कारण हो सकते हैं। इसके लक्षणों में रात में सोने में कठिनाई, रात के दौरान जागना, दैनिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने में समस्या, नींद और थकावट महसूस होना शामिल हैं। इससे बचने के लिए आप अनार के पत्तों की चाय पी सकते हैं।

### पेट दर्द और दस्त के लिए

अनार के पत्ते पाचन प्रक्रिया के लिए फायदेमंद होते हैं। अगर आप पेट दर्द और इससे जुड़ी अन्य समस्याओं से पीड़ित हैं, तो अनार के पत्तों का सेवन दवा के रूप में किया जा सकता है। इनमें मौजूद पोषक तत्व और खनिज पाचन को उत्तेजित करने में मदद करते हैं, जिससे आपके शरीर को पर्याप्त ऊर्जा मिलती है, साथ ही यह अपच और दस्त की परेशानी को दूर कर सकता है। इसके लिए आप अनार के पत्तों की चाय ले सकते हैं।

# इन तरीकों से रखें अपने हाथों का ख्याल

### बादाम और शहद

मिक्सी में 5 से 8 बादाम को अच्छी तरह से पीस लें। अब इस पाउडर को कटोरी में रखें और इसमें एक चम्मच शहद और एक चम्मच दूध मिलाएं। अब इन्हें अपने दूसरे हाथ की मदद से हाथों पर लगाएं और मसाज की तरह स्क्रब करें। 10 मिनट में आपके हाथ की डेड स्किन बाहर आ जाएगी और स्किन ग्लो करने लगेगी।

आपके पास अगर सी सॉल्ट है तो उसे एक कटोरी में लें और इसमें नींबू का रस मिलाएं। इसका एक गाढ़ा पेस्ट बना लें। अब इसमें एक चम्मच ऑलिव ऑयल मिलाएं और अपने हाथों पर अप्लाई करें और मसाज करें। कुछ देर लगातार ऐसा करने पर हाथ सुंदर और मुलायम हो जाएंगे।



### चीनी और ऑलिव ऑयल

एक कटोरी में 5 चम्मच चीनी, 2 बड़े चम्मच ऑलिव ऑयल और 2 बूंद लैवेंडर एसेंशियल ऑयल को अच्छी तरह से मिलाएं और साफ हाथ पर अच्छी तरह से अप्लाई करें। कुछ देर रुककर दूसरे हाथ से इन्हें मालिश करें। लगातार मालिश करते रहने पर आप देखेंगे कि आपकी डेड स्किन बाहर आने लगी है साथ ही आपके हाथ शाइन करते और ब्राइट भी लग रहे हैं। इन्हें 15 मिनट बाद धोकर पोछें। आपके हाथ खूबसूरत नजर आएंगे।

### ओटमील और दूध

एक कटोरी में 1 चम्मच शहद और 2 चम्मच ओटमील मिलाएं। इसमें एक चम्मच कच्चा दूध मिलाएं। इसे 5 मिनट ऐसे ही छोड़ दें। अब इसे अच्छी तरह से अपने हाथों की त्वचा पर फैलाएं और मसाज करें। यह आपकी स्किन को नॉरिश भी करेगी और डेड स्किन भी बाहर निकालेगी।

# विटामिन सी से भरपूर फ्रूट्स




**विटामिन सी की कमी होने पर सीधा असर आपके इम्यून सिस्टम पर पड़ता है, हड्डियां कमजोर होने लगती, शरीर में कमजोरी महसूस होती है। लेकिन कई बार कुछ फल ऐसे होते हैं जिन्हें खाने से थकान दूर हो जाती है और कुछ ही पल में एनर्जी भी आ जाती है। विटामिन सी की कमी होने पर दूसरी बीमारियां भी जन्म लेने लगती है। जिससे शरीर धीरे–धीरे कमजोर पड़ने लगता है। संतरा और नींबू के अलावा अन्य किन फलों में विटामिन सी पाया जाता है, साथ ही ज्यादा महंगे भी नहीं हो। आइए जानते हैं–**

### पपीता

पपीता में विटामिन सी भी मौजूद होता है। इससे वजन ही कम नहीं किया जाता है बल्कि इम्यूनिटी भी बढ़ाता है।

### अमरूद

अमरूद में भी विटामिन सी प्रचूर मात्रा में पाया जाता है। इसके सेवन से इंफेक्शन का खतरा भी कम होता है।

### आम

जी हां आम सीजन के शुरुआत में थोड़े महंगे जरूर होते हैं लेकिन गर्मी के सीजन में कम दाम में उपलब्ध हो जाते हैं। इसमें भी विटामिन सी मौजूद होता है। सीमित मात्रा में सेवन करने से पाचन शक्ति अच्छी होती है।

### आंवला

आंवले में भी विटामिन सी मौजूद होता है। उसका सेवन भी मुरब्बा बनाकर सालभर किया जा सकता है। इसके सेवन से बाल, आंखों की रोशनी, नाखून भी बढ़ते हैं।

### अंगूर

अंगूर में भी अन्य विटामिन के साथ विटामिन सी भी मौजूद होता है। इसके सेवन से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल होता है। त्वचा के लिए भी काफी लाभदायक होता है।

# लौंग से पाएं इन प्रॉब्लम से छुटकारा



- लौंग एक प्राकृतिक दर्द निवारक हैं और साथ ही यह रोगाणु से भी बचाता हैं। भुना हुआ लौंग गले की खराश से छुटकारा पाने में मदद करता है।
- लौंग बहुत तीव्र होता हैं, घाव के इलाज के लिए जैतून के तेल में थोड़ा-सा लौंग का तेल मिलाकर घाव पर लगाने से आप घाव से बहुत जल्द छुटकारा पा सकते हैं।
- भुने हुए लौंग का सेवन करने से आप उल्टी, दस्त, आंत्र गैस और पेट के दर्द आदि प्रॉब्लम से छुटकारा पा सकते हैं।

# बढ़ती उम्र पर लगाएं लगाम

**अगर आप बढ़ती उम्र पर लगाम लगाने के साथसाथ अपने सौंदर्य में भी निखार लाना चाहती हैं, तो जानिए इस फेशियल की खूबियां। बढ़ती उम्र पर लगाम लगाने की चाह हर महिला की होती है और इस चाह को पूरा करने के लिए वह ब्यूटी ट्रीटमैंट के तौर पर फ्रूट फेशियल, चौकलेट फेशियल व औक्सी फेशियल की तकनीक अपनाती है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि वाइन भी आप की बढ़ती उम्र पर लगाम लगाने के साथसाथ आप के सौंदर्य को बढ़ाने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है? आप हैरान हो रही होंगी कि भला वाइन खूबसूरती निखारने व बढ़ती उम्र पर लगाम लगाने में कैसे मददगार हो सकती है? आप जैसी अनेक महिलाओं की वाइन फेशियल से जुड़ी इस जिज्ञासा को दूर करने का प्रयास किया दिल्ली प्रैस भवन में आयोजित गृहशोभा की फेब मीटिंग में ब्यूटी ऐक्सपर्ट मीनू अरोड़ा ने। मीनू अरोड़ा ने वाइन फेशियल के फायदे बताते हुए इसे करने का तरीका भी बताया।**

**वाइन फेशियल प्रक्रिया:** वाइन फेशियल में इस्तेमाल किए जाने वाले काले अंगूरों में मुख्यरूप से विटामिन ई, ऐंटोसिनो साइड्स, पौलीफेनोल, प्रोसिया निडोल्स और ऐंटीऔक्सीडैंट्स जैसे तत्त्व पाए जाते हैं। वाइन के ऐंटीसैप्टिक होने के कारण वह त्वचा में आने वाली सूजन व झुर्रियों को भी कम करती है। इतना ही नहीं, त्वचा की डैड स्किन निकालने में भी मदद करती है।


**क्लींजिंग व स्क्रबिंग:** अन्य फेशियलों की तरह वाइन फेशियल की शुरुआत भी क्लींजिंग, स्क्रबिंग व टोनिंग से की जाती है। त्वचा की क्लींजिंग के लिए थोड़े से कच्चे दूध में 2 छोटे चम्मच ऐप्पल वाइन, 2 बूंदें रैड वाइन और गुलाब की पत्तियों की पीस कर मिलाएं और अच्छी तरह मिक्स करें। फिर कौटन बौल की सहायता से इस से त्वचा की क्लींजिंग करें। इस से त्वचा को मिनरल्स मिलते हैं। इस के बाद 200 एमएल गरम पानी में 1 छोटा चम्मच बोरिक ऐसिड मिला कर घोल बनाएं। उस घोल में कौटन भिगो कर चेहरे को हौट कंप्रेशन दें। इस से त्वचा के ब्लैकहैड्स व व्हाइटहैड्स निकलने में मदद मिलेगी। इस के बाद रोजवाटर का टोनर लगाएं ताकि ओपन पोर्स बंद हो जाएं। अब एकदम ठंडे नारियल पानी में कौटन डुबो कर चेहरे पर कोल्ड कंप्रेशन दें।



**मसाज:** ऐलोवेरा जैल में रैड वाइन मिक्स कर के 3 मिनट तक गैलवेमिक नैगेटिव व 3 मिनट तक गैलवेनिक पौजिटिव मसाज दें। आप चाहें तो मसाज मिक्सचर में विटामिन ई औयल भी डाल सकती हैं। गैलवेनिक मसाज देते समय ग्रेप्स जूस भी चेहरे पर डालती रहें।

**पैक:** अंत में गौज को रैड वाइन में डुबो कर चेहरे पर रखें व ऊपर से काले अंगूरों का पल्प लगाएं। 10 मिनट बाद पैक को उतार दें। इस पैक से त्वचा के उत्तक तो रिपेयर होते ही हैं, साथ ही त्वचा को टाइटनिंग इफैक्ट भी मिलता है। अंत में चेहरे पर सनब्लौक क्रीम या सनस्क्रीन लगाएं। सनस्क्रीन लगाने से सनबर्न व टैनिंग होने की संभावना कम हो जाती है।

**त्वचा के अनुसार करें वाइन का चुनाव:** अलगअलग प्रकार की त्वचा के लिए अलगअलग तरह की वाइन का प्रयोग किया जाता है। जहां तैलीय त्वचा के लिए रैड वाइन बेहतर रहती है और वह ऐलोवेरा मिला कर प्रयोग की जाती है, वहीं सूखी त्वचा के लिए व्हाइट वाइन में मौजूद अल्फा हाइड्रौक्सी ऐसिड्स त्वचा के लिए असरदार साबित होते हैं। इस से त्वचा मुलायम होती है। अगर त्वचा सैंसिटिव हो तो व्हाइट वाइन में गुलाबजल और बादाम का पेस्ट भी मिलाया जाता है। रैड वाइन में मौजूद ऐंटीऐजिंग तत्त्व त्वचा को रिजुवनेट और डिहाइड्रेट करते हैं। यही नहीं ये पिगमैंटेशन को रोकते हुए ऐजिंग प्रोसैस पर भी लगाम लगाते हैं।



# मूंग,मोठ, सोयाबीन सहित ये अन्य चीजें भिगोकर खाएं

**ठंड के दिनों में भूख बहुत लगती है। लेकिन जल्दी–जल्दी में कुछ भी खा लेते हैं। ऐसे में कुछ भी खाने की गंदी आदत से बचने के लिए अंकुरित दाल खाने के बेहतरीन लाभ आपको मिलते हैं। विटामिन ए, बी, सी, के, डी इनमें भरपूर पाया जाता है। सेहत और सौंदर्य दोनों लिहाज से ये आपके लिए बेहतर है। अंकुरित अनाज में कैल्शियम, फास्फोरस, पोटेशियम, मैग्नीशियम, आयरन का बेहतरीन विकल्प है। अंकुरित अनाज में फोलेट, ओमेगा–3, फैटी एसिड भरपूर पाया जाता है। आइए जानते हैं 4 अनाज जिन्हें आप भिगोकर खा सकते हैं –**

### अंकुरित मूंग

रोज एक कटोरी अंकुरित मूंग का सेवन करना चाहिए। इससे आपको फाइबर, पोटेशियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम, आयरन,विटामिन बी6 मिलता है। इसमें प्रोटीन प्रचुर मात्रा में होता है। एक कटोरी अंकुरित मूंग का सेवन करने से एसिडिटी की समस्या से निजात मिलेगी, आंखों के लिए बेहद लाभकारी, इम्यूनिटी बूस्ट करें, शरीर में तरावट बनी रहती है।

### अंकुरित चना

अंकुरित चने में प्रोटीन, फाइबर, कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम, आयरन, मिनरल, विटामिन जरूरी पोषक तत्व होते हैं। इसका सेवन करने से सबसे पहले अधिक खाने की आदत पर लगाम लगता है। कब्ज से राहत मिलती है, हीमोग्लोबिन बढ़ता है। त्वचा से जुड़ी परेशानियों मेंराहत मिलती है। एनर्जी का भी अच्छा स्त्रोत है।

### अंकुरित मोठ या मटकी

अगर आप मोठ नहीं खाते हैं तो अंकुरित मोठ या मटकी जरूर खाएं। ये विटामिन और मिनरल्स का सबसे अच्छा स्त्रोत है। इसका सेवन करने से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। मांसपेशियां मजबूत होती है, तनाव कम होता है। अगर आप ब्लड प्रेशर के मरीज है तो अपनी डाइट में अंकुरित मोठ जरूर शामिल करें।



### अंकुरित सोयाबीन

अंकुरित सोयाबीन का सेवन बहुत कम लोग करते हैं लेकिन अगर आप अंकुरित नहीं खा सकते तो उसमें प्याज, टमाटर,और ककड़ी भी मिक्स कर सकते हैं। यह प्रोटीन का सबसे बेहतर विकल्प है। इससे इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन सी होता है। शरीर के टिशू, सेल्स को बेहतर करने में मदद करता है। अंकुरित सोयाबीन खाने से कोलेस्ट्रॉल कम होता है, आयरन का बेहतरीन स्त्रोत है, वजन घटाने का बेहतरीन उपाय है और ठंड में हड्डियों को मजबूत करता है। अगर आप हाइपरटेंशन के मरीज है तो आपको अंकुरित सोयाबीन का सेवन करना चाहिए।

**आज की रेसिपी**

# पालक सूप



यहां दो सुपर बोरिंग दा चीजों को मिलाकर यहा स्वादिष्ट और हेल्दी सूप तैयार किया गया है. इसमें आपको ओट्स और पालक की गुडनेस के साथ लौंग और लहसुन का स्वाद भी मिलेगा.

**सामग्री :**

- 1 टेबल स्पून जैतून का तेल
- 1 गुच्छा पालक
- 2 टेबल स्पून ओट्स
- 2-3 लहसुन की कली, टुकड़ों में कटा हुआ
- 2 हरे टमाटर, टुकड़ों में कटा हुआ
- 2 लौंग
- नमक और काली मिर्च
- नींबू का रस

**विधि :**

- एक पैन में जैतून का तेल गर्म करें. 2 से 3 मिनट के लिए लौंग, लहसुन, ओट्स, हरे टमाटर को और इसे भूनें.
- उबला, कटा हुआ पालक डालें और एक मिनट के लिए भूनें. 3 कप पानी डालें. नमक और काली मिर्च डालें. इसमें उबाल आने दें.
- सूप को ठंडा होने दें. एक बार पर्याप्त ठंडा होने के बाद, इसे स्मूद ब्लेंड कर लें. सही स्थिरता के लिए थोड़ा पानी डालें.
- इसे ठंडा या गर्म सर्व करें. थोड़ी ताजी क्रश काली मिर्च छिड़कें और इस पर नींबू निचोड़कर अपने सूप का मजा लें.